फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 97 प्रभात जयपुर, मंगलवार 8 नवम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT

Ode to the Steel Trunk! In the event of any Jawan's death, the trademark trunk containing his belongings with a folded national flag atop, would be handed over to the family.

You're Doing Enough!

World's Best Spicy Foods Some like it hot -- and some like it hotter, still.

वर्ष 1937 में स्पैनिश सिविल वॉर के दौरान नाज़ी जर्मनी और फासिस्ट इटली ने उत्तरी स्पेन के बास्क क्षेत्र के एक कस्बे, गिर्निका पर बमबारी की थी। इन दोनों देशों ने यह हमला राष्ट्रवादी गुट के नेता फ्रांसिस्को फ्रैंको के राष्ट्रवादी घटक के कहने पर किया था। इस हवाई हमले में सैकड़ों नागरिक मारे गए थे, हालांकि मरने वालों की संख्या पर अभी भी भारी विवाद है। इस घटना से विख्यात चित्रकार पाब्लो पिकासो इतने दुखी हुए कि उन्होंने एक विशाल ऑयल पेंटिंग बनाई, जिसका शीर्षक शहर के नाम पर गिर्निका रखा। लगभग 100 वर्ष बाद युद्ध की त्रासदी ने एक और कलाकार को नए सृजन की प्रेरणा दी। सैन डिएगो के एक चित्रकार, दस वर्ष के आंद्रे वैलैन्शिया ने इस वर्ष के आरंभ में एक एब्स्ट्रैक्ट चित्र बनाया और उसे नाम दिया, ''इन्वेज़न ऑफ यूक्रेन।'' ऊपर दिए चित्र में आंद्रे के बाईं तरफ नज़र आ रही इस पेंटिंग के बांए कोने में यूक्रेन के झंडे पर एक रोती हुई आंख बनी है, बीच में रुसी झंडे के साथ एक मशीनगन धारी सैनिक है। पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले इस बच्चे की मां, एल्सा वैलेन्शिया ने बताया, ''आंद्रे अपने कमरे में था और मैं टीवी पर यूक्रेन पर हमले की खबरें देख रही थी। थोड़ी देर बाद मैं उसके कमरे में गई तो मैंने देखा उसने 12 इंच बाय 9 इंच के कैनवास पर एक स्कैच बनाया है और उसमें मार्कर से रंग भर रहा है। मैंने उससे पूछा, यह क्या है, तो वो बोला ''यूक्रेन पर हमला'', मैं स्तब्ध रह गई।'' इस माह के आरंभ में इस चित्र की प्रतियां आर्टिस्ट की वैबसाइट पर सेल के लिए जारी की गईं और इसकी सारी आय यूक्रेन के युवा वर्ग की सहायता कर रहे एक संगठन, क्लिचको फाउण्डेशन को दी गई है। पेंटिंग की ब्रिकी से एक लाख डॉलर की आय हुई है। लेकिन आंद्रे के लिए यह कोई नई बात नहीं है। गत वर्ष दिसम्बर में ''आर्ट मायामी'' में सबसे कम उम्र के कलाकार के रुप में भाग लेकर उसने इतिहास रच दिया था। इसमें उसने तीन दिन में 12 पेंटिंग्स बेची थीं, जिनकी कीमत 5,000 डॉलर से 20,000 डॉलर तक थी। उसके खरीददारों में हॉलिवुड एक्ट्रैस ब्रूक शील्ड्स, सोफिया वेगारा, चैनिंग टेटम, जॉर्डन बैलफोर्ट जैसी नामी हस्तियां हैं। आँद्रे का कहना है कि, उसकी कृतियाँ विख्यात कलाकारों, पिकासो, जाँ मिशैल बास्किया, सैल्वाडोर दली और अमीदेओ मोदीलिआनी से प्रभावित हैं।

यूक्रेन व रूस के बीच मध्यस्थता कराकर भारत सिक्युरिटी काउंसिल की सदस्यता प्राप्त कर लेगा?

रूस व यूक्रेन, दोनों देश भारत की विश्वसनीयता को बहुत ऊंचा आंकते हैं, अतः, न्यूयॉर्क के थिंक टैंकों के अनुसार, भारत मध्यस्थ का रोल बखूबी निभा सकता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिष्ठित स्थायी सीट पर अपनी नज़रे जमा ली हैं क्योंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराने की दिशा में चतुराई से आगे बढ़ रहा है। लगता है कि शांति स्थापना कराने वाला एक प्रमुख खिलाड़ी बनने और दुनिया का सबसे बड़ा संकट हल करने का उत्साह प्रधानमंत्री मोदी की इतिहास में भारत के सबसे महान नेताओं में से एक के रूप में याद किए जाने की महत्वाकांक्षा से प्रेरित हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज अपना मॉस्को दौरा शुरू किया। उनकी यात्रा और रूस तथा यूक्रेन के बीच शांति स्थापना पर जोर देने वाली भारत की संभावित भूमिका पर विदेश नीति के थिंक टैंक्स और कूटनीतिज्ञों द्वारा नज़दीकी से नज़र रखी जा रही है।

न्यूयॉर्क टाइम्स (एन.वॉय.टी.) के अनुसार भारत सरकार के अधिकारी यह पहले ही चर्चा करते रहे हैं कि जब भी उचित समय होगा, भारत शांति स्थापना के प्रयासों के लिए कौनसी भूमिका निभाएगा।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, भारत के विदेश मंत्रालय के उच्च स्तर के अफसरों में भारी चर्चा व मंथन, इस बात पर शुरु हो चुका है कि, भारत कैसे दोनों देशों, रूस व यूक्रेन के बीच शान्ति स्थापित करने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।**
- **विदेश मंत्री जयशंकर की रूस यात्रा व राष्ट्रपति पुतिन से प्रस्तावित मुलाकात को इसी दिशा में कठोर कदम माना जा रहा है।**
- **भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत, कैनथ जैस्टर ने भी इस संदर्भ में कहा कि, भारत के राजनयिक व कुटनीतिज्ञ, बहुत होशियार हैं और अगर वे यूक्रेन व रूस के बीच शान्ति स्थापित करने में भूमिका निभाने को तैयार हो जायें तो, यह बहुत सुखद समाचार होगा।**
- **प्र.मंत्री की भी महत्वाकांक्षा है कि, भारत शान्ति स्थापित करने के इस प्रयास में सफल हो, जिससे वे भारत के सबसे सफल प्र.मंत्री होने का सफल दावा कर सकें।**

इस प्रकरण से संबंधित मुख्य मुद्दा रूस और यूक्रेन का बातचीत के प्रति अनिच्छुक होना है। यूक्रेन जहां यह महसूस कर रहा है कि उसे युद्ध भूमि में बढ़त प्राप्त है, वहीं रूस बातचीत के मूड़ में नहीं लगता है। तथापि विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने यूक्रेन में वास्तव में जीवन दयनीय बना दिया है, अतः कोई समझौता या युद्ध विराम हो सकता है।

जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय वार्ता की कड़ी में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि दोनों पक्षों की बातचीत में द्विपक्षीय मुद्दों की पूरी श्रृंखला को कवर किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान होगा।

जयशंकर का रशियन फैडरेशन के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार तथा उद्योग मंत्री देनिस मैन्तुरोव और इण्डिया रशिया इन्टर गवर्नमैन्टल कमीशन ऑन ट्रेड, इकोनॉमिक, साईन्टिफिक, टैक्नोलॉजिकल एण्ड कल्चरल को-ऑपरेशन (आई.आर.आई.जी. सी.-टी.ई.सी.) के अपने समकक्ष से भी मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

तेलंगाना के उपचुनाव में भाजपा हारी

पर, मनोबल के लिये यह हार, जीत के बराबर ही थी

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर । तेलंगाना की मुनुगोडे विधानसभा सीट के लिये हुये उपचुनाव जिसे 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले का सेमी-फाइनल माना जा रहा है, के नतीजे बता रहे हैं कि इससे पहले कांग्रेस के पास रही इस सीट को जीतने में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति को पसीने आ गये हैं। जबरदस्त रुप से उभरकर आई भाजपा से मिली कड़ी चुनौती ने दोनों ही प्रतिद्वंदियों- टी.आर.एस. एवं कांग्रेस के लिये एक सबक प्रस्तुत किया है।

सत्तारूढ़ टी.आर.एस. को मामूली से अंतर से मिली जीत उसके लिये चिन्ता का सबब तथा जबरदस्त सत्ता-विरोधी लहर का संकेत दे रही है। टी.आर.एस. को कांग्रेस का आभारी होना चाहिये कि उसने भाजपा के वोट काटे तथा उसका खेल बिगाड़ दिया। कांग्रेस ने 20,000 वोट पाकर अपनी जमानत जब्त करा ली तथा इस उपचुनाव में 10,000 वोटों से भाजपा की हार सुनिश्चित कर दी।

- **भाजपा का उम्मीदवार 10 हजार वोटों से हारा, पर, जीत का कारण था, कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा बीस हजार एन्टी इन्कमबैंसी वोट खींच लेना।**
- **यह नतीजा टी.आर.एस. के लिये जीत के बावजूद खतरे की घंटी है, आगामी 2024 के आम चुनाव की दृष्टि से।**
- **कांग्रेस के लिये भी इस हार में एक सुख की किरण है कि, कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़ने वाले प्रत्याशी को हरवा तो दिया ही।**

जहाँ तक भाजपा का प्रश्न है, वह काँटे के संघर्ष वाले तथा देश के अब तक के सबसे मँहगे चुनाव में रनर अप रही है और साथ ही वह ऐसी धारणा भी निर्मित करती दिखाई दे रही है कि वे एक ऐसी प्रबल राजनैतिक ताकत के रूप में सामने आ सकती है, जो एक परिवार द्वारा चलाई जा रही राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। इसके अलावा, मामूली अंतर से हुई उसकी यह हार अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में उसके लिये एक चुनावी आधार प्रस्तुत कर रही है।

लेकिन उपचुनावों में एक यह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

50 पाक विस्थापित जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, 7 नवम्बर (कासं)। पाक विस्थापितों के पचास लोगों का एक जत्था जोधपुर पहुंचा, लेकिन ये लोग जोधपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आ गए। पूछताछ में सामने आया कि धार्मिक वीजा लेकर हरिद्वार जाने के नाम पर ये लोग भारत पहुंचे, लेकिन वहां जाने के बजाय ट्रेन में बैठ सीधे जोधपुर आ गए। इन लोगो को अपने रिश्तेदारों के यहां रहने को रवाना कर दिया गया है, लेकिन साथ ही पाबंद किया गया है कि वे अपनी आमद को दर्शा दे। डेढ़ माह पूर्व भी कुछ पाक विस्थापित जोधपुर पहुंचे थे।

- **धार्मिक वीज़ा लेकर हरिद्वार के नाम पर भारत आए ये लोग रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आए और इनसे पूछताछ की गई है।**

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से आरक्षण आंदोलन पुनः तेज होगा

आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्ग को शिक्षा व रोजगार में 10 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा अब टूटी है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर । सर्वोच्च न्यायालय ने इकॉनोमिकली वीकर सेक्शंस (इ.डब्ल्यु.एस.) को 10 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के प्रस्ताव पर अपने अनुमोदन की मुहर लगा दी है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने नौकरियों में आरक्षण की पूर्ववर्ती 50 प्रतिशत की सीमा भी समाप्त कर दी है। इस प्रकार कोटा-राजनीति को लेकर विवादों का पिटारा खुल गया है।

मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता वाली पाँच जजों की संविधान पीठ ने आज 3:2 के बहुमत दिये गये अपने फैसले द्वारा, 10 प्रतिशत ई.डब्ल्यु.एस. कोटा के लिये लिये गये 103वें संविधान की पुष्टि कर दी। जजों ने यह कह दिया कि ई.डब्ल्यु.एस. के आरक्षण द्वारा 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा के अतिक्रमण से संविधान के मूलभूत ढ़ाँचे का उल्लंघन नहीं होगा, ''क्योंकि (आरक्षण की) ऊपरी सीमा अपरिवर्तनीय नहीं है।'' लेकिन अपने असहमतिपूर्ण निर्णयों में, मुख्य न्यायाधीश ललित तथा न्यायमूर्ति एस. रविन्द्र भाट ने कहा कि एस.सी./एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समुदायों के गरीबों को ई.डब्ल्यु.एस. कोटा से बाहर रखना

- **कप्पू, जाट, मराठा व पाटीदारों की आरक्षण के लिये जो मांग अभी तक यह कह कर नकार दी गई थी कि, आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। अतः इन समुदायों की आरक्षण की मांग अब पुनः पुरज़ोर ढंग से उठेगी।**
- **अंग्रेजों के शासनकाल में भी अनुसूचित जाति व जनजाति को, उनकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण मिलता था। पर, मण्डल आयोग के पश्चात् 27 प्रतिशत आरक्षण ओ.बी.सी. क्लास को देना तय हुआ था।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

जालोर में आमुर फैल्कन

जालोर, 7 नवम्बर (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब पर सोमवार को एक विशेष प्रवासी पक्षी अमूर फैल्कन देखा गया। जालोर जिले में अमूर फैल्कन दिखने का यह पहला मौका है। ये पक्षी अपनी 11,000 किमी की यात्रा में केवल कुछ दिन ही भारत में बिताते हैं।

पक्षी अध्येता यशवंत गहलोत ने बताया कि ''भारत में पक्षियों की लगभग 1350 प्रजातियां पाई जाती हैं। जालोर जिले में 207 प्रजातियां रिकॉर्ड की गई हैं। इन प्रजातियों का विवरण ई बर्ड पर देखा जा सकता है। अमूर फैल्कन छोटे आकार के शिकारी पक्षी हैं जो साइबेरिया, चीन और उत्तर कोरिया में अपनी गर्मियां बिताते हैं और शीतकालीन प्रवास के लिए भारत और श्रीलंका के रास्ते दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका जाते हैं। इस तरह ये कुछ ही दिन भारतीय मैदानों में बिताते हैं।''

- **जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब पर प्रवासी आमुर फैल्कन देखा गया। जालोर में पहली बार यह पक्षी दिखा है।**

बेंगलुरु में नाबार्ड अधिकारी यशवंत गहलोत और एनसीटीई सदस्य संदीप जोशी ने अमूर फैल्कन की तस्वीरें ली। इस टीम ने सुन्देलाव तालाब के आस-पास देशी-विदेशी पक्षियों की पचास से अधिक प्रजातियां रिकॉर्ड की, जिनमें नॉर्दन शॉवलर, ब्लूथ्रॉट, रफ, कॉमन सैंडपाइपर, वुड सैंडपाइपर, लिटल रिंगप्लोवर, कॉमन मूरहेन, लेसर ग्रेब, कॉमन पोचर्ड प्रमुख हैं। यशवंत पिछले आठ वर्षों से पक्षियों का शौकिया अध्ययन कर रहे हैं।

जालोर का सुन्देलाव तालाब इन दिनों विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों से गुलजार हो रहा है। सर्दी का मौसम प्रारंभ होते ही दुनिया के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अखिलेश यादव धौलपुर आए

धौलपुर 7 नवम्बर (निस)। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में सोमवार को डायमंड जुबली सेलिब्रेशन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चार चाँद लगाने के लिए पूर्व छात्र भी आए।

समारोह के चीफ गेस्ट उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रहें, जो राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के पूर्व छात्र हैं। समारोह की शुरुआत सुबह दिन चढ़ते ही हो गई। सर्वप्रथम विद्यालय के पूर्व छात्रों ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के प्रथम प्रिंसिपल की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

- **अखिलेश धौलपुर मिलिटरी स्कूल के पूर्व छात्र हैं और अपने स्कूल के डायमंड जुबली कार्यक्रम में बतौर चीफ गैस्ट आए थे।**

वर्तमान छात्रों ने विज्ञान, कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई। उद्घाटन विद्यालय

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

हमलावर की गोली से घायल इमरान की चुनाव कराने की मांग को व्यापक समर्थन मिल रहा है

इस समर्थन का प्रमाण है, पाकिस्तान की संसद के लिये हुए नौ उपचुनावों में आठ सीटों पर इमरान की पार्टी की विजय

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने, उन पर हुये जान लेवा हमले के बावजूद, शीघ्र ही आम चुनाव कराये जाने की माँग पर जोर देते रहने का वादा किया था ज्ञातव्य है कि इमरान खान उस समय सत्ता से अपदस्थ हो गये थे, जब देश की संसद में अविश्वास प्रस्ताव के समय उनके प्रमुख गठबंधन पार्टनरों ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था।

अभी पिछले सप्ताह ही, उन पर जान लेवा हमला करते हुये उन पर गोली चलाई गई थी लेकिन भाग्य से, वे गोलियाँ उनके पैरों में लगीं। इस घटना के बाद पाकिस्तान की जनता तथा खासतौर से देश के युवा वर्ग में उनका समर्थन और बढ़ गया।

इमरान पर आया यह संकट कारगर रहा है, जैसा कि तथ्य से प्रकट हो रहा है कि देश की संसद की नौ सीटों के लिये हाल ही में हुये चुनावों में, इमरान खान ने आठ सीटें जीत ली हैं।

- **इमरान के अभियान के दो मुद्दे भी पाकिस्तान में जन समर्थन पा रहे हैं।**
- **पहला मुद्दा है, अमेरिका उनके (इमरान के) पूर्णतया खिलाफ है, और इसी कारण पाकिस्तान की दोनों बड़ी पार्टियाँ, पीपुल्स पार्टी ऑफ पाकिस्तान व मुस्लिम लीग, भी इमरान के खिलाफ हैं।**
- **इमरान के अभियान का दूसरा मुद्दा है कि, भारत की भांति, पाकिस्तान भी, एक स्वतंत्र विदेश नीति बनाये और उसका अनुसरण करे।**
- **इन दोनों मुद्दों के समर्थन में इमरान का कहना है, वे शुरु से कह रहे थे कि, अफगानिस्तान का युद्ध, किसी और देश (अमेरिका का) युद्ध है, पाकिस्तान इस युद्ध में क्यों भागीदार बन रहा है। इसी विचार के कारण इमरान ने प्र.मंत्री बनने के बाद अमेरिका के लड़ाकू विमानों को अफगानिस्तान जाते समय पाकिस्तान में रुकने व पैट्रोल लेने की सुविधा समाप्त कर दी थी, जो एक कारण बनी थी, अमेरिका के अफगानिस्तान से शर्मनाक तरीके से निकल जाने के लिये।**
- **पाकिस्तानी जो विदेशों में रह रहे हैं, भी इमरान की स्वतंत्र विदेश नीति के नारे को बहुत पसंद करते हैं, जिसका प्रमाण था, इन पाकिस्तानियों द्वारा इमरान के शासनकाल में भारी मात्रा में विदेशों से धन कमा कर, पाकिस्तान भेजना।**

और भी संकटपूर्ण बात यह थी कि इमरान की पार्टी पी.टी.आई. अकेली ही 13 पार्टियों के गठबंधन के खिलाफ लड़ी थी। इन 13 राजनैतिक दलों में दो प्रभावशाली दल भी शामिल थे। इससे यह आशा बँधती है कि अगर संसद के आम चुनाव होते हैं तो इमरान खान इकतरफा जीत हासिल करते हुये, बड़े बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही लाहौर तथा देश के अन्य स्थानों से इस्लामाबाद तक की विरोध-मार्च फिर से शुरु करेंगे। वे गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती हो गये थे तथा अब वहाँ से घर वापस आ गये हैं। उपलब्ध जानकारियों के अनुसार, उनकी पाकिस्तान तहरीके-इस्लाम (पी.टी.आई.) ने ताजा विरोध-मोर्चों की तैयारियाँ फिर से शुरु

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा

हादसे-दर-हादसे, कब रुकेगा यह सिलसिला?

देश में प्रतिदिन कहीं न कहीं से किसी हादसे की खबर सुनने को मिलती रहती है। ये हादसे चाहे वह बस की दुर्घटना के हों, रेल दुर्घटना के हों, भगदड़ मचने से हो, पुल टूट जाने से हो, किसी भवन में आग लग जाने के कारण हों अथवा सीवर टंकी में डूब जाने के कारण हो। प्रत्येक हादसे में इन्सान अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। प्रत्येक हादसे के बाद सरकार उसकी जांच कराने की घोषणा करती है एवं जनता को आश्वासन देती है कि इस प्रकार के हाथ से भविष्य में नहीं होंगे। यह संदिग्ध है कि क्या इन हादसों से कोई सीखता है अथवा नहीं? यदि किसी ने भी इन हादसों से किसी प्रकार की कोई सीख ली होती तो, इतनी नियमितता के साथ इतने हादसे नहीं होते।

इस लेख में हम, इन हादसों में से कुछ के कारणों का विश्लेषण करने एवं कम करने के कुछ उपाय पर विचार करेंगे।

मिग-21 वायुयान एयरपोर्ट के उड़न दस्ते का भाग है। हर दो-तीन महीने में हम इस हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पढ़ते हैं। इनमें से कई बार हम अपने जांबाज पायलटों को खो भी देते हैं। इसके उपरांत भी किसी ने यह नहीं सोचा कि इस प्रकार के हवाई जहाज को भारत भारतीय वायुसेना के बेड़े से हटा दिया जाए। पायलट की जान की कोई कीमत शायद भारत सरकार के लिए नहीं है। इसका कोई वैकल्पिक तरीका भी हो सकता है, लेकिन उसे खोजने का प्रयास तब होगा जब किसी दुर्घटनाग्रस्त मिग-21 का पायलट किसी बड़े नेता का कोई रिश्तेदार होगा। भगदड़ से होने वाले हादसों की बात करें तो तो हमारे सामने कुछ समय पूर्व जोधपुर के मेहरानगढ़ में भगदड़ से मरने वालों का दृश्य सामने आ जाता है। इसी प्रकार गुजरात में कुछ साल पहले दर्शनार्थियों में भगदड़ मचने से कई लोग मारे गए थे। हाल ही में मथुरा में वृंदावन में दर्शन करते समय भगदड़ मचने से कुछ मौतें हुईं।

भगदड़ में लोग तब ही मरते हैं जब आवश्यकता से कहीं अधिक लोग एक स्थान पर एकत्रित हो जाते हैं और निकलने का रास्ता बंद हो जाए। प्रशासन को जब यह पता होता है कि किसी भी स्थान की क्षमता निश्चित है तो उस पर आने का मार्ग पर बहुत पहले ही क्यों नहीं बंद कर दिया जाता। यात्रियों को बड़ी बेकाबू भीड़ में परिवर्तित होने से को रोका जा सकता यदि प्रशासन समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर ले।

हाल ही में, मोरबी के पुल टूटने से 100 से अधिक व्यक्ति मारे गए। इस पुल को मरम्मत के बाद 7 माह पूर्व ही खोला गया था। आज इतने तकनीकि विकास के विकास होने के पश्चात यह पता करना कतई मुश्किल नहीं है कि किसी पुल पर भार वहन करने की क्षमता कितनी है? इससे अधिक किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। यदि इस छोटी सी बात का ध्यान रख लिया जाता तो सम्भवतया मोरबी की दुर्घटना को टाला जा सकता था। नियमों का पालन करने में हमारा देश बहुत ही पीछे है। हाल ही में, हमें दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान, केपटाउन एक पर्यटन स्थल, टेबल माउंटेन पर रोपवे से जाना था, किंतु दो बार प्रयास करने पर भी हम असफल रहे, क्योंकि केबल कार को वायु की हवा की गति अधिक के कारण बंद कर दिया गया था। हवा की गति जब अधिक होती है तो केबल कार के पत्थरों से टकराने की संभावना होती है। इसी कारण दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने इस नियम को कड़ाई से लागू किया और इस बात की अधिक चिंता नहीं कि कुछ लोग टेबल माउंटेन को नहीं देख पाएंगे। मैं विचार कर रहा था कि यदि भारत में ऐसी स्थिति होती तो किसी बड़े नेता या प्रभावशाली व्यक्ति के कहने पर उसे प्रारंभ कर दिया जाता। यह संभव है कि कई बार ऐसा करने पर दुर्घटना न भी हो, किंतु जब दुर्घटना हो जाए तो फिर उसमें मरने वालों का जिम्मेदार कौन होता? बसों के हादसों की संख्या तो इतनी अधिक है इसकी चर्चा करना भी व्यर्थ लगता है। बसों के हादसों का एक प्रमुख कारण वाहन चालकों का लंबे समय तक लगातार काम करते रहना है, न उन्हें पूर्ण विश्राम मिलता है ना उन्हें साप्ताहिक अवकाश। दक्षिण अफ्रीका में हमने देखा कि कोई भी ड्राइवर बस को लगातार 2 घंटे से अधिक नहीं चला सकता एवं उसके पश्चात उसे अनिवार्य रूप से विश्राम करना ही होता है। कहीं कोई देखने वाला नहीं था, तब भी इस नियम की सदैव पालना होते हुए हमने देखा। इसके विपरीत भारत में कई बार एक ही ड्राइवर पूरी रात वीडियो कोच चलाते हैं। ड्राइवर द्वारा लगातार 10-12 घंटे तक बस चलाने के कारण अधिकांश हादसे हुए, जिनमें अनेक लोगों की मौत हुई। बस के फिटनेस सर्टिफिकेट की जांच नहीं की जाती है। यह नहीं देखा जाता कि इसका समय पर नवीनीकरण कराया जाता है या नहीं? कई बार यह देखा गया कि हादसे की जांच में यह सामने आया कि बिना प्रमाण पत्र के बस पहाड़ी मार्ग पर चल रही होती है।

> **जब एक बार हादसे के कारणों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को, चाहे वह कितने ऊंचे पद पर क्यों ना हो, दंडित होते हुए लोग देखेंगे तो अगली बार में शॉर्टकट ढूंढने के बजाय, जनता की सुरक्षा के हित में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नागरिकों को भी कुछ कम टिकट में यात्रा करने के लालच को छोड़ना होगा।**

हादसों के दो कारण हो सकते हैं, एक तो विशुद्ध रूप से प्राकृतिक और दूसरा मानव निर्मित। सभी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के बावजूद हादसे हो जाएं या प्रकृति के प्रकोप के कारण हादसे हो जायें, उन्हें कई बार टालना मनुष्य के लिए संभव नहीं होता। जो हादसे प्रशासन की लापरवाही अथवा लोभ के कारण हो, उन पर तो निश्चित रूप से नियंत्रण किया ही जा सकता है। जिससे हजारों लोग अपनी जान गवाने से बच सकें। हादसों की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाता एवं उनके लिए दोषी व्यक्तियों को समय पर पर्याप्त दंड नहीं मिलता है। उदाहरण के लिए मेहरानगढ़ जोधपुर किले में हुए हादसे में लगभग 300 व्यक्तियों की जान गई। उसके लिए न्यायिक आयोग भी बनाया गया। उस न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट भी सरकार को दे दी, किंतु उसे सार्वजनिक कई सालों बाद भी नहीं किया गया। इसे यदि सार्वजनिक किया गया होता, तो इसके कारणों का पता सबको लगता एवं उसके आधार पर भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समुचित प्रयास करना सुनिश्चित हो पाता। पता नहीं सरकार की क्या मजबूरी है जो इस प्रकार के हादसों की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करती। इससे कुछ प्रभावशाली लोगों को बचा भले ही लिया जाए, किंतु इससे खामियाजा तो साधारण जनता को ही भुगतना पड़ता है ।

बिजली के तारों से बसों में कई बार करंट के कारण अनेक लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसका एक प्रमुख कारण, विद्युत प्रवाहित होने वाले बिजली के तारों का झूल कर लटकना है, जो बस के संपर्क में आने से बस के साथ ही सभी यात्री भी जल जाते हैं। ऐसे हादसे लगातार होने के बावजूद अब भी स्थिति जस की तस है। ना तो ढीले तारों को ठीक किया गया है, न इन तार में विद्युत प्रवाह को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है। क्या आज के वैज्ञानिक युग में ऐसा कोई तरीका नहीं निकल सकता, जिससे इस प्रकार के विद्युत तारों के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके?

विभिन्न प्रकार के हादसों के लिए जहां प्रमुख रूप सरकार जिम्मेदार है, वहीं नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। विभिन्न प्रकार के नियमों के अंतर्गत जो आवश्यक प्रमाण पत्र लेना रोपवे चलाने वाली कंपनी अथवा अन्य प्रकार के किसी उपक्रम के लिए आवश्यक है, उनका शॉर्टकट ढूंढने की भारतीय प्रवृत्ति के कारण इस प्रकार के हादसे और अधिक होते रहे हैं। क्यों नहीं कोई बस का मालिक अपनी बस का समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र ले? क्यों नहीं रोप-वे संचालित वाली कंपनी उन सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करती हैं, जो इसी प्रकार के हादसे को जन्म दे सकते हैं?

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि हादसों को रोकने के लिए जहां बड़े कठोर कानून एवं नियमों की आवश्यकता है, वहीं यह भी आवश्यकता है कि इन नियमों का पालन करने में जनता भी अपना कर्तव्य निभाएं। जो उपक्रम इन नियमों का पालन करने से स्वयं को बचा लेते हैं और फिर भी किसी भी प्रकार की सजा नहीं पाते हैं, वही अन्य लोगों को भी इस प्रकार का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इसके परिणामस्वरूप हादसों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। यदि इसे तोड़ना है, तो नागरिकों को भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यवस्था को सुचारू रूप में चलाने हेतु अपनी ओर से समुचित नियमों का पालन करें। व्यावसायियों को भी अपने स्वार्थ को लोगों की जान बचाने हेतु छोड़ना होगा। राजनीतिक संरक्षण समाप्त करना होगा। हादसे की जांच रिपोर्ट को के कारणों को सार्वजनिक करना आवश्यक है एवं यदि किसी भी व्यक्ति एवं विभाग द्वारा इस प्रकार का कार्य किया गया हो, जिससे हादसे हुए हैं, तो उसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करके उसे कठोरतम दंड देने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। जब एक बार हादसे के कारणों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को, चाहे वह कितने ऊंचे पद पर क्यों ना हो, दंडित होते हुए लोग देखेंगे तो अगली बार में शॉर्टकट ढूंढने के बजाय, जनता की सुरक्षा के हित में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नागरिकों को भी कुछ कम टिकट में यात्रा करने के लालच को छोड़ना होगा। वाहन की क्षमता से अधिक उसमें नहीं बैठ कर अगले वाहन की प्रतीक्षा करनी होगी। इसी प्रकार जहां अत्यधिक भीड़भाड़ होने की संभावना हो, वहां समुचित सावधानी बरतनी होगी। क्या यह संभव नहीं है कि प्रत्येक स्थल की व्यक्तियों एवं वाहनों की कुल क्षमता का प्रदर्शन सार्वजनिक कर दिया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति अपने आपको दण्डित होने जाने से बचा न पाए। भारत में विभिन्न त्योहारों के अवसर कुछ स्थलों पर अत्यंत भीड़ होने की आशंका बनी रहती है। इसे समुचित स्थान पर नियंत्रित करना शासन-प्रशासन के लिए कठिन नहीं है। आवश्यकता केवल संवेदनशीलता की है। शासन की संवादहीनता तो इस हद तक मर चुकी है कि बड़े हादसे में सैंकड़ों व्यक्तियों के मरने के तत्काल बाद उसके प्रतिनिधि उत्सव मनाने में जुट जाते हैं।

एक और प्रवृत्ति हमारे देश में देखी जाती है, वह है, विडंबना है कि नियमों का पालन करने और कराने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है। सरकार के नेता एवं उच्च अधिकारी भी ऐसे लोगों को पसंद नहीं करते जो सभी लोगों से समान रूप से नियमों की पालन कराने हेतु सख्ती करें। नियमों की पालना कराने वालों को संरक्षण और प्रोत्साहन मिलेगा, तो नियमों की पालना करने की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी, साथ ही नियमों को तोड़ने वालों एवं उन्हें संरक्षण देने लोगों को लाभ पहुंचाने वाली प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

–अतिथि सम्पादक,
राजेन्द्र भाणावत
(पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी)

हिन्दू-मुस्लिम एकता के मसीहा गुरूनानक का जीवन और दर्शन

यादरामसिंह यादव

महान सन्त गुरूनानक का जन्म 15वीं सदी में सन् 1469 ई. में हुआ था। उस समय मुसलिम शासनकाल में धर्म के नाम पर कट्टरता का वातावरण था, तब उन्होंने ऐसे मानवतावाद को जन्म दिया जिसमें जाति संस्कार रीति-रिवाजों के प्रति आक्रोश की भावना पैदा होती है।

कवि होने के कारण उन्होंने अपनी रचनाओं में दार्शनिक तत्वों का समावेश कर, सिक्ख धम की स्थापना की। गुरूनानक में पैगम्बर, दार्शनिक, भगवत भक्त, ब्रह्मज्ञानी, गृहस्थ त्यागी, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त, दीनदुखियों के रक्षक विश्वबन्धु व मानवप्रेमी के गुण विद्यमान थे। गुरूनानक के समय समाज में मुसलमान शासकों का लूट एवं आक्रमणकारी रवैया था, तो हिन्दुओं ने अपने को वर्गों, जातियों और सम्प्रदायों में बांट रखा था। उनके समय में हिन्दु तथा इस्लाम ये दोनों धर्म भ्रष्ट एवं पतित हो चुके थे और हिन्दू धर्म की आत्मा मर चुकी थी। राजनैतिक व्यवस्था तो और भी खराब थी।

जिसका वर्णन स्वयं नानकदेव ने इस प्रकार किया है कि:- ''कलि काले राजे का सांई, धरमु पंखु करि उडरिया'' अर्थात् यह काल तलवार सा है। शासक व राजे-कसाईयों के समान हैं, अच्छाई पंख लगाकर उड़ चुकी है।

उनका सूत्र वाक्य था 'ना कोई हिन्दू है और ना कोई मुसलमान' अर्थात सभी मानव मात्र हैं। गुरूनानक देव दोनों वर्गों में एकता के लिए झंडा लेकर ''आसाम से मक्का और वाराणसी से सिंहल तक की यात्रा की थी। नानक ने कहा कि:- 'ईश्वर एक है, जो सब पैगम्बरों व अवतारों से ऊँचा है।' उन्होंने अपना सारा जीवन हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए लगा दिया। नानक जी जब मक्का में हाजी बनकर गये तो अनेक बड़ी हस्तियों से उनकी धर्म चर्चा हुयी। भाई गुरूदास ने इसका वर्णन करते हुए लिखा है कि 'यह बताओ कि कौन बड़ा है? हिन्दू या मुसलमान?' नानक ने जवाब दिया कि– 'नेक अमल के बगैर न हिन्दू, हिन्दू है और ना मुसलमान, मुसलमान।'

नानकदेव कहते थे कि–'मनुष्य में स्थित आत्मा में ईश्वर की ज्योति को पहचानो। ईश्वर के सानिध्य में कोई जाति नहीं होती। ''जाणह ज्योति न पूंछहू जाति अगै जाति न है।''

गुरूनानक ने कहा–'मैं सब मनुष्यों को उत्तम मानता हूँ, किन्तु किसी को अक्षम नहीं। समूची सृष्टि में एक ही ज्योति व्याप्त है, अत: जन्मत जाति व्यर्थ है। गुरूनानक ने लंगर प्रथा का प्रारम्भ कर सभी जाति व धर्मों वालों को एकता से सूत्र में पिरोने का महति कार्य किया। मध्यकाल में नारी समाज में बड़ी तिरस्कृत व हेय दृष्टि से देखी जाती थी। गुरूनानक ने सदियों से उपेक्षित एवं अबला समझी जाने वाली नारी को उसके खोये हुए अधिकारों को वापिस दिलाया। सिद्धों, जोगियों, नाथों एवं कई सन्तों ने स्त्री को माया व भगवत प्राप्ति में बाधक बताया। जो राजाओं, सन्तों व राजयोगियों की जन्मदायी है। गुरूनानक ने कहा कि जिस नारी ने हमें जन्म दिया, बड़े-बड़े पीर, महात्मा पैदा किये, उसे नीच, बुरा कहना क्या ठीक है।

नानक कहते थे कि जैसा तुम दूसरों को देखना चाहते हो वैसे पहले तुम स्वयं बनो तब तुम्हे सर्वत्र अपना ही रूप दिखाई देगा। गुरूवाणी में लिखा है:- ''मन अपने से बुरा मिटाना, देखे सकल सृष्ट साजना।'' यदि मानव अपने मन से बुरी भावना हटा देगा, तब वह दूसरे के दुख दर्द को अपना दर्द समझता है वही सच्चा मानव है। इस प्रकार गुरूनानक देव ने एक ईश्वरीय शक्ति दार्शनिक सिद्धान्त पर जाति विहीन सिक्ख धर्म की स्थापना की। वर्तमान युग में ऐसे महान सन्त के विचार एवं दर्शन को अपनाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

यादरामसिंह यादव,
स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार

प्रदेश के छह बस डिपो होंगे हाइटेक

- **झुंझुनूं समेत छह बस डिपो हाइटेक सुविधाओं के साथ तैयार होंगे**

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान रोडवेज बस डिपो अब हाइटेक सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए तैयार होंगे। इसको लेकर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। शुरुआती चरण में प्रदेश के 6 डिपो को हाइटेक रूप से विकसित किया जाएगा। इसको लेकर करीब 35 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

प्रदेश में जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर व कोटा के साथ झुंझुनूं बस डिपो को हाइटेक रूप में विकसित किया जाएगा। इन बस डिपो पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय के साथ प्लेटफॉर्म बस शेल्टर डिपो के नए भवन, सड़क तथा महिलाओं के लिए अलग से प्रतिक्षालय के साथ-साथ अत्याधुनिक सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा। गत दिनों रोडवेज प्रशासन की ओर से इन डिपो में डीपीआर बनाने को लेकर टीमों ने विजिट कर सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए डीपीआर तैयार की है। परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के छह बस डिपो को हाइटेक रूप में विकसित किया जाएगा। इन डिपो में अत्याधुनिक सुविधाएं होगी। साथ ही यात्रियों के लिए उच्च श्रेणी के प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे। इन डिपो को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने को लेकर 35 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। टेंडर होने के बाद इन डिपो में काम शुरू होगा। डिपो के हाइटेक होने से यात्रियों का रुझान रोडवेज बसों की ओर बढ़ेगा। साथ ही रोडवेज की आमदनी में भी इजाफा होगा।

जैसलमेर में दिखा ''लार्ज कॉरमोरैंट''

जैसलमेर, (नि.सं.)। प्रवासी पक्षी लार्ज कोरमोरांट को पर्यावरण संरक्षक सुमेर सिंह भाटी ने देखा, जिसकी सूचना उन्होंने टीम ओरण सदस्य पर्यावरण प्रेमी पार्थ जगाणी को दी। जगाणी ने बताया कि लार्ज कॉरमोरैंट जिसे हिंदी में बड़ा पनकौआ कहते हैं।

- **लार्ज कॉरमोरैंट जिसे हिंदी में बड़ा पनकौआ कहते हैं**

सर्दियों में जैसलमेर के गड़ीसर तालाब में नजर आता है, परन्तु देगराय ओरण क्षेत्र में यह पहली बार देखा गया है। यह पक्षी समुद्री किनारों और यूरोप, एशिया व ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के अंदरूनी ताजे पानी की नदियों, झीलों व तालाबों में सामान्यत: पाया जाता है।

पक्षी बड़ा पनकौआ।

जाति व्यवस्था समाप्त करने के लिए लंगर व्यवस्था लागू की गुरु नानक देव ने

पन्नालाल मेघवाल

गुरु नानक देव ने बचपन से ही रूढ़िवादी सोच का विरोध किया था। एक बार उनके पिताजी ने 20 रुपए देकर बाजार भेजा और कहा कि खरा-सौदा लेकर आना। उन्होंने उन रुपयों से भूखे साधुओं को भोजन करा दिया। लौटकर उन्होंने पिताजी से कहा कि वह खरा-सौदा कर आए हैं।

जाति व्यवस्था से ऊंच-नीच एवं छोटे-बड़े का भाव रहता है। उन्होंने समाज से इस बुराई को समाप्त करने के लिए सर्वत्र लंगर व्यवस्था की शुरुआत की। गुरु नानक देव निर्गुण-उपासक एवं मूर्ति पूजा के खिलाफ थे। उनका कहना था कि ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है। वे मानव धर्म के प्रबल समर्थक थे। गुरु नानक देव एक दार्शनिक, समाज सुधारक, गृहस्थ, योगी एवं देश भक्त थे।

गुरु नानक देव सिखों के प्रथम गुरु हैं। वे सिख धर्म के संस्थापक के साथ ही मानव धर्म के उत्थापक भी थे। वे संसार से त्याग एवं सन्यास के खिलाफ थे। उन्होंने सांसारिक जीवन जीते हुए सिख धर्म एवं मानव धर्म की सेवा एवं प्रचार-प्रसार किया। गुरु नानक देव का जन्म 15 अप्रैल 1469 को लाहौर से 65 किलोमीटर दूर स्थित तलवंडी नामक स्थान पर हुआ था। बाद में तलवंडी का नाम ननकाना साहब पड़ा जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में है। गुरु नानक देव के पिता का नाम कल्याणचंद मेहता (कालूजी), माता का नाम तृप्तादेवी, बहन का नाम नानकी, पत्नी का नाम सुलक्षिणी एवं पुत्रों का नाम श्रीचंद एवं लक्ष्मीदास था। गुरु नानक देव का देहावसान करतारपुरा में 1539 में हुआ। स्वर्गारोहण से पूर्व उन्होंने बाबा लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। वे गुरु अंगददेव के नाम से प्रसिद्ध हुए।

गुरु नानक देव ने उपदेश दिया कि ईश्वर हम सबका पिता है। कोई बड़ा-छोटा नहीं है। कोई आम या खास नहीं है। उनका उपदेश है कि कभी भी किसी का हक नहीं छिनना चाहिए। मानव को मेहनत और ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए। इस ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंदों को भी कुछ देना चाहिए। उनका मानना था कि महिला एवं पुरुष बराबर हैं। इसलिए महिलाओं का भी पुरुषों के समान सम्मान करना चाहिए। गुरु नानक देव का मानना था कि धन को जेब तक ही रखना चाहिए उसे ह्रदय में स्थान नहीं देना चाहिए।

उनका उपदेश था कि सदैव एक ही ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। ईमानदारी और परिश्रम से ही पेट भरना चाहिए।हमें किसी को सताना नहीं चाहिए। सांसारिक बातों से इतना मोह नहीं करना चाहिए कि ईश्वर को याद करने का समय ही न हो। इस दृष्टि से गुरु नानक देव सिख धर्म के ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव धर्म के संस्थापक रहे हैं।

पन्नालाल मेघवाल,
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार

शौचालय एवं कचरे के ढेर के बीच चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के दरवाजे पर लगा गंदगी का ढेर।

- **विभागीय लापरवाही के चलते बालकों का जीवन संकट में**

चाकसू, (निसं)। राजस्थान सरकार, नगरपालिका चाकसू व भारत सरकार के तमाम स्वास्थ्य व स्वच्छता के दावों के बाद भी चाकसू नगरपालिका क्षेत्र के हालात भगवान भरोसे चल रहे हैं। यहां मुख्य बाजार स्थित सरकारी गोदामों के मध्य स्थित खाली जगह पर नगरपालिका ने सुलभ शौचालय बना डाला। इससे लगता ही विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बना डाला। हालत यह है कि उसके बाद नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के ठीक सामने कचरा संग्रहण केन्द्र बना डाला। केन्द्र पर सेवा लेने वाले बच्चों व महिलाओं को रोजाना समस्या से दो-चार होना पड़ता है। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि शौचालय के पास प्राचीन हनुमान मंदिर बना हुआ है, यहां सार्वजनिक प्याऊ चल रही है। हजारों लोगों का बाजार में आवागमन रहता है। वार्ड पार्षद विनोद कुमार राजोरिया, राधादेवी शर्मा, सलमा खान समाजसेवी शफीक खान सहित आस-पास के दुकानदार इन हालातों की तरफ प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कर चुके हैं, लिखित में शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन समाधान किसी स्तर से भी नहीं हो पा रहा है।

राशिफल मंगलवार 8 नवम्बर, 2022

पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, भरणी नक्षत्र रात्रि 1:39 तक, व्यतिपात योग रात्रि 9:45 तक, बव करण सांय 4:32 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से सांय 4:32 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:39 से आरम्भ होगा। आज कार्तिक पूर्णिमा, सत्यव्रत, गुरू नानक जयन्ती, देव दिवाली है और कार्तिक स्नान और अष्टानिका महापव्र पूर्ण होगा। आज मन्वादि और भीष्म पंचक समाप्त होंगे। पदमक योग रात्रि 1:39 से आरम्भ होगा। आज खग्रास चन्द्रग्रहण सम्पूर्ण भारत में ग्रस्तोदय के रूप में दिखाई देगा। ग्रहण आरम्भ दिन 2:39 से होगा। ग्रहण मध्य 4:29 और समाप्ति 6:19 पर होगी। सूतक आज सूर्योदय से ग्रहण समाप्ति तक रहेगा। आज चन्द्रोदय 5:37 पर होगा।

सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया: चर सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:43 से 12:26 तक, चर 3:50 से 5:33 तक, लाभ 5:33 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:45, सूर्यास्त 5:36

मेष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष

मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है और अनबन होने का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

सिंह

व्यावसायिक प्रयासों में सार्थक/उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

तुला

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

वृश्चिक

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

धनु

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

मकर

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में ऊचित सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कारणों से भागदौड़ बनी रहेगी।

'सारा पावर सेंट्रलाइज, डीजी बनाने वाले कांस्टेबल के तबादले भी कर रहे हैं, मंत्री पावरलैस'

एसीआर भरने के मामले में अब कूदे मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा, बी.डी. कल्ला और भंवर सिंह भाटी ने भी दी अपनी राय

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में आईएएस अधिकारियों की एसीआर भरने की मांग उठाकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बहस शुरू की थी। इसी बहस के बीच उनकी और साथी मंत्री महेश जोशी के बीच गर्मागर्म बयानबाजी हुई थी और विवाद भी सामने आया था। इसी मामले में तीन और मंत्रियों ने अपनी राय जाहिर करते हुए मामले को और गरमा दिया है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने तो सीधे-सीधे कह दिया है कि राजस्थान में सारा पावर सेंट्रलाइज है और डीजी बनाने वाले ही कांस्टेबल तक के तबादले भी कर रहे हैं।

मंत्री गुढ़ा ने कहा कि आईएएस अफसर की एसीआर भरने के मामले में जो प्रश्न आया है, वो प्रताप सिंह खाचरियावास की तरफ से आया है और उसके बाद से राजस्थान में इसको लेकर चर्चा हो रही है। गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान में मेरी जानकारी के अनुसार पावर पूरी तरीके से सेंट्रलाइज है। जो डीजीपी की नियुक्ति करते हैं, वही कांस्टेबल का ट्रांसफर करते हैं। कांस्टेबल के ट्रांसफर के लिए भी मुख्यमंत्री निवास पर जाना पड़ता है, फिर किसकी एसीआर भरने की बात कर रहे हैं। ऐसा कहकर गुढ़ा ने सीधे-सीधे बोल दिया है कि मुख्यमंत्री ही सब कुछ करते हैं, मंत्री पावरलैस हैं।

गुढ़ा ने कहा कि मंत्री की पावर की क्या बात करते हैं, जब कांस्टेबल के ट्रांसफर में मुख्यमंत्री गहलोत की परमिशन से हो या वही स्वयं करते हैं।

- **कल्ला ने कहा, ''हमारे विभाग के जितने भी मातहत हैं, उनकी एसीआर हमें खुद ही भरना चाहिए''**
- **भाटी ने कहा, ''हम सब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे, चुनौती देना ठीक नहीं है''**

गुढ़ा ने कहा कि पावर का विकेंद्रीकरण होना चाहिए, लेकिन इस सरकार में कोई पावर का विकेंद्रीकरण नहीं हो रहा है। सब कुछ एक ही जगह पर है।

अब इसी मामले में वरिष्ठ मंत्री बीडी कल्ला ने खाचरियावास की मांग को खारिज करते हुए महेश जोशी का समर्थन किया है। कल्ला ने कहा कि हमारे विभाग के जितने भी मातहत हैं, उनकी एसीआर हमें खुद ही भरना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भी मंत्रियों को अधिकार दे रखे हैं।

इसी मामले में बोलते हुए राज्य के ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि बहुत से निर्णय मुख्यमंत्री के स्तर पर होते हैं। मुख्यमंत्री के स्तर पर होने वाले काम को लेकर किसी भी तरह से सार्वजनिक चर्चा करना उचित नहीं है और ना ही मुख्यमंत्री के स्तर पर हुए निर्णय को चुनौती देना उचित है। भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे मुखिया हैं और वह हमारी सब बात सुनते हैं। भाटी ने कहा कि चाहे मंत्री हों या अधिकारी, वह सबकी बात सुनते हैं और अधिकतर मामलों में निष्पक्ष फैसला करते हैं। हम सब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को चुनौती देना ठीक नहीं है।

भाटी ने कहा कि अधिकारियों से भी किसी प्रकार की कोई बात हो तो उसको लेकर भी मुख्यमंत्री तक हम अपनी बात पहुंचाते हैं। मुख्यमंत्री भी हमें इस बात को लेकर नसीहत देते हैं कि हम सब जनता के ट्रस्टी हैं और हमको जनता के हित के अनुसार काम करना चाहिए।

'सैनिकों के कल्याण के लिये सात दिसम्बर तक धन-संग्रह पर्व मनाएंगे'

राज्यपाल और सैनिक कल्याण विभाग के संरक्षक कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में पूर्व सैनिकों की सहायतार्थ धन सहयोग के लिए निर्मित क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी ओर से उसमें धनराशि स्थानांतरित कर इसकी शुरुआत की। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह जसोल ने बताया कि राजस्थान में सोमवार से 7 दिसम्बर तक एक माह का धन-संग्रह पर्व मनाये जाने की पहल हुई है। इसके तहत राज्य के हरेक जिले में आम जन को प्रेरित कर पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ सहायता राशि एकत्रित की जाएगी।

गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को जयपुर के राजपार्क स्थित गुरुद्वारे को रोशनी से सजाया गया।

चेतक कोर की कमान लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय को सौंपी

जयपुर। लेफ्टिनेंट जनरल जे बी चौधरी ने आज एक साल से अधिक के सफल कार्यकाल के बाद बठिंडा सैन्य स्टेशन में प्रतिष्ठित चेतक कोर की कमान लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय को सौंपी।

कमान सौंपने की पूर्व संध्या पर अपने विदाई भाषण के दौरान, जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने चेतक कोर के सभी रैंकों को उनकी प्रतिबद्धता, उत्साह और संगठन के प्रति निष्ठा के लिए बधाई दी। उन्होंने उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सैनिक कौशल को सुधारने, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और जटिल भविष्य के युद्ध क्षेत्र परिवेश और सामाजिक वातावरण की चुनौतियों के अनुकूल होने का आग्रह किया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने महसूस किया कि सहानुभूति और दया, दृढ़ संकल्प और संगठन के प्रति समर्पण की इच्छा के साथ, नेतृत्व के मूल सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सैनिक को सेवा के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय ने 33वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में चेतक कोर की कमान संभाली। जनरल ऑफिसर को सिख लाइट इन्फैंट्री में कमीशन किया गया था।

मेडिकल छात्र की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने के आदेश

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट यूजी-2020 मामले में मेडिकल छात्र के एडमिशन को सुनिश्चित करते हुए दो साल की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अशोक कुमार गौड की एकलपीठ ने यह आदेश पंकज मीणा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मवीर ठोलिया और अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के नीट आवेदन में ई-मित्र संचालक की लापरवाही के कारण पिता के कॉलम में माता और माता के कॉलम में पिता का नाम दर्ज हो गया था। इस पर छात्र ने नाम सही करने के साथ ही प्रवेश व छात्रवृत्ति दिलवाने के लिए याचिका दायर की थी। छात्रवृत्ति जारी नहीं करने पर अदालत ने अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

इसके साथ ही अदालत ने छात्रवृत्ति जारी नहीं करने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव को तलब करते हुए शपथ पत्र पेश कर यह बताने को कहा था कि प्रदेश में किस प्रक्रिया के तहत छात्रवृत्ति जारी की जाती है। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में शपथ पत्र करने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता के एडमिशन को सुनिश्चित करने के आदेश देते हुए दो साल की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने को कहा है।

आमेर तहसील का घेराव कल

जयपुर। देश की महत्वपूर्ण पर्यटन नगरी आमेर की बदहाल सड़कों के निर्माण की और पीने के पानी की सप्लाई माँग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनियां के नेतृत्व में आमेर तहसील का 9 नवंबर को घेराव कर गूंगी बहरी कांग्रेस सरकार को जगाएंगे। आमेर चलो...तहसील घेरो लोकतंत्र में जब सरकार नहीं सुने तो आवाज़ मुखर करो, इस हकीकत से रू-ब-रू कराने के लिये भारतीय जनता पार्टी, आमेर शहर मंडल(जयपुर शहर) द्वारा आयोजित पैदल मार्च 9 नवंबर को कुंडा तिराहे से आमेर तहसील तक निकाला जायेगा।

स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर झण्डा स्टीकर का विमोचन

जयपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने अपने निवास पर झण्डा स्टीकर का विमोचन कर भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर राज्य स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में मुख्यालय स्तर पर स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने झण्डा स्टीकर का विमोचन कर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस की बधाई दी।

राज्य संगठन अध्यक्ष ने स्टीकर विमोचन के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन पूर्व की भाँति राष्ट्र में अपना परचम फहरायेगा। भारत स्काउट द्वारा आयोजित 18वीं राष्ट्रीय स्काउट व गाइड जम्बूरी का 4 से 10 जनवरी तक रोहट, जिला पाली में आयोजन से राजस्थान प्रदेश सम्पूर्ण राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सकेगा।

'भाजपा प्रत्येक बूथ पर 20 नवमतदाता को पार्टी कार्यकर्ता के रूप में जोड़ेगी'

जयपुर। भाजपा के प्रदेशभर के नवमतदाता अभियान के जिला संयोजक व सह-संयोजकों की कार्यशाला प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला के शुभारंभ में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि आप सभी पर पार्टी ने एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी है कि हर बूथ पर प्रथमबार जितने नवमतदाता हैं उनमें से कम से कम 20 नवमतदाताओं को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जोड़ना है, इसलिए प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर नवमतदाताओं को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में मजबूती से खड़ा करना है।

- **भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, विजेन्द्र पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने किया संबोधित**

उन्होंने कहा कि, पूरी सक्रियता के साथ नवमतदाता अभियान चलाना है इसके लिए बूथ तक संरचना का कार्य हम सबको करना है। कार्यशाला के अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि तकनीकी के आधुनिक युग में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं में व्यापक संवाद बढ़ा दिया है। इसलिए नवमतदाताओं के बीच में पूरी तैयारी के साथ केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राजस्थान सरकार की विफलताओं को लेकर जाएं।

मानदेय में वृद्धि

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं लोक जुम्बिश कर्मियों के मानदेय में 5 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

'सबसे अच्छा काम कर रहे हैं सतीश पूनिया'

जयपुर। आमेर विधानसभा क्षेत्र में दीपावली स्नेह मिलन कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि, आप बड़े भाग्यशाली हो आपने आशीर्वाद दिया। आपके आशीर्वाद से आपके आमेर के विधायक पूरे राजस्थान प्रदेश के सबसे बड़े नेता, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान भाजपा के डॉ. सतीश पूनिया हैं। आमेर क्षेत्र का पूरा मान सम्मान इस प्रदेश में ही नहीं, जब पूरे देशभर की भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति होती है उसमें सभी प्रदेश अध्यक्षों को बुलाया जाता है, तो वहां भी कहा जाता है कि सबसे बढ़िया काम किस प्रदेश अध्यक्ष ने किया तो डॉ. सतीश पूनिया का नाम ऊपर आता है।

प्रदेश के 6 जिलों में 23 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में सोमवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में और कमी आई है। इस दौरान 23 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच दोगुना से ज्यादा रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 330 रह गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 6 जिलों में 23 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 37 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज 8 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा सिरोही में 7, राजसमंद व अजमेर में 3-3 तथा जोधपुर और उदयपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 1080 जांचे की गई।

प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई हैं। इस दौरान 54 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 330 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 28 और मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 102 रह गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9646 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी जयपुर में सोमवार को 6 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सांगानेर में 2 तथा जगतपुरा, झोटवाड़ा, मालवीय नगर और वैशाली नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 2 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

- **जयपुर में सोमवार को 8 नए संक्रमित सामने आए हैं**

दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

जयपुर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सतवीर सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म कर ना सिर्फ उसे शारीरिक और भावनात्मक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसके व्यक्तित्व और गरिमा को भी आहत करने का काम किया है। इसलिए उसके खिलाफ नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पीडिता के पिता ने 19 अगस्त, 2020 को सोडाला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि एक दिन पहले पडोसी किराएदार ने उसकी पन्द्रह वर्षीय पीडिता के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी।

क्या वार्डों की संख्या बढ़ाकर राजनीतिक उद्देश्य के लिए बनाए गए थे दो नगर निगम : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम हैरिटेज और ग्रेटर के कई विभागों का कामकाज एक ही अफसर के संभालने के मामले में कड़ी मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि जब दो नगर निगम नहीं संभल रहे हैं तो शहर को ही दो हिस्सों में बांटकर नया शहर बसा देते, ताकि नया नगर निगम नए कर्मचारियों के साथ काम-काज तो करता। अदालत ने कहा कि पुरानी नगर निगम के स्टाफ से ही दोनों नगर निगम चला रहे हो तो क्या वार्ड की संख्या बढ़ाकर राजनीतिक उद्देश्य के लिए दो नगर निगम बनाए थे। सीजे पंकज मित्थल व जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह मौखिक टिप्पणी सोमवार को ओपी टांक की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **हाईकोर्ट ने नगर निगम हैरिटेज और ग्रेटर के कई विभागों का कामकाज एक ही अफसर के संभालने के मामले में कड़ी मौखिक टिप्पणी की है**
- **अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि जब दो नगर निगम नहीं संभल रहे हैं तो शहर को ही दो हिस्सों में बांटकर नया शहर बसा देते, ताकि नया नगर निगम नए कर्मचारियों के साथ काम-काज तो करता**

अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह आगामी सुनवाई को बताए कि निगम का कौनसा अफसर किस जगह पदस्थापित है। अदालत ने कहा कि दो निगम बनाने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने अक्टूबर 2019 में शहर के विकास को सुचारू गति और प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण के नाम पर जयपुर नगर निगम को हैरिटेज और ग्रेटर नगर निगम के तौर पर दो निगमों में बांटा था। इसके बावजूद भी गैराज, उद्यान व टाउन प्लानिंग विभाग सहित अन्य विभागों के एक ही अफसर दोनों निगमों का काम देख रहे हैं। जिस पर राज्य के एएजी अनिल मेहता ने कहा कि जयपुर शहर का विस्तार हो गया है और नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया था। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि यदि दो नगर निगम संभल नहीं रहे हैं तो बनाने की क्या जरूरत थी।

दरअसल पीआईएल में कहा गया कि पूर्व में हाईकोर्ट में नगर निगम के विभाजन को चुनौती दी गई थी। उस समय एजी ने यह कहते हुए राज्य सरकार का बचाव किया था कि दो नगर निगम होने से प्रशासनिक दृष्टि से आसानी रहेगी और क्षेत्र कम होने से अधिकारी कामों की निगरानी कर सकेंगे। जबकि अधिकारियों का बंटवारा केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है, दोनों नगर निगमों के कई पदों पर एक ही अधिकारी काम कर रहे हैं।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम विवाह उपरान्त दिव्या वाट्स (Divya Watts) से बदलकर दिव्या शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे परिवर्तित नाम से जाना जाए, पता-फ्लैट-128, सहयोग अपार्टमेंट, टावर-2, विद्याधर नगर, जयपुर।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rrajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1936 दिनांक-28.10.2022

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 2/76 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री अब्दुल रहीम पुत्र श्री अब्दुल गफ्फूर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 309 दिनांक 22.01.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 08.05.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4367 दिनांक 29.09.2002 के द्वारा श्री राधेश्याम गुप्ता पुत्र श्री मन्नी लाल गुप्ता के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 19.01.2004 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री राधेश्याम गुप्ता की मृत्यु दिनांक 22.02.2019 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मन्जुलता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री राधेश्याम गुप्ता ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र हकत्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्रीमती मन्जुलता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री राधेश्याम गुप्ता के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती मन्जुलता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री राधेश्याम गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उपआवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rrajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/950 दिनांक-21.06.2022

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 13/496 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 46.080 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री प्रकाश चन्द दुआ पुत्र श्री जेठानन्द दुआ को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4075 दिनांक 27.02.1987 को [illegible] ... उक्त जाहिर आम सूचना उपआवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक:- DHC-II/1955 जाहिर आम सूचना दिनांक: 31/10/22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 42/38/04, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 43.470 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री नत्थू मल पुत्र श्री टहल राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 71 दिनांक 29.09.1986 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 22.11.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात् श्री नत्थू मल की मृत्यु दिनांक 03.07.1991 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग [illegible] ... आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। सुनील अग्रवाल पुत्र श्री बालमुकन्द अग्रवाल के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्री सुनील अग्रवाल पुत्र श्री बालमुकन्द अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के एकल नाम से हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

खोया पाया

मकान संख्या 114/166, सैक्टर 11, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का अलोटमेन्ट लेटर नम्बर 5098 दिनांक 31.03.1997 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। विजय गिदवानी

मकान नं. 34/60, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के ओरिजनल दस्तावेज भौतिक कब्जा पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें- चन्द्र प्रकाश जौहर-8800955900

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालयADJ-I साहब स्थान हिण्डौन सिटी मीनू भारद्वाज विरूद्ध अंशू कुमार शर्मा
वाद/प्रार्थना पत्र धारा 13 H.M. Act
प्रार्थना-पत्र संख्या 84/2021 सन्

नाम अंशू कुमार शर्मा पुत्र मोहन लाल शर्मा जाति ब्राह्मण नि. कौशल नगर, जागीर बांदीकुई जिला-दौसा (राज.)। उक्त प्रार्थियां ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 14 माह 11 सन् 2022 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 2 माह 11 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई। आज्ञा से- सीनियर रीडर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं.-1, हिण्डौन सिटी

(मुहर)

MRF Limited
Regd. Off: 114, Greams Road, Chennai 600 006 Email: mrfshare@mrfmail.com; Tel.:044-28292777; Fax: 91-44-28295087 CIN: L25111TN1960PLC004306; Website: www.mrftyres.com

Notice is hereby given that the following share certificates are reported misplaced or lost or stolen and the Shareholders/Claimants thereof have appealed to the Company for issue of duplicate share certificates:
Share Cert No. 202746 for 50 shares bearing distinctive nos. 698461-698510 all inclusive under Ledger Folio no.P04903 in the name of **Mr. HARI NARAIN PARWAL** and **Mrs. SANTOSH MANIHAR** residing at **No. J-181/G, SANGRAM COLONY,MAHAVEER MARG, C-SCHEME, JAIPUR - 302001**
The public are hereby warned against purchasing or dealing in any way, with the above share certificates. Any person[s] who has/have any claim in respect of the above share certificates should lodge such claim in writing to the Company at the address mentioned above within 21 days from the date of publication of this notice, after which no claim will be entertained and the Company will proceed with the issue of duplicate share certificates.

For MRF LIMITED
S. DHANVANT KUMAR
Company Secretary

Chennai
November 2, 2022

कार्यालय नगर पालिका मण्डावरी (दौसा)

क्रमांक-न.पा.म./2022/2790 दिनांक-7.11.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तृतीय चरण के दौरान 69-ए, पट्टे/नवीनीकरण/पट्टा स्तान्तरण/पूर्ण स्वामित्व पट्टा प्राप्त करने के लिये पत्रावलिया प्राप्त हुई है उक्त पत्रावलियों में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में मय लिखित सबूत पालिका में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा वाद मियाद कोई उज्रदारी मान्य नहीं होगी।

अतः सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 7.11.2022 को जारी की है।

आपत्ति आमंत्रण सूचना

क्र.सं.	आवेदक का नाम	मोहल्ला/वार्ड	क्षेत्रफल वर्गगज
1	श्री ओमप्रकाश माली पुत्र श्री रेवडमल माली	माली मोहल्ला	83.33
2	श्री चन्द्रशेखर सोनी पुत्र श्री राजमल सोनी	सोनी मोहल्ला	329.21
3	श्री गजानन्द योगी पुत्र श्री प्रहलाद योगी	जोगी मोहल्ला	97.55
4	श्री रेवडमल पुत्र श्री माधोलाल शर्मा	माली मोहल्ला	73.33
5	श्री राहुल अग्रवाल पुत्र श्री विनोद अग्रवाल श्री आकाश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल	मैन मार्केट हताई चौक	50.48
6	श्रीमती माया देवी पत्नी श्री विनोद अग्रवाल श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री राजेन्द्र प्रसाद	हताई चौक	93.94
7	श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री जगदीश अग्रवाल	नाईयों का मोहल्ला	100.44
8	श्री मुरारी लाल गोयल पुत्र श्री रामफूल गोयल	खेंडा वालों का मोहल्ला	119.77
9	श्री सोहिल खान पुत्र श्री गफ्फार खान	गंगापुर रोड, मण्डावरी	36.25
10	श्री रामराज योगी पुत्र श्री भूरा लाल योगी	योगी मोहल्ला	130.10
11	श्री सत्यनारायण गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता पुत्र श्री प्रहलाद गुप्ता	हताई मोहल्ल	156.01
12	श्री नवल किशोर, भोमराज मीना पुत्र श्री रेवड मल मीना	पशु चिकित्सालय के पास	229.44
13	श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र श्री रामजी लाल शर्मा (पण्डा)	मूर्ति मोहल्ला	66.66
14	श्री गोपाललाल गोयल पुत्र श्री रामफूल गोयल	जोगी मोहल्ला	210.64
15	श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री रामकेश मीना	मण्डावरी	38.33

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डावरी

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डावरी (दौसा)

क्रमांक- कृ.उ.म.स./आवंटन/2022-23/778-785 दिनांक- 4.11.2022

आवंटन प्रेस विज्ञप्ति सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डावरी के मुख्य मंडी यार्ड में निर्मित रिक्त 3 फुटकर दुकान एवं 1000 मैटिक टन के सामान्य गोदाम का आवंटन नीति 2005 के निहित प्रावधानों व संशोधनों अन्तर्गत 99 वर्षीय लीज पद्धति पर जहां है, जैसी है, (यथा स्थिति) में विभिन्न प्रयोजनों हेतु सारणीनुमान निर्धारित नीति, नियम एवं प्रक्रियानुसार आवंटन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम दिनांक 19.12.2022 तक आवेदन पत्र शुल्क 500/- रूपये जमा करवाकर आवेदन पत्र प्राप्त कर उसी दिनांक को सायं 05.00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है। आवेदन से पूर्व पात्रता, वर्गवार आरक्षण, वर्गवार रिक्त फुटकर दुकानों एवं 1000 मैट्रिक टन सामान्य गोदाम की स्थिति तथा इस सम्बन्ध में अन्य नियम व समस्त शर्तो की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

अचल सम्पत्ति आवंटन नीति के प्रावधान, आरक्षण व शर्तो हेतु विभागीय website www.agriculture.rajsthan.gov.in/mandi पर आवंटन नीति 2005 व संशोधित प्रावधानों का अवलोकन करें। आवंटन तिथि तक राज्य सरकार द्वारा किया गया कोई भी संशोधन मान्य होगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, मण्डावरी

राजस्थान की मूंगफली की पाकिस्तान और चीन में डिमांड

बीकानेर में इस बार एक करोड़ बोरी से ज्यादा का प्रोडक्शन हुआ

बीकानेर, (कासं)। यहां की मूंगफली एक बार फिर चीन और पाकिस्तान सहित दुनिया के दर्जनभर देशों तक पहुंचने वाली है। दरअसल, इस बार मानसून की शानदार बारिश के चलते रिकार्ड उत्पादन हुआ है। अकेले बीकानेर शहर की अनाज मंडी से एक करोड़ बोरी का व्यापार होने वाला है, जबकि जिले की अन्य मंडियों से भी कमोबेश इतनी ही मूंगफली किसान से बाजार तक पहुंचने वाली है।

गुजरात के बाद देशभर में सबसे ज्यादा मूंगफली उत्पादन करने वाले राजस्थान में बीकानेर अव्वल है। इस बार बीकानेर के नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ और बज्जू सहित अधिकांश एरिया में किसानों ने मूंगफली की जमकर बुवाई की है। पिछले करीब एक महीने से मूंगफली मंडी में पहुंच रही है लेकिन दीपावली के बाद इसका सीजन परवान चढ़ गया है।

बीकानेर अनाज मंडी में हर रोज एक लाख बोरी मूंगफली पहुंच रही है। इन बोरियों की हाथों-हाथ बोली भी लग रही है। मंडी व्यापारियों का प्रयास है कि हर रोज एक से डेढ़ लाख बोरी तक का व्यापार हो जाए ताकि किसानों को सामान लाने के लिए जगह मिलती रहे। इस बार मूंगफली का दाना काफी बड़ा है।

बीकानेर की मूंगफली चीन और पाकिस्तान में डिमांड बढ़ी है। केंद्र सरकार अगर रोक नहीं लगाती है तो पाकिस्तान में भारतीय मूंगफली की जमकर बिक्री होने वाली है। बीकानेर अनाज मंडी के अध्यक्ष मोतीचंद सेठिया का कहना है कि पाकिस्तान मूंगफली निर्यात के लिए भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

उधर, चीन में भी बीकानेरी मूंगफली की डिमांड बढ़ी है। चीन में मूंगफली के तेल का

- **बीकानेर अनाज मंडी में हर रोज एक लाख बोरी मूंगफली पहुंच रही है**
- **अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम, बांग्लादेश और यूक्रेन में बीकानेरी मूंगफली पहुंचती है**

उपयोग भी पिछले सालों में बढ़ा है। ऐसे में इस देश में निर्यात लगातार बढ़ता जा रहा है। बीकानेरी मूंगफली की डिमांड चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश और यूक्रेन में बीकानेरी मूंगफली पहुंचती है। इस बार भी इन देशों के व्यापारी मूंगफली की डिमांड कर रहे हैं। भारत में बीकानेरी मूंगफली नई दिल्ली, हरियाणा, बिहार, पंजाब के अलावा सर्वाधिक मूंगफली उत्पादन करने वाले गुजरात में भी बीकानेरी मूंगफली का बोलबाला है।

किसानों की मानें तो इस बार नहरी क्षेत्र में आठ क्विंटल का उत्पादन प्रति बीघा हुआ है। वहीं कुए और बारानी क्षेत्र में आठ से दस क्विंटल तक मूंगफली का उत्पादन इस बार हुआ है। हर साल की तुलना में इस बार ज्यादा मूंगफली बाजार तक पहुंची है।

बीकानेर अनाज मंडी में अच्छी क्वालिटी की मूंगफली का भाव इस समय 6500 रुपए तक मिल रहा है। वहीं अन्य मूंगफली का भाव 5600 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है।

दो सगे भाईयों समेत चार दोस्तों की मौत

बर्थ-डे सेलिब्रेट कर लौटते समय कार डिवाइडर से टकराई

अनूपगढ़, (कासं)। बर्थ-डे सेलिब्रेट कर लौट रहे युवकों की कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दो सगे भाईयों समेत चार दोस्तों की मौत हो गई।

एक्सीडेंट इतना जबरदस्त था कि कार को काटकर फंसे हुए युवकों को बाहर निकाला गया। हादसा श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में बीती देर रात डेढ़ बजे हुआ। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। अनूपगढ़ डिप्टी जयदेव सियाग ने बताया कि हादसा अनूपगढ़-रायसिंहनगर सड़क मार्ग पर गांव 87 जीबी के पास हुआ। हादसे में अनूपगढ़

- **गाड़ी काटकर निकालने पड़े शव**

के वार्ड 28 निवासी जितेंद्र (25) और अंकुश (23), साहिल जुनेजा (22), वार्ड 25 निवासी रोहित (23) की मौत हो गई। मरने वालों में जितेन्द्र और अंकुश सगे भाई हैं। गंभीर रूप से घायल वसीम अकरम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सियाग ने कहा कि रविवार को जितेन्द्र का बर्थ-डे था। ये लोग अनूपगढ़-रायसिंहनगर मार्ग पर स्थित ग्रीन स्टार होटल में बर्थ-डे मनाने गए थे। देर रात सभी कार से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार तीन युवकों की मौत हो चुकी थी। वहीं अन्य युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सुबह लोग पहुंचे तो उन्हें गाड़ी सड़क किनारे दिखाई दी। कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जितेन्द्र के मामा नरेश कुमार ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुष्कर सरोवर में संतों-महंतों ने शाही महास्नान किया

पुष्कर में शाही स्नान करते प्रेमदास व अचला नंद जी महाराज।

पुष्कर, (निसं)। कार्तिक मास में सृष्टि कर्ता श्रीब्रह्माजी के पवित्र पावन मोक्षदायी श्री ब्रह्म सरोवर में ब्रह्म चतुर्दशी के पवित्र पावन अवसर पर पुष्कर तीर्थ के प्रमुख आश्रम मठों के संतों महंत ने राम रमय्या आश्रम के महंत प्रेमदास जी महराज के सानिध्य में राम धूनी के साथ सैकड़ों साधु संतों ने पवित्र सरोवर के सप्त ऋषि घाट पर आस्था की डुबकी लगाकर शाही स्नान कर पुष्कर राज महाराज की पूजा अर्चना आरती कर देश और विश्व की खुशहाली की मंगल कामना की। शाही स्नान में सैनाचार्य स्वामी अचलानन्दाचार्य की अगुवाई में सैकड़ों संत महात्माओं, अनुयायी, भक्तों, धर्मावलम्बियों ने पवित्र पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाई। सैनाचार्य ने सरोवर के किनारे भक्तों एवं पत्रकारों को संम्बोधित किया। रामधनी तिराये पर पूर्व पालिकाध्याक्ष मंजु कुर्डिया, पार्षद ताराचंद गहलोत, दामोदर मुखिया, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश कुर्डियां, दामोदर मुखिया आदि ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। सैन भक्ति पीठ के प्रवक्ता हरिप्रसाद पाराशर ने बताया कि संतों ने स्नान के पश्चात पवित्र पुष्कर सरोवर की परिक्रमा लगाते ब्रह्म घाट, गऊ घाट, सदर बाज़ार, वराह घाट, नया मंदिर, अष्ट-भू वैकुंठ आश्रम होते पुनः भक्ति पीठ शोभायात्रा पहुंची।

- **अलग-अलग समय किया स्नान सन्तो**

'नहर परियोजना पर बंद हो खोखली राजनीति'

हिण्डौन सिटी/टोडाभीम, (निसं)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने कहा है कि ईआरसीपी 13 जिलों के किसानों के जीवन से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण परियोजना है। इस पर किसी भी प्रकार की राजनीति करने के बजाय राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए ईमानदारी से सकारात्मक कार्य करना चाहिए।

- **'जो देगा चंबल का पानी, उसी दल को देंगे वोट'**

प्रदेशाध्यक्ष मीना सोमवार को टोडाभीम के गांव कमालपुरा के पास आयोजित एक किसान सभा को संबोधित कर रहे थे। भामाशाह मीना ने हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों के बीच कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से 13 जिलों की धरा पर लाने के लिए पिछले 5 साल में ईमानदारी से कोई कार्य नहीं हुआ है। किसानों के जीवन से जुडी इस महत्वपूर्ण परियोजना के साथ खोखली राजनीति की जा रही है। किसी भी दल के राजनीतिक लोग हों, उन्हें यह खेल बंद करना चाहिए। मीना ने कहा कि उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में

किसान सभा में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीणा का लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

शामिल 83 विधायकों व करीब 10 सांसदों को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए सकारात्मक ढंग से दबाव बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना घोषित होने से ही 13 जिलों की सिंचाई और पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि 13 जिलों के किसान खोखली राजनीति के खेल को समझ चुके हैं। अब वे किसी भी नेता के झूठे और लच्छेदार भाषणों के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। क्षेत्र के किसान ऐलान कर चुके हैं कि चंबल का पानी नहीं, तो वोट भी नहीं। इसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा। किसान यह भी एलान कर चुके हैं कि जो देगा चंबल का पानी, उसी दल को देंगे वोट। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के इस आव्हान का किसानों ने हाथ उठाकर समर्थन किया तथा पानी पर सियासत नहीं चलने देंगे, ईआरसीपी पर राजनीति नहीं होने देंगे के नारे लगाए।

किसान सभा को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के संयोजक अमर सिंह नीमरोट और प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर ने संबोधित करते हुए कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से 13 जिलों की धरा पर आएगा तो पूरा क्षेत्र सरसब्ज हो जाएगा।

गोली लगने से विवाहिता की मौत

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की रिण्डलिया ग्राम पंचायत के पीमुण गांव निवासी एक विवाहिता की गोली लगने से हुई मौत के बाद पुलिस ने मौके से अवैध एक नाली बन्दूक जब्त कर शव को मालपुरा के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मौके पर मौजूद परिवारजनों में रामजीलाल की पहली पत्नी कैलाशी मोग्या ने दी रिर्पोट में बताया कि मृतक ललीता जो कि रामजीलाल के दूसरी पत्नी के रूप में नाता प्रथा से लाई गई थी।

- **अवैध नालीदार बन्दूक जब्त कर शव को मोर्चरी में रखवाया**

दोनों के बीच सोमवार की सवेरे हुए झगड़े के बाद रामजीलाल केकडी चला गया तथा परिवार के अन्य पुरूष व महिलाएं खेत व जंगल में चले गये। दोपहर में अचानक बन्दूक के धमाके की आवाज सुन वो डेरे के पास पहुंची तो ललीता के सीने में गोली लगी हुई थी शव जमीन पर पड़ा था तथा पास में बन्दूक पड़ी थी। जिससे प्रथम दृश्टया ललीता ने बन्दूक की गोली लगा स्वयं को मौत के घाट उतारना प्रतित होता है।

जोधपुर से अजमेर ट्रांसफर होगा तलाक का केस

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने तलाक से जुड़े एक मामले को जोधपुर से अजमेर ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। अजमेर निवासी एक महिला ने याचिका दायर कर हाईकोर्ट में अपील की थी कि उसके पति की तरफ से जोधपुर में दायर तलाक के मामले को अजमेर फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए।

अजमेर निवासी ममता की शादी 28 नवम्बर 2019 को जोधपुर निवासी रोहित कुमार के साथ अजमेर में हुई। उसका आरोप है कि शादी के बाद उसके पति रोहित कुमार ने जोधपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की। ममता की तरफ से कोर्ट में उसके वकील गोपाल सांदू ने कहा

- **महिला ने परिवार में पुरुष सदस्य नहीं होने व 206 किमी सफर तय करने का दिया हवाला**

कि वह अपने परिवार में अकेली है। कोई पुरुष सदस्य नहीं होने के कारण उसके लिए फैमिली कोर्ट की पेशी पर 206 किलोमीटर का सफर तय कर आने में दिक्कत होती है। ऐसे में उसका केस अजमेर के फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए।

न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास की कोर्ट में रोहित के वकील की तरफ से तर्क दिया गया कि अजमेर राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच के तहत आता है। ऐसे में जोधपुर में हाईकोर्ट इस बारे में फैसला नहीं दे सकता। इस बारे में ममता के वकील सांदू का कहना था कि जोधपुर में हाईकोर्ट की मुख्य पीठ है और जयपुर में सिर्फ बेंच। ऐसे में मुख्य पीठ पूरे राजस्थान से जुड़े मामलों पर फैसला दे सकती है। उनका तर्क था कि सुप्रीम कोर्ट इस बारे में स्पष्ट कर चुका है कि तलाक से जुड़े मामलों को जहां पत्नी निवास करती है वहां ट्रांसफर किया जा सकता है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास ने ममता व रोहित के तलाक से जुड़े मामले को अजमेर फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर करने का फैंसला दिया।

दो दिन बंद रहेंगे बाबा श्याम के पट

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। ग्रहण शुद्ध होने के बाद बाबा श्याम की आरती की जाएगी लेकिन बाबा श्याम के पट श्रद्धालुओं के नहीं खुलेंगे।

इसके साथ ही बुधवार को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार का कार्यक्रम होगा जिसके कारण विशेष पूजा के चलते पूरे दिन बाबा श्याम के मंदिर के पट बंद रहेंगे शाम 5 बजे बाद तिलक होने के बाद ही बाबा श्याम के पट खुलेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसको लेकर एक नवंबर को ही आम सूचना जारी कर दी थी। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि 8 नवंबर को पूरे दिन व 9 नवंबर को शाम 5 बजे बाद ही खाटू धाम पहुंचे जिसे असुविधा में न हो।

बाजार भाव अधिक रहने से सरकारी मंडी में मूंगफली बेचने नहीं गए किसान

मूंगफली का खरीद मूल्य 5850 रुपए प्रति क्विंटल रहने से एक भी किसान ने नहीं कराया रजिस्ट्रेशन

चाकसू, (निसं)। सरकार ने किसानों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ फसलों की लगभग सभी जिंसों के समर्थन मूल्य पर खरीद के भाव बढ़ा दिए हैं। चाकसू में संचालित क्रय विक्रय सहकारी समिति ने 18 नवंबर से मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। क्रय विक्रय सहकारी समिति चाकसू के मुख्य प्रबंधक महेंद्र सिंह रिणवा एवं लेखापाल जगदीश शर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर से जिंस बेचने वाले किसानों के रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो चुके हैं, लेकिन एक किसान ने भी मूंगफली बेचने के लिए अपना पंजीकरण नहीं करवाया।

रिणवा ने बताया कि सरकार ने समर्थन मूल्य में 575 रुपए मुल्य की बढ़ोतरी करते हुए इस बार मूंगफली का खरीद मूल्य 5850 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया लेकिन वर्तमान में चाकसू मंडी में अच्छी क्वालिटी की मूंगफली 6200 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बिक चुकी है। 5600 से 6000 तक के बाजार भाव चल रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकसू कृषि मंडी में 8 से 10 हजार बोरी मूंगफली की रोजाना आवक हो रही हैं।

इस स्थिति में सरकारी खरीद मूल्य पर मूंगफली की बिक्री संभव नहीं है। यही कारण है कि किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया, एक भी टोकन जारी नहीं हुआ। किसानों को अभी भी भावों में बढ़ोतरी की संभावना लग रही है इसके चलते समृद्ध किसानों ने अपना माल नहीं निकाला है।

पैंथर ने 15 बकरियों का शिकार किया

उदयपुर, (कासं)। जिले के टीडी थानाक्षेत्र में स्थित केलुपोश मकान में घुस कर पैंथर ने चार बकरे व ग्यारह बकरियों की हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में सराड़ा वन क्षेत्र टीडी वान्द्रा फला गांव निवासी सुरेश पुत्र लालजी मीणा के केलुपोश मकान की छत पर चढ कर केलु हटा कर पैंथर अंदर घुसा तथा बकरियों का शिकार किया। दूसरे दिन सोमवार सवेरे ग्रामीणों की सूचना पर सरड़ा वन क्षेत्र रेंजर सुरेन्द्रसिंह के निर्देश पर वन विभाग के फोरेस्टर व टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतक बकरे व बकरियों का पोस्टमार्टम किया। पीडित को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही शुरू की। वन विभाग की टीम पेंथर को पकडने के लिए मंगलवार को मौके पर पिंजरा लगाएगी।

पिछोला की पाल टूटी तो आधे उदयपुर को होगा बड़ा नुकसान: भींडर

पूर्व विधायक ने राज्यपाल को लिखा पत्र, मोरबी जैसी घटना होने की जताई आशंका

कानोड़, (निसं)। पूर्व विधायक व जनता सेना के सुप्रीमो रणधीर सिंह भींडर ने राज्यपाल को पत्र लिखकर उदयपुर पिछोला झील की पाल को खतरा बताते हुए मोरबी जैसी घटना होने की आशंका जताई है। पूर्व विधायक ने जल्द ही पिछोला की पाल को सुरक्षित करने की मांग की है। पूर्व विधायक ने लिखे पत्र में बताया कि मोरबी गुजरात में पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होकर टूट जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई। प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के कारण ऐसा हादसा उदयपुर शहर में भी हो सकता है।

उदयपुर पिछोला झील का निर्माण कहीं दशकों पूर्व हुआ था और उसकी पाल को सुरक्षित रखने के लिए पाल के नीचे समोर बाग में संकेतक के रूप में एक पुतली लगाई गई थी जिसमें से पानी की धारा निकलती है। उस पुतली के मटके में से धारा निकलकर कुंड में गिरती है

रणधीर सिंह भीण्डर

परंतु अब न केवल मटके बल्कि पुतली के आस-पास से कई जगह से पानी की धारा निकलने लगी है।

जानकारी से पता चला है कि भराव क्षमता निर्माणकर्ताओं द्वारा साढे आठ फीट की गई थी परंतु पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण 11 फीट तक भराव किया जा रहा है जिससे अनावश्यक दबाव पाल पर

- **भराव क्षमता साढे आठ फीट होने के बाद भी पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन 11 फीट तक भराव कर रहा है**

पडने लगा है। पिछोला से पाइप द्वारा गुलाब बाग के फव्वारे इत्यादि चलाए जाते थे जो बंद कर दिए गए हैं, पैलेस के पास से पानी की निकासी हेतु एक नहर थी उसको भी कतिपय लोगों ने बंद कर दिया है।

बड़ी पाल के ऊपर कभी कोई दबाव नहीं डाला गया था परंतु अब वहां कई वाहन खडे रहते हैं, आजकल पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ गई है और कई बार पार्टियां होने से लोगों का आवागमन भी बढ़ा है। नाई से आने वाली नदी का प्रेशर दूध तलाई से सीधी आने से पाल पर दबाव नहीं पडता था परंतु दूध तलाई को पिछोला से काट दिया गया है, अब नदी का बहाव सीधा पाल से टकराता है जिससे पिछोला की पाल को खतरा बना हुआ है। पत्र में लिखा कि अगर पिछोला की पाल को थोड़ा सा भी नुकसान होता है तो आधा उदयपुर इसकी चपेट में आ जाएगा जो कि मोरबी गुजरात से भी बड़ा हादसा हो सकता है।

पूर्व विधायक ने लिखा कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार राज्य सरकार को ज्ञापन द्वारा सिंचाई विभाग, नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अवगत करा चुके हैं परंतु केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। ऐसे में राज्यपाल से मांग की है कि उदयपुर को समय रहते इस हादसे से बचा ले वरना ऐतिहासिक पिछोला झील का नामोनिशान न मिलने के साथ ही काफी बर्बादी होगी।

प्रारंभिक स्कूलों में फिर मिलेंगी किताबें

नोखा, (निसं)। अब स्कूलों में पुरानी व्यवस्था लागू होने जा रही है। किताब के लिए अब पैसे नहीं मिलेंगे बल्कि उसके बदले में स्कूलों में किताब दी जाऐंगी। वर्ष 2023 -24 में बच्चों को स्कूलों में किताब का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके लिए अभी से ही शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी स्कूलों से रिपोर्ट मांगी जा रही है। ताकि समय से बच्चों को पठन-पाठन के लिए किताब उपलब्ध कराई जा सके। कक्षा

- **सत्र 2023-24 में बच्चों को किताबों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा**

1 से लेकर 8 तक के बच्चों को सरकार द्वारा निःशुल्क किताब का वितरण किया जाएगा। इस बार बच्चों को किताब सही समय पर दी जाऐंगी। पिछले कई बार से शिक्षा विभाग के लेटलतीफी के कारण बच्चों को सही समय पर किताब नहीं मिल पाती थी।

इस बार के सेशन सत्र में बच्चों को किताब दी जाएंगी। अब स्कूलों में छात्रों छात्राओं के बीच पुस्तक का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी को अपने -अपने विद्यालय के छात्र - छात्राओं की संख्या विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सेवा पुस्तिका के लिए छह माह से लगा रहे चक्कर

कानोड़, (निसं)। चित्तौड़गढ़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक को रिश्वत लेने के मामले में एसीबी से ट्रेप करवाना एक सेवानिवृत्त अल्प वेतनभोगी कार्मिक के लिए इतना मंहगा पड़ा कि वह बीते 6 महीने से अपनी सेवा पुस्तिका के लिए विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाने को विवश है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे को पत्र भेजकर केवल औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को सेवा पुस्तिका उपलब्ध करवाने के लिए आदेश पर आदेश निकाले जा रहे हैं लेकिन उनकी पालना करता कोई नहीं दिख रहा है।

यह पूरा मामला डूंगला तहसील के गांव बड़वाई रहने वाले चिकित्सा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी रामलाल श्रीमाली का जिन्होंने हाईकोर्ट द्वारा एमपीडब्ल्यू वेतन विसंगतियों को लेकर पक्ष में फैसला आने के बाद अपने दो अन्य साथियों के साथ फिक्सेशन के लिए अपनी सेवा पुस्तिका बड़ी सादड़ी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत बाबू प्रताप सिंह के कहे अनुसार सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ लेखाधिकारी मूलचंद वर्मा को दी व फिक्सेशन करने को कहा लेखाधिकारी वर्मा ने फिक्सेशन के पेटे 20 हजार की

- **आदेशों की हो रही अवहेलना**
- **रिश्वतखोर को एसीबी में पकड़वाना कार्मिक को पड़ा महंगा**

मांग की तो प्रार्थी ने बाद प्रार्थी ने परेशान होकर एसीबी में शिकायत कर उक्त कर्मचारी मूलचंद वर्मा को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए एसीबी से पकड़वा दिया। इस दौरान रामलाल श्रीमाली सहित दो अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका मूलचंद वर्मा व उसी विभाग में कार्यरत रमेश चंद भील के पास रह गई जो अब सेवा पुस्तिका उनके पास नहीं होने की बात कह रहे हैं। जबकि एसीबी की कार्रवाई के दौरान भी उक्त रिकॉर्डिंग में लेखा अधिकारी मूलचंद ने कहा था कि सेवा पुस्तिका रमेशचंद्र भील के पास है, वह तुम्हें दे देगा। प्रार्थी का कहना है कि इस बात को एसीबी ने अपनी कार्रवाई में शामिल नहीं किया जिससे इतना सब कुछ होते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

सेवा पुस्तिका दिलाने की मांग को लेकर प्रार्थी रामलाल श्रीमाली ने निर्देशक राजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़, जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ सहित संबंधित विभाग अधिकारियों से गुहार लगाई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने पत्राचार के माध्यम से उक्त सेवा पुस्तिका प्रार्थी को दिलवाने के आदेश दिए लेकिन उन आदेशों की कोई पालना संबंधित विभाग व कार्मिकों द्वारा नहीं की जा रही है, जिस कारण सेवानिवृत्त कर्मचारी रामलाल श्रीमाली के साथ ही दो अन्य सहकर्मी प्रेम शंकर पुत्र पन्नालाल भरावा, सोहनलाल पुत्र लालू चौधरी भी अपनी सेवा पुस्तिका के लिए विभाग कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। एसीबी की कार्रवाई बताकर पुलिस भी मामला दर्ज करने से मुंह मोड़ रही है। परेशान पेंशनर रामलाल श्रीमाली ने एक प्रेस विज्ञिप्त जारी कर कहा है कि अगर जल्द ही विभाग उनकी सेवा पुस्तिका नहीं दिलाता है, तो वह जिला कलेक्टर कार्यालय के साथ ही एसीबी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे।

महापौर उपचुनाव : 'क्रॉस वोटिंग' की संभावना से भाजपा चिंतित तो कांग्रेस को जीत की उम्मीद

बाड़ेबंदी से दूर हैं दोनों पार्टियों के कुछ पार्षद, प्रत्याशी चयन को लेकर भी नाराजगी बरकरार

- शील धाभाई सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंची, आचार संहिता लागू रहने के कारण सरकारी कामकाज से दूर रही लेकिन चेहरे पर मेयर प्रत्याशी न बनाने का दर्द झलकता दिखा
- नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया, ऐसे में अब कांग्रेस उम्मीदवार हेमा सिंघानियां और भाजपा की रश्मि सैनी के बीच होगी टक्कर

जयपुर (कासं)। ग्रेटर नगर निगम महापौर की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसका फैसला 3 दिन बाद होगा। महापौर उपचुनाव में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। ऐसे में अब कांग्रेस से हेमा सिंघानिया और भाजपा से रश्मि सैनी चुनाव मैदान में डटी हुई हैं। मगर दोनों ही पार्टियों को क्रॉस वोटिंग का डर सता रहा है। यही वजह है कि दोनों दलों ने अपने-अपने पार्षदों पर निगरानी बढ़ा दी है।

सूत्रों की मानें तो 'क्रॉस वोटिंग' की संभावना के चलते जहां भाजपा के नेता चिंतित हैं तो कांग्रेस को इसी के मार्फत जीत की उम्मीद है। ऐसे में दोनों ही दल कशमकश में हैं। दरअसल भाजपा के 85 पार्षद हैं। संगठन दावा कर रहा है कि सभी पार्षद बाड़ेबंदी में मौजूद है, जबकि हकीकत में अब भी 10 से 12 पार्षद बाड़ेबंदी से बाहर हैं। इसी तरह कांग्रेस के भी 30 से 35 पार्षद ही बाड़ेबंदी में पहुंचे हैं। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियां आशंकित हैं कि कहीं क्रॉस वोटिंग ना हो जाए। वजह यह भी है कि कई पार्षद और बड़े नेता ऐसे हैं, जो मेयर प्रत्याशी के चयन से भी नाराज है। हालांकि विधायक और विधायक प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदों से संपर्क करके उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश करने में जुटे हैं। उधर बाड़ेबंदी के बीच सोमवार दोपहर को शील धाभाई ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पहुंची। जहां उन्होंने कई पार्षदों और अधिकारियों से मुलाकात की। भाजपा द्वारा महापौर प्रत्याशी नहीं बनाने का दर्द उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। उन्होंने अपनी पीड़ा भी जाहिर की। इस दौरान निर्दलीय पार्षद स्वाति परनामी भी उनसे मिलने पहुंची।

सौम्या गुर्जर की याचिका पर सुनवाई 9 नवंबर को

जयपुर (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की बर्खास्त मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर की याचिका पर सोमवार को भी राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकल पीठ में यह मामला सूचीबद्ध था, लेकिन समय अभाव के चलते नहीं सुना जा सका। अब मामले की सुनवाई के लिए 9 नवंबर का समय दिया है। सौम्या ने सरकार की ओर से बर्खास्तगी एवं चुनाव पर रोक लगाने को चुनौती दी थी। इससे पहले भी सौम्या गुर्जर के मामले में 3 नवंबर को भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। जिस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 7 नवंबर का दिन तय किया था।

ईडब्ल्यूएस आरक्षण फैसले का स्वागत

जयपुर। प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बैंच में आज एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। इसका स्वर्ण आरक्षण मंच एवं सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने स्वागत किया है और कहा है कि न्याय की जीत हुई है।

उन्होंने कहा कि इस आरक्षण को पाने के लिये लगभग दो दशकों तक हमने संघर्ष किया ओर सरकार ने हमारी बात को सुना कि आरक्षण से वंचित सवर्ण जातियों को भी ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में आरक्षण देना चाहिए। पं. सुरेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि इस आरक्षण को पाने के लिये मैने आमरण अनशन किया, लाठियां खाई, लाखो लाख ब्राह्मणों की रैलियां करी और हमारा एक लम्बा संघर्ष रहा उसी की परिणिति में यह आरक्षण मिला और आज सुप्रीम कोर्ट ने इस पर मोहर लगाकर यह सिद्व कर दिया है कि हम सही थे, क्योंकि अगड़ो में पिछडे 50 वर्षो में हो गये थे। उनके हक के लिये उनको आगे बढने का अवसर मिले। इस भावना के साथ यह आरक्षण मिला, सुप्रीम कोर्ट ने हम सबके साथ न्याय किया है।

निष्काम प्रेम सबसे बड़ा तप है : साध्वी ऋतंभरा

विद्याधर नगर सेक्टर-7 में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम आज

जयपुर (कासं)। परम शक्तिपीठ के तत्वावधान में वृंदावन की श्री सर्व मंगला पीठम् की स्थापना के निमित्त विद्याधर नगर सेक्टर-7 के अग्रसेन पार्क के सामने हो रही दीदी मां साध्वी ऋतंभरा की श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, वेणुनाद, रूक्मणि मंगल विवाह महारास सहित अनेक प्रसंगों का श्रवण करवाया। प्रारंभ में कथा के मुख्य यजमान शिव कुमार मोदी ने व्यासपीठ का पूजन कर आरती उतारी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी कथा श्रवण करने पहुंची।

कृष्ण-रूक्मणि विवाह के प्रसंग के दौरान कथा पांडाल में विवाह के मंगल गीत गूंजे। कृष्ण और रूक्मणि के स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। युगल पर पुष्प वर्षा की। जैसे ही रूक्मणि और कृष्ण ने एक-दूसरे के गले में वरमाला डाला ती पूरा कथा स्थल जयकारों से गूंज उठा। विवाह के गीतों पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से नृत्य कर खुशी प्रकट की। श्रद्धालुओं ने रूक्मणि पर न्योछावर भी की। कार्यक्रम संयोजक सौरभ गोयल ने बताया कि मंगलवार को दोहपर दो से शाम पांच बजे तक सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की बाद ब्रज की फूलों की होली खेली जाएगी। साध्वी ऋतंभरा ने प्रसंगानुसार कहा कि रूक्मणि ने भगवान कृष्ण से निष्काम प्रेम किया। निष्काम प्रेम सबसे बड़ा तप है। प्रेम करने वाले से प्रेम किया जाए तो यह सामान्य घटना है लेकिन प्रेम नहीं करने वालों से प्यार किया जाए यह उच्च स्तर का प्रेम है। प्रेम के लिए ही भगवान कृष्ण ने अनेक बाल लीलाएं की। गोपियों का प्रेम पाने के लिए भगवान कृष्ण ने छाछ के लिए नाचना तक स्वीकर कर लिया। निष्कपट प्रेम में कोई शर्त और शर्म नहीं होती। गोपियों के चीर हरण लीला के प्रसंग में उन्होंने कहा कि अविद्या का आवरण हटाना ही चीर हरण की लीला है।

कथा से पूर्व सुबह के सत्र में जयपुर सहित देश के विभिन्न शहरों से अधिक श्रद्धालुओं ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने युग पुरुष स्वामी परमानंदगिरी महाराज को गुरू के रूप में वरण किया। व्यासपीठ से साध्वी ऋतंभरा ने मंत्रोच्चार के साथ दीक्षा ग्रहण करवाते हुए दीक्षार्थियों को सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समय निकालने का आव्हान किया। उधर, कई लोगों ने वृंदावन की श्री सर्व मंगला पीठम् की स्थापना के आर्थिक सहयोग दिया। कई लोगों ने गुप्तदान भी किया।

नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म

जयपुर । विद्याधर नगर में नाबालिग युवती को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने दोस्ती गांठकर युवती को अपने जाल में फंसाया और उसे नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोशी की हालात में उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद अश्लील फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर दरिंदगी का शिकार बनाया। विद्याधर नगर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि विद्याधर नगर निवासी 17 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी मुलाकात सेक्टर-3 रामनगर शास्त्री नगर निवासी प्रिंस (23) से हुई थी। जिसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी। लगातार बात होने के कारण दोनों में दोस्ती हो गई। जून 2021 में आरोपी प्रिंस ने उसके विद्याधर नगर स्थित एक कैफे में मिलने बुलाया। कैफे में उसे कोल्डड्रिंक और समोसा ऑफर किया। खाने-पीने में नशीला पदार्थ मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप किया। उसकी न्यूड फोटो-वीडियो मोबाइल में बना लिए। होश आने पर मोबाइल में उसके अश्लील फोटो वीडियो दिखाकर चुप करवा दिया।

5 दिन पहले लापता हुए युवक को पुलिस नहीं ढूंढ सकी तो लोगों का आक्रोश फूटा

आक्रोशित लोगों ने मानसरोवर एसीपी ऑफिस का घेराव कर विरोध जताया

जयपुर (कासं)। मानसरोवर इलाके के मान्यावास गांव में 5 दिन से लापता मुकेश सैनी का कोई सुराग नहीं लगने पर सोमवार को सैकड़ों लोगों ने एसीपी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज ने मुकेश सैनी के परिवार समेत सैकड़ों लोगों के साथ एसीपी ऑफिस के बाहर एकत्रित होकर नाराजगी जताई। भारद्वाज ने चेताया कि कल को अगर कोई अनहोनी हो गई तो इसका ज़िम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा। गुस्साए लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाकर जल्द कार्यवाही की मांग की।

दरअसल, मुकेश सैनी गोपाल नगर स्थित अपने घर से 3 नवंबर की सुबह काम के लिए निकला था। उसने 10 बजे परिजनों को आखिरी कॉल की थी। इसके बाद अब तक भी उसका कोई सुराग नहीं हैं। इसके लेकर सोमवार को कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज ने परिजनों सहित सैनी समाज के सैकड़ों लोगों के साथ मानसरोवर एसीपी कार्यालय का घेराव किया। भारद्वाज ने एसीपी हरिशंकर यादव से बात की और जल्द लापता युवक को ढूंढने के लिए कहा।

वहीं, एसीपी हरिशंकर ने बताया पुलिस की 4 नई टीम गठित की गई है, जो जल्दी ही मुकेश सैनी का सुराग लगाने के लिए काम करेगी और जो टीम पहले से काम कर रही है वह भी अपने काम में गति लाते हुए जल्द ही मुकेश सैनी को वापस लाने के लिए कटिबद्ध है। उधर मुकेश के परिजन भी अपने स्तर पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक मुकेश शुरू से ही पढाई में बहुत अच्छा था। उसके माता-पिता, पत्नी और बच्चे लापता होने के बाद से काफी परेशान हैं। मुकेश के भाई ने बताया कि पहली बार मुकेश इस तरह से गायब हुआ हैं। मुकेश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही हैं। मुकेश ने सीए का भी एग्जाम दिया था, लेकिन वह क्लियर नहीं कर पाया। इसके बाद से वह कई कंपनी में अकाउंट्स का काम किया करता था।

पांच दिन से लापता मान्यावास निवासी मुकेश सैनी को तलाशने की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने एसीपी मानसरोवर कार्यालय का घेराव कर नाराजगी जताई।

रेलवे ट्रेक पर युवक की लाश

जयपुर (कासं)। महेश नगर इलाके में ट्रेन की पटरियों पर सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षत-विक्षत शव का कब्जे में लिया और मोर्चरी में रखवाया। पुलिस को उसके पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 2 बजे त्रिवेणी पुलिया के पास रेलवे ट्रेक पर एक युवक की लाश पड़ी मिली। शरीर से अलग सिर कटी लाश होने का पता चलने पर लोग इकट्ठा हो गए। लोगों की सूचना पर महेश नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवन कर सबूत जुटाए। मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि युवक ने सुसाइड किया है। ट्रेन आते देखकर युवक पटरी पर गर्दन रखकर लेटा हो। ट्रेक से ट्रेन के निकले से शरीर से सिर अलग होने से मौत हो गई। मृतक की उम्र 40-45 साल है। उसने सफेद रंग की बनियान और हल्के ग्रे कलर की पेंट पहनीं है।

सार-समाचार

मेहनतकश लोगों पर पुष्प वर्षा की

जयपुर । वाणी संयम अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इस मुहिम में जयपुर के अनेक स्थानों पर समाज के प्राथमिक सेवा आधार वाले लोगों पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वाणी संयम अभियान के समर्थक और अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भागचंद जैन ने हिस्सा लिया। जयपुर में बाइस गोदाम, नारायण सिंह सर्किल, दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन, नारायण विहार, त्रिवेणी नगर पुलिया, गोपालपुरा बाई पास ऑटो स्टैंड, अजमेर रोड, एसएमएस मुर्दाघर जैसे अनेक स्थानों पर मेहनत मजदूरी करने वालों, जिसमे ऑटोरिक्शा वाले, शव वाहन चालक, चर्मकार, सफाई कर्मी आदि समाज के आधारभूत सेवाएं करने वाले कमजोर आयवर्ग के लोगो पर 125 किलो फूलों से पुष्प वर्षा की गई और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। अचानक हुए इस सम्मान से मेहनतकश लोगो का चेहरा आत्मविश्वास से भरपूर एवं खुशी से खिल उठा ।

बच्चों ने किया विश्व प्रसिद्ध बेले डांस

जयपुर (कासं)। बेले का इतिहास, विश्व के प्रसिद्ध बेले आर्टफॉर्म और इतिहासिक रॉयल पैलेसेज से निकले बेले के विभिन्न रूपों को मंच पर प्रस्तुत किया, कुछ ऐसा ही खूबसूरत नजारा था एलयूनिवर्स दू बेले का। द एनवेलप द्वारा सृजन कार्यक्रम का कलवाड़ा स्थित द गैलेक्सी में आयोजन हुआ। जिसमें अपने आप में नायब अनुभव लिए प्रस्तुतियों में दर्शकों को मैजिक, सुंदरता, रोमांस और कल्पनाओं का शानदार समागम देखने को मिला। ग्रैंड बैलून परफार्मिंग आर्ट स्कूल के इस सालाना आयोजन में लगभग 70 बच्चें और 6 ब्राज़ीलियन बेले आर्टिस्ट्स ने मंच पर इस डांस फॉर्म का प्राचीन रूप प्रस्तुत किया। ग्रैंड बैलून से गुइलहर्मे रामोस और केरिन रामोस के नेतृत्व में स्टूडेंट्स ने नायाब बेले डांस की प्रस्तुति दी। शो के बारे में द एनवेलप से आयोजक जय शर्मा ने बताया कि हर साल के ट्रेडिशन को निभाते हुए इस साल भी ग्रैंड बैलून के सालाना जलसे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स को कुछ खास पलों से रूबरू करवाया।

कर्मचारियों के प्रस्तावित धरने को समर्थन

जयपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति की ओर से 9 सूत्री मांगों को लेकर शहीद स्मारक पर 11 नवम्बर को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को विभिन्न विभागों की ओर से समर्थन मिल रहा है। संघर्ष समिति के प्रदेश प्रवक्ता व सदस्य प्रांतीय संयोजक मंडल देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि धरने के समर्थन में शहीद स्मारक पर 11 नवंबर को निदेशालय पेंशन, सामान्य बीमा, मेडिकल कॉलेज, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, पुरातत्व, नियोजन व श्रम विभाग के मंत्रालयिक कर्मियों ने अपना समर्थन दिया। नरूका ने दावा किया की विशाल धरने में प्रदेश भर के हजारों मंत्रालय कर्मचारी जुटेंगे। उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ मंत्रालयिक संवर्ग में वर्षों से वेतन विसंगति एवं अन्य मांगों को लेकर निरंतर आंदोलन किए हैं। एक भर्ती, एक योग्यता, एक ही परीक्षा परन्तु सचिवालय तथा अधीनस्थ सेवा के मंत्रालयिक कर्मचारियों के शीर्ष पद संस्था पदाधिकारी का आरंभिक वेतनमान 60 हजार 700 है। वहीं सचिवालय के मंत्रालयिक कर्मचारियों के शीर्ष पद वरिष्ठ उपनिदेशक का आरंभिक वेतन 1 लाख 23 हजार 100 है। 62 हजार 400 रुपए मासिक का मूल वेतन में अंतर होने के कारण अधीनस्थ मंत्रालय कर्मियों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को गेट मीटिंग्स को गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, सूरज प्रकाश टाक, सुरेश धाबाई, शेर सिंह यादव, छोटे लाल मीणा, ओम प्रकाश चौधरी, बलराम गुर्जर, सुभाष लुगारिया, मुकेश शर्मा, कौशल कुमार, अनिल पीपरीवाल, महेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा राजेश शर्मा रमेश तिवाड़ी, राजेंद्र राजोरिया आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

सेंट जेवियर्स के उत्कर्ष पारीक और समर्थ घई विजेता घोषित

जयपुर। सेंट जेवियर्स स्कूल द्वारा इण्टर स्कूल आई.टी. क्विज प्रतियोगिता टेकनो-बदंज का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम को ई-एक्सरेज क्लब ने संचालित किया। जिसमें जयपुर के 20 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आई.टी. क्विज प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूल के अलग-अलग नामों से टीम बनाई गई एवं विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी/राउंड के पश्चात् में सेंट जेवियर्स स्कूल टीम के 12 वीं कक्षा के विद्यार्थी उत्कर्ष पारीक व समर्थ घई को अधिकतम अंक प्राप्त करने पर विजयी घोषित किया गया। उन्हें विद्यालय के प्रिसिंपल फादर ऐरोकियम एस.जे. ने चमचमाती ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। द्वितीय स्थान पर केम्ब्रिज कोर्ट एवं तृतीय स्थान पर सुबोध पब्लिक स्कूल रहा । अंत में विद्यालय के प्रिसिंपल द्वारा क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन के लिए समन्वयक डॉ. शाजी थॉमस, उनकी ईएक्सरेज टीम एवं सभी विद्यार्थियों का आभार जताया।

130 किलो बदबूदार पनीर नष्ट कराया

जयपुर । राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा पुखराज सेन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम विजय सिंह फौजदार के निर्देश पर जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा झोटवाड़ा, गोविंदपुरा स्थित श्रीमाया डेयरी में सोमवार को कार्रवाई करते हुए पनीर का नमूना लेकर लगभग 130 किलो बदबूदार पनीर नष्ट करवाया।

इसके साथ ही पनीर की दुकानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत निरीक्षण कर साफ सफाई रखने व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने का निर्देश दिए।

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम में नरेश कुमार,रतन सिंह गोदारा व पुखराज शामिल रहे।

फ्रैंच भाषा का प्रशिक्षण ले रहे 100 से ज्यादा शिक्षक

जयपुर । फ्रेंच इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा आयोजित 5 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय फ्रेंच टीचिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम यूनिवर्सिटी रीजनल डीऑटम-2022 की शुरूआत आज से जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय में हुई। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 11 नवंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर राजीव जैन और फ्रांस के दूतावास/फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए अटैशे, फातिहा कम्माउसी ने इस ट्रेनिंग प्रोठाम का उद्घाटन किया।

फातिहा कम्माउसी ने कहा कि फ्रेंच एम्बैसी को भारत में फ्रेंच भाषा के शिक्षकों के साथ उनके प्रोफेशनल स्किल्स को विकसित करने में सहयोग करने पर बहुत गर्व हो रहा है। यह प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों के लिए अपने शिक्षण अभ्यासों को अपने साथियों के साथ साझा करने और एक दूसरे से सीखने का अवसर भी है। प्रोफेसर जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को फ्रेंच सीखने के साथ-साथ शिक्षण के नए ट्रैंड्स को जानने में मदद करेगा। यह उन्हें छात्रों को पढ़ाने के दौरान अध्यापन संबंधी साधनों का उपयोग करने में भी मदद करेगा। भारत और श्रीलका के 100 से अधिक फ्रेंच शिक्षक इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को शिक्षण क्रियाविधि के विशिष्ट पहलुओं पर सप्ताह के दौरान 30 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। फ्रांस के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण एक विदेशी भाषा के रूप में फ्रेंच सिखाने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नवीनतम और प्रभावी अध्यापन संबंधी साधनों के बारे में जानने पर केंद्रित है। फोनेटिक्स, व्याकरण, कक्षा में साहित्य शिक्षण आदि जैसे विशेष मॉड्यूल इस प्रोग्राम का हिस्सा हैं। इससे पहले, यूरोपीय भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन विभाग की प्रमुख डॉ. निधि रायसिंघानी और राजस्थान विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र की निदेशक, प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

ओम प्रकाश रणवा फर्जी दस्तावेजों के जरिये पार्षद प्रत्याशी बने : सुरेन्द्र सिंह

'फर्जी दस्तावेज मिलने पर निर्वाचन विभाग ने न्यायालय में परिवाद भी पेश किया'

- 'ऐसे आरोपी जिसका न्यायालय ने वारंट निकाला हुआ है उसे कांग्रेस ने अपने बाड़ाबंदी में शरण दे रखी है'
- भाजपा चुनाव आयोग प्रबंधन विभाग के प्रदेश संयोजक एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह नरूका ने जयपुर ग्रेटर नगर निगम मेयर उप-चुनाव को लेकर दिया बयान

जयपुर । भाजपा चुनाव आयोग प्रबंधन विभाग के प्रदेश संयोजक एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह नरूका ने जयपुर ग्रेटर नगर निगम मेयर उप-चुनाव को लेकर बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के वार्ड नंबर 113 जयपुर नगर निगम ग्रेटर से अपना पार्षद प्रत्याशी ओमप्रकाश रणवा को बनाया। ओमप्रकाश रणवा को सिंबल कांग्रेस ने दिया।

ओम प्रकाश रणवा ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आवेदन भर अपना शपथ पत्र पेश किया जिसमें अपनी तीनों संतानें 1995 से पूर्व होना बताया। ओमप्रकाश रणवा वार्ड नं 113 के कांग्रेस प्रत्याशी ने निर्वाचन पत्र में गलत कूटरचित दस्तावेज के आाधार पर 1995 के बाद की होते हुए उन्हें 1995 से पूर्व की बता कर निवार्चन अधिकारी के समक्ष फर्जी दस्तावेज पेश किए। शपथ पत्र में फर्जी दस्तावेज के आधार पर गलत सूचना देने पर निर्वाचन अधिकारी ने न्यायालय के समक्ष परिवाद पेश करने पर न्यायालय द्वारा परिवाद को दर्ज किया। न्यायालय द्वारा ओमप्रकाश रणवा के खिलाफ अपराध धारा 191, 193 (भारतीय दंड संहिता आईपीसी) में प्रसंज्ञान लिया। न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयोग के परिवाद पर लिए प्रसंज्ञान को डीएलबी के समक्ष पेश किए जाने के बाद आज तक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। ऐसे अपराधी जिसने ऐसा अपराध किया जिसमें 7 वर्ष का कारावास का प्रावधान है, न्यायालय द्वारा वारंट निकाला हुआ है उसे कांग्रेस अपने बाड़ाबंदी में शरण दे रखी है। कांग्रेस झूठ की डोर पकड़कर ऐसे अपराधियों को शरण दे रखी है, जो गलत आधारों पर जनप्रतिनिधि बने बैठे हैं। 11 नवंबर 1995 के बाद संतानों की संख्या बाबत शपथ पत्र दो संतानों से ज्यादा होने पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। वह अयोग्य घोषित माना जाता है, कांग्रेस प्रत्याशी की तीनों संतानें 11 नवंबर 1995 के बाद की होने के बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गलत शपथ पत्र पेश कर रखा है, जिस बाबत निवार्चन आयोग की शिकायत पर न्यायालय द्वारा प्रसंज्ञान लिया जाकर वारंट जारी कर रखे हैं, उसे अयोग्य घोषित ना कर राज्य सरकार ने शरण दे रखी है।

इंडिया स्टोनमार्ट में 11-12 नवंबर को होगा 'जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल'

जयपुर। इंडिया स्टोनमार्ट 2022 के पिछले संस्करणों की तरह ही, इस वर्ष भी स्टोनमार्ट में 11 और 12 नवंबर को जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल (जेएएफ) का आयोजन होगा।

जेएएफ विशेष रूप से आर्किटेक्चरल प्रैक्टिस व एज्यूकेशन और इंडिया के स्टोन ट्रेडिशन पर केंद्रित रहेगा। फेस्टिवल का उदेश्य आर्किटेक्चर के रचनात्मक क्षेत्र में नए विचारों के आदान-प्रदान, संवाद और नेटवर्किंग के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करना है।

जेएएफ में भविष्य के शहरों, पर्यावरण, आर्किटेक्चर के साथ-साथ समृद्ध स्टोन ट्रेडिशन्स के अभ्यास और शिक्षा के बारे में कई तरह के विचारों पर जोर दिया जाएगा। यह जानकारी राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको) के प्रबंध निदेशक, शिवप्रसाद नकाते ने दी। नकाते ने बताया कि जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल का आयोजन सीडीओएस, रीको और फिक्की द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स राजस्थान चैप्टर नॉलेज पार्टनर है।

देशभर से और विदेशों के प्रख्यात आर्किटेक्ट्स जेएएफ में भाग लेंगे। प्रतिभागियों में शिक्षण संकाय और महत्वपूर्ण आर्किटेक्चरल कॉलेजों और संस्थानों के छात्र भी शामिल होंगे। फेस्टिवल विभिन्न पत्थरों की उपलब्धता और गुणों के बारे में ज्ञान और जागरूकता को अद्यतन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडीओएस) ने पत्थर उद्योग में प्रतिभागियों को परेशानी मुक्त चयन और सोर्सिंग के साथ-साथ सीधे संपर्क स्थापित करने के लिए कई पहल की हैं।

रीको के प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद नकाते (बीच में) ने जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर जायजा लिया।

World Radiography Day

In 1895 there was an incredible discovery made, one that would utterly change the way we looked at the human body, both literally and figuratively. On the back of this discovery, a million new technologies would be developed in the areas of medicine, security, and much more. The man who discovered all this? Wilhelm Röntgen, and as a result, he may just be one of the most important men in medical history. World Radiography Day celebrates his discovery and everything that's come from it.

#MIND&BODY

You're Doing Enough!

Here are some strategies to reduce self-criticism and feel more productive.

It's easy to criticize yourself for not getting enough done, but that can just make things worse. People who engage in self-criticism tend to be more depressed, which in turn tends to go along with lower productivity.

What's the alternative to living in the mental space of "I'm not doing enough?" Several strategies can reduce your self-judgment and increase your satisfaction about your accomplishments.

Different situations call for different approaches, of course. If you are grieving or enduring other intense emotional turmoil, it can help to view getting through the day as doing enough. Perhaps you struggle to get going or to focus on only one thing at a time. It may be a season of life when it feels right to do less in order to prioritize other ways of being or growing, or you might wish that you could do less but have considerable financial or caregiving constraints. On the other hand, you might feel eager to get more done, but also wary of a culture of productivity that signals that a person's worth is based on work-related achievements.

Whatever your situation, some of the techniques suggested below may help you instigate new mental perspectives, while others focus on adjusting your behaviours. Deliberately applying strategies to your own situation can boost your engagement in meaningful activities and quell your worries about not doing enough.

Spot The Success

Instead of a "to-do" list, try out a "done" list. Write down 10 things that you've done today that have helped your life, someone else, or the world. There is no item too small. Taking a vitamin or texting a friend can feel like nothing, but each action is beneficial and each action matters.

"Spot the success" is about appreciation, not evaluation. The goal isn't to assess how much you've done or how well you've done it, but rather to nourish gratitude for each positive action.

This technique is a form of cognitive reappraisal-that is, looking at the same situation in a different way-a skill linked to lower levels of depression. Instead of focusing on what you haven't done, you'll take a couple minutes to highlight what you have done.

Act Before You Feel Like It

Most people want to feel motivated to engage in specific activities, such as exercise or writing. It might seem counterintuitive, but jumping right into an activity, even if you don't feel any motivation at all, often leads to feeling motivated.

This technique is called behavioural activation: engaging in planned activities that align with your goals and values, even if you don't feel like it in the moment. Behavioural activation is an effective treatment for depression, anxiety, and post-traumatic stress disorder (at least as effective as anti-depressant medication or cognitive therapy).

Chunking

Would you like your entire home to be much more organized? So would we all. However, professional organizers advise to start with just one drawer or a straightforward task such as clearing out expired food. They explain that identifying a small, manageable goal increases confidence, and makes it less likely that you will become overwhelmed and give up.

You can also "chunk" work, errands, or exercise goals into manageable units. It feels a lot better to tell yourself, "I completed three specific tasks!" than to carry around the sense that "I failed to complete one big task." One study found that chunking "macrotasks" into "microtasks" resulted in people doing higher-quality work, being more resilient to interruptions, and finding them easier than "macrotasks."

This Moment Matters

Taking out the garbage or replying to email can seem like annoying obstacles to more meaningful work. Or perhaps you feel guilty when spending time on hobbies or relaxing.

Can you experiment with really tuning into bodily sensations in the moment, to heighten your mental presence during each activity? You might attend more closely to the texture of the garbage bag or the pressure of your fingers as you type. You can remind yourself that the current activity is the only thing that you have to do or think about in this very moment.

Increasing mindfulness within daily activities can strengthen your sense of productivity. Mindfulness decreases rumination (including worrying about not doing enough). Because people who practice mindfulness tend to have clearer values and to be less judgmental, you may also find that you're less likely to judge yourself according to how much you've accomplished.



A young CRPF jawan is said to have spoken, "We carry our uniforms, bedding, family photos, battalion memories, gifts and almost our whole life in it wherever we go. It is like our identity." "Things have changed now, but the black steel trunk will always have a very special place in our memory. There was a time when a Jawan in the forces would live with and live for only three things - his Unit, his trunk and his rifle. Although many diverse trolley suitcases are fairly freely available in military canteens, the Jawans still prefer the cumbersome, black steel trunks which are hardy, commodious and utterly dependable. These trunks are a familiar and reassuring piece of luggage, directly associated with many generations of military people who literally lived out of them for their entire service span.

Ode to the Steel Trunk!

Wg. Cdr. CSV Ramany, VM (G)
The author is a retired IAF fighter pilot

#DEPENDABLES

If there is one item of furniture that has been an important part of life for a Military Officer, it is the black steel trunk, that became an integral part of our lives in the National Defence Academy and all of life thereafter. Apart from being a repository of all valuables that one carted through one's life in the Academy, and indeed all through service life, the black steel trunk has been a mute witness to all the vicissitudes of one's existence. With its close cousin, the holdall, or the bed roll or the "bistra-bunds", the twosome formed an integral part of one's worldly possessions. Travelling frequently from one place to another, as is the life of a Serviceman, the black steel trunk has become a permanent appendage.

As one grows through life and seniority in Service, a lot more boxes are collected to be the purveyors and conveyors of the material wealth that one accumulates in life. Each box is lovingly looked after, with periodical painting and marking, and each box carrying specific items of one's growing collections of lifetime experiences and every moment of life. In the Service, for a young officer, the ubiquitous box acted as a table if you spread a sheet on it. If you add a couple of cushions over the sheet, then the said box becomes a settee. With several more boxes of its kind put together and a mattress spread on top, it becomes a bed. This box has acted as a safe for all the important things in one's life. With double locks, in some cases even triple locks, it ensured that you were comfortable wherever your goods were in transit from one place to another.

Numbered Trunks

Trunks are not just memories; they would be frequently memorised as numbers. On all moves, the officer and/or his wife would maintain a diary of all items present in each of the numbered trunks so that it would be easier to open and organise in a new abode. Some items would always have the same number, so would end up being memorised. I am a 67-year-old veteran fighter pilot of the Indian Air Force, but to this day, Box no. 1 means linen, Box no. 5 and 6 means kitchen items, and Box no. 14 and 15 meant my beloved books. Books were also used as padding in various other boxes. But Box no. 14 and 15 were so heavy, that it required two people to carry each.

We also had the "God Box", housing pictures and all the idols we had collected of various Gods for our little temple corner. S Fauji steel trunk is almost always a metal box, painted black, with the officer's name, rank and trunk number painted on it. It was a constant companion in our lives. Not just for shifting around our very vast country on postings so very regularly, but also in our homes. Imagine the horror and shock felt very recently by many millions of ex-Faujis, when they learnt that the Home Ministry has plans on replacing the ubiquitous, government-issued steel trunks provided to paramilitary personnel to transport their personal belongings on their many moves across the country, with "trolley propelled polycarbonate" suitcases.

According to recent reports, the Union Home Ministry has instituted a committee that includes the Bureau of Indian Standards, the Bureau of Police Research and Development, and most amazingly, also the Northern Textile Research Association amongst others, to design/suggest/propose a contemporary alternative to these omnipresent trunks. At times like these, when there are many grave internal and external security issues facing our country, it is incomprehensible that a high-level committee is in session spending hugely of the taxpayer's money, to doom the black steel trunk to its Valhalla. This committee is presently framing specifications for these prospective substitutes by determining their weight, capaciousness, durability and cost, before procuring through tenders and issuing it to the troops in the Central Para Military Forces (CPMF). An official communication from the Union Home Ministry said, "During the discussions, various points were deliberated upon, including the use of three-way locking systems and zippers; use of material such as polypropylene/polycarbonate, the size and capacity, durability and warranty, flexibility, weight and cost viability". The Government is planning to replace these black steel trunks with trolley bags from brands like Samsonite and American Tourister, both of which are presently available in the military canteens.

> Imagine the horror and shock felt very recently by many millions of ex-Faujis, when they learnt that the Home Ministry has plans on replacing the ubiquitous, government-issued steel trunks provided to paramilitary personnel to transport their personal belongings with "trolley propelled polycarbonate" suitcases.



The Gradual Phasing Out

A young CRPF jawan is said to have spoken, "We carry our uniforms, bedding, family photos, battalion memories, gifts and almost our whole life in it wherever we go. It is like our identity."

"Things have changed now, but the black steel trunk will always have a very special place in our memory. There was a time when a Jawan in the forces would live with and live for only three things - his Unit, his trunk and his rifle. Although many diverse trolley suitcases are fairly freely available in military canteens, the Jawans still prefer the cumbersome, black steel trunks which are hardy, commodious and utterly dependable. These trunks are a familiar and reassuring piece of luggage, directly associated with many generations of military people who literally lived out of them for their entire service span.

In the event of any Jawan's death in the line of duty, the trademark trunk containing his belongings, with a folded national flag atop the black steel trunk would be handed over to the family as part of a very long established and solemn tradition. The gradual phasing out of the steel trunk, however ungainly they may be, would be an emotional wrench to many thousands of combatants, both serving and veterans, as they have been fully synonymous with the Jawans for many decades.

The other piece of baggage that has almost already completely vanished is the "Bistrabund" or the "holdall", that almost always accompanied the black steel trunk on all the travels their master was commanded to do for the sake of his "Unit, Core, God and Country". This Bistrabund or Holdall was almost always made of very robust canvas, and roughly was the size of an average bed when spread out. These most amazing contraptions, particular only to South Asia, were just what the name suggests: a bed roll but with cavernous pouches on its two sides, secured by pyjama nada. In these cavernous pouches, bric-a-brac could be packed in either of the two end, and mounds of articles like pillows, shoes, pyjama suit, dressing gown and other paraphernalia. These items of clothing were meant for the officer, and the lady was meant to sleep in her saree, to avoid her the embarrassment of having to change dress in a four-berth compartment comprising several pairs of beady eyes.

> The other piece of baggage that has almost already completely vanished is the "Bistrabund" or the "holdall" that almost always accompanied the black steel trunk on all the travels their master was commanded to do for the sake of his "Unit, Core, God and Country". This Bistrabund or Holdall was almost always made of very robust canvas, and roughly was the size of an average bed when spread out.



The Joining Instructions

Amazingly, some of these pouches also disgorged other items like a bottle of rum, two glasses and two bottles of water. Some pouches also gave out packets of poori-sabzi. Once packed, and always to full capacity, its two inside flaps were neatly laced up at the centre, and the entire bistra was carefully rolled up and buckled into place with two long perforated leather belts, rendering it a very composite package, with a thick leather handle for carrying. Once aboard the train, with the trunk safely ensconced under the bunk, or placed in the corridor for use as a seat, the opened holdall was transformed into a very comfortable bed, issuing forth all manner of comfortable items.

Having seen and read all the brouhaha of the Union Home Ministry over the death knell of the poor black trunk (I wonder what Balbir would have to say about this?), a breath of fresh air came from the Ministry of Defence. The Joining Instructions for the new, to-be-inducted boy and girl cadets of the National Defence Academy in January 2023, give them a list of clothing items they would be issued at "Government Expense"; and what they are to carry with them which would be bought at "Parents/Guardian Expense". In the second category of items is 'Steel Box Black, length 40", height 11" and width 23"'. So, it seems the black steel trunk is going to live on (as yet!) in the military.

writetoarbit@rashtradoot.com

#FOOD-TALK

World's Best Spicy Foods

While these dishes may not all be mop-your-brow hot, they are some of the most deliciously spiced foods around. Chiles do make a very strong showing in phaal curry, billed as one of the world's hottest curries.

When it comes to the world's best spicy dishes, we have some of the world's hottest peppers to thank, along with incredible layers of flavour and a long, spice-loving human history.

"Spicy food, or at least spiced foods, clearly predates the idea of countries and their cuisine by a very, very long time," says Indian author SauravDutt, who is writing a book about the spiciest foods on the Indian subcontinent.

"Every spicy ingredient has a wild ancestor," he says. "Ginger, horseradish, mustard, chilies and so on have predecessors which led to their domestication."

Hunter-gatherer groups historically made use of various wild ingredients to flavour their foods, Dutt says, and there are many ingredients all over the world that can lend a spicy taste to a dish or stand on their own.

Peppers – a headliner for heat – are rated on the Scoville Heat Units scale, which measures capsaicin and other active components of chile peppers. By that measure, the Carolina Reaper is among the hottest in the world, while habaneros, Scotch bonnets and bird's eye chilies drop down a few rungs on the mop-your-brow scale.

Redolent with ghost peppers, Scotch bonnets, serranos, chiltepin peppers, mouth-numbing Sichuan peppercorns and more, the following spicy dishes from around the world bring the heat in the most delicious way.

Egusi Soup, Nigeria

Ata rodo – Scotch bonnet pepper – brings the fire to Nigeria's famous spicy soup. Egusi is made by pounding the seeds from the egusi melon, an indigenous West African fruit that's related to the watermelon.

In addition to being protein-packed, the melon's seeds serve to thicken and add texture and flavours to the soup's mix of meat, seafood and leafy vegetables. Pounded yams are often served alongside this dish, helping to temper the scorch of the Scotch bonnets.

Piri-piri Chicken, Mozambique and Angola

The Portuguese introduced this spicy dish also known as peri-peri chicken into Angola and Mozambique as far back as the 15th century, when they mixed African chiles with European ingredients (piri-piri means "pepper pepper" in Swahili). And it's the perky red pepper of the same name that brings the spiciness to this complex, layered and delicious dish.

Piri-piri chicken's poultry cuts are marinated in chiles, olive oil, lemon, garlic and herbs such as basil and oregano for a fiery flavours that blends salty, sour and sweet. The dish is also popular in Namibia and South Africa, where it's often found on the menu in Portuguese restaurants.

Ayam Betutu, Indonesia

Popular on the Indonesian islands of Bali and Lombok, in particular, this whole chicken dish is stuffed with an intensely aromatic spice paste (betutu) that usually includes a mashup of fresh hot chile peppers, galangal (a root related to ginger), candlenuts, shallots, garlic, turmeric and shrimp paste, among other ingredients.

The chicken is then wrapped in banana leaves and steamed, bringing the aromatics out all the more and flavouring the chicken to the max. Best shared, ayambetutu is often presented at religious ceremonies in Bali, but you'll find it at restaurants specializing in it throughout the islands, too.

Som Tam, Thailand

From north-eastern Thailand's spice-loving Isaan province, this fresh and fiery salad is a staple dish at Thai restaurants around the world and is also popular in neighbouring Laos.

Som tam turns to green (unripe) papaya for its main ingredient, which is usually julienned or shredded for the salad. The papaya is then tossed with long beans or green beans and a mix of flavourful Asian essentials that include tamarind juice, dried shrimp, fish sauce and sugar cane paste, among other ingredients. Thai chiles, also called bird's eye chiles, give the salad its requisite kick.

Pad KaPrao, Thailand

A go-to dish when you want something satisfying – but with kick – pad kaprao is a mealtime staple in Thailand, where you'll find it on offer at street-side stalls and restaurants everywhere from Bangkok to the islands.

Considered the Thai equivalent of a sandwich or a burger, the dish is a mix of ground pork, spicy Thai chile peppers and holy basil and can be ordered as spicy as you like. Many locals believe it's best topped with a fried egg with a runny yolk.

Sichuan Hot Pot, China

"The joy of this dish is not only the delightful warming ingredients of cinnamon, cloves, star anise and, of course, the Sichuan peppercorns, but the fact that you can cook exactly what you like in the bubbling spicy broth," says British-born Chinese chef Kwoklyn Wan, author of "The Complete Chinese Takeout Cookbook." Also known as Chongqing hot pot, the dish is said to have originated as a popular food among Yangtze River boatmen. It's enjoyed by those who can handle its heat all over China, not to mention elsewhere around the world.

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott



ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



रेलवे अस्पताल में रिटायर्ड कर्मचारी की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया

परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए

अजमेर, (कासं)। ब्यावर रोड स्थित रेलवे अस्पताल में सोमवार सुबह रेलवे से रिटायर्ड बुजुर्ग कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से गुस्साए परिजन ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। वहीं नौबत डॉक्टर और परिजन के हाथापाई तक पहुंच गई।

चिकित्सकों के साथ हुई हाथापाई के बाद चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अस्पताल से बाहर आ गए। सूचना पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने चिकित्सकों और परिजन से समझाइश कर मामला शांत करवाया। मृतक बुजुर्ग के परिजन ने डॉ. मुकेश बागड़ी पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजन व चिकित्सकों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि 4 नवंबर को जोंसगंज निवासी रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारी प्यारेलाल सांखला को इलाज के लिए रेलवे अस्पताल लाया गया था, जहां उनका इलाज चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था। इसी बीच परिजन ने डॉक्टर व नर्सिंग कर्मियों से सलाह ली कि अगर यहां सुधार नहीं होता है तो वह अन्य अस्पताल में मरीज को शिफ्ट कर सकते हैं, जिस पर परिजन को डॉक्टर और नर्सिंग कर्मियों द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इसी बीच बीती रात को प्यारेलाल की तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई।



रेलवे अस्पताल में हंगामा करते परिजनों से पुलिस ने समझाइश की।

बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि रेलवे अस्पताल में दो दिनों तक अस्पताल में न तो नर्सिंग कर्मी और न ही किसी चिकित्सक ने कोई इलाज दिया। इसके चलते बुजुर्ग प्यारेलाल सांखला की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन सुबह अस्पताल एकत्रित हुए और उन्होंने हंगामा करते हुए अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान अस्पताल प्रशासन और परिजन के बीच बात झगड़े और धक्का मुक्की तक पहुंच गई।

मामले की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से समझाइश करते हुए बातचीत की और इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। वहीं अस्पताल के चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों ने परिजन द्वारा की गई बदसलूकी व धक्का मुक्की को लेकर कार्य बहिष्कार करते हुए अस्पताल से बाहर आ गए।

- चिकित्सकों के साथ हुई हाथापाई के बाद चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार किया
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया

रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि मरीज बुजुर्ग प्यारेलाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने परिजन की ओर से झगड़ा करने की सूचना दी थी, जिस पर परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप में शिकायत दी है तो वहीं रेलवे अस्पताल के अधीक्षक व तीन डॉक्टरों ने परिजन पर राजकार्य में बाधा व मारपीट के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

लुटेरी गैंग का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

पुलिस ने एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया

भीलवाड़ा में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

भीलवाडा, (निसं)। शहर में आतंक का पर्याय बनी लुटेरी गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इन आरोपियों ने शहर में एक दर्जन के करीब लूट की वारादातों को अंजाम दिया था। 6 वारदातों को एक ही रात में अंजाम देने के बाद भीलवाडा पुलिस की नींद जागी और आरोपियों की धरपकड के लिए 50 से ज्यादा पुलिस कर्मियों का गठन कर मामले का खुलासा किया है।

एएसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 4 नवंबर की देर रात शहर में हुई एक साथ लूट, मारपीट की 6 वारदातों के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और आसूचना के आधार पर मामले का खुलासा करते हुए राकेश बलाई पिता नारायण बलाई निवासी माताजी का खेडा सुवाणा पुलिस थाना सदर जिला भीलवाडा, सुनिल धोबी पिता सुरेश कुमार धोबी निवासी बडा मन्दिर के पास सुवाणा पुलिस थाना सदर जिला भीलवाडा, गोलु कोली पिता सत्यनारायण कोली निवासी मोक्षधाम के पिछे दादाबाडी पुलिस थाना भीमगंज जिला भीलवाडा और एक बालअपचारी को निरूद्ध किया। इस मामले में फरार आरोपी गोपाल धोबी पिता भंवर धोबी नि. सुवाणा थाना सदर, जिला भीलवाडा की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

- एक दर्जन के करीब लूट की वारादातों को अंजाम दिया था

एएसपी मेत्रेयी ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि 200 से ज्यादा कैमरों और मोबाईल टावर की लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची है। एएसपी ने शहरवासियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है।

चलती कार में लगी आग, सवारियों की जान बची

उदयपुर, (कासं)। जिले के झाडोल-उदयपुर नेशनल हाइवे 58-ई पर एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कार में धुआं निकलते देख चालक ने कार रोक ली। कार सवार सभी लोगों ने कार से उतर कर दूर भाग कर अपनी जान बचाई। कार 20 मिनट में पूरी जलकर खाक हो गई। कार फोर्ड कंपनी की फिगो थी और 8 साल पुरानी थी। सूचना पर नगर निगम की एक फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची।

प्राप्त जानकारी अनुसार सुल्तान जी का खेरवाड़ा निवासी कार मालिक कन्हैया लाल कुमावत अपने रिश्तेदार नाथूलाल और हिम्मत के साथ उदयपुर खरीददारी करने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में धुआं उठता दिखाई दिया। इस कन्हैयालाल ने कार रोक दी और कार से दूर भाग गए। इसके बाद अचानक बोनट से कार में आग लगना शुरू हुई और बढ़ती रही। घटना के कारण नेशनल हाइवे 58ई पर जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। आसपास जंगल होने की वजह से मौके पर पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड का इंतजार करना पडा। सूचना पर उदयपुर नगर निगम से एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक कार जल कर खाक हो गई।

- सूचना पर नगर निगम की एक फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची

कुमावत पेशे से एलआईसी एजेंट है। कार में आग के दौरान कई पॉलिसियॉ और कुछ दस्तावेज रखे हुए थे। उन्होंने कार में बॉक्स में एक लाख 20 हजार रूपए की नकदी भी रखी थी। वो भी जलकर राख हो गई।

चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत

बिजयनगर, (निसं)। महावीर मानसिंहका कॉलोनी में दूसरे दिन दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए डेढ़ लाख की नगदी उड़ा कर ले गए। शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत है।

शनिवार रात्रि को महावीर मानसिंहका कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने चार जगह ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वही दूसरी ओर सोमवार को दिनदहाड़े महावीर मान सिंहका कॉलोनी में अज्ञात चोर करीब डेढ़ लाख की नगदी ले जाने में सफल हो गए। शनिवार रात्रि को सूने मकान में राजेंद्र कुमार संचेती के मकान में चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। घर में रखी अलमारी के ताला तोड़कर खंगालते हुए अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक राजेंद्र कुमार संचेती बाहर होने के कारण चोरी गए माल का आकलन नहीं हो पाया। उसी के समीप दो मकान आगे महावीर मानसिंगका कॉलोनी निवासी अभिषेक टिकलियां के मकान नंबर 119 को सोमवार को दिनदहाड़े चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश करते हुए घर के दो कमरों के ताले तोडे कमरे में रखी अलमारी कों खंगालते हुए उसमें रखें डेढ़ लाख रुपए की नगदी ले जाने में कामयाब रहे। महावीर मानसिंहका कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनी वासियों मे दहशत है वही चोरों के हौसले बुलंद है। प्रार्थी अभिषेक टिकलिया ने बताया कि सोमवार दोपहर में 20:25 मिनट के लिए आवश्यक काम के लिए बाजार जाने के दौरान अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर पहुंचने पर मुख्य द्वार के ताले टूटे देखकर उसके होश उड़ गए। प्रार्थी अभिषेक टिकलिया ने चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की वारदात स्थल का मुआयना किया। आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ करते हुए कॉलोनी के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाले।

महावीर मानसिंहका कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई चोरी के दौरान बिखरा सामान।

हादसे में आयुर्वेदिक चिकित्सक की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। सपोटरा थाना क्षेत्र के ओवरा के पास सोमवार सुबह 9.30 बजे गंगापुर सिटी से खिडखिडा गांव में ड्यूटी जा रहे एक आयुर्वेदिक डॉक्टर की वाहन की टक्कर से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाद में ग्रामीण शव को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लेकर आए। इस दौरान अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सपोटरा थाने के हेड कॉन्स्टेबल हरीमोहन ने बताया कि गंगापुर सिटी शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी और कुडगांव निवासी आयुर्वेद डॉक्टर रघुनन्दन पाराशर (59) पुत्र हरीशंकर पाराशर जो कि खिडखिडा के गवर्नमेंट आयुर्वेदिक अस्पताल में कार्यरत थे। वह गंगापुर सिटी से बाइक से ड्यूटी पर खिड़खिड़ा गांव में जा रहे थे। इस दौरान ओवरा के पास सुबह 9.30 बजे कोई अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई और शव काफी समय तक सड़क के पास पड़ा हुआ था। इस दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों ने आयुर्वेदिक डॉक्टर को सड़क के पास पडा हुआ देखकर गाडी से गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घेषित कर दिया गया। आयुर्वेदिक डॉक्टर की शिनाख्त उसके रिश्तेदार राजेश कुमार पाराशर ने की। पाराशर की मौत की खबर सुनकर लोग अस्पताल में पहुंचे और वहां परिजनों व उनके परिचितों की भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर सपोटरा थाना पुलिस अस्पताल में पहुंची। दोपहर बाद डॉक्टर वेणी माधव गुप्ता ने पोस्टमार्टम किया। हेड कॉन्स्टेबल हरीमोहन ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

- बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे चिकित्सक

पिंडवाड़ा पालिका अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में

पिंडवाड़ा, (निसं)। निर्वाचन आयोग जारी नगर पालिका अध्यक्ष पद की चुनाव आदेश की पालना में नगर पालिका कार्यालय में चुनाव निर्वाचन अधिकारी हंसमुख कुमार ने पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठूसिंह करनोत की मौजूदगी में नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनावी प्रक्रिया की पूर्ण पालना करते हुए सोमवार दोपहर 3 बजे समय अवधि समाप्त होने से अध्यक्ष पद के किसी प्रत्याशी को नामांकन वापस लेना हो तो सार्वजनिक रूप से आवाज देकर सूचित किया गया। किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस नहीं लेने पर भाजपा व कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में डटे हुए हैं।

- भाजपा व कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे

सोमवार दोपहर 3 बजे नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। इनमें दो राष्ट्रीय पार्टियों के चिन्ह पर चुनाव लडेंगे। शेष एक निर्दलीय प्रत्याशी निर्वाचन कार्यालय द्वारा तय किए गए चिन्हों के साथ मैदान में दिखाई देंगे। चुनाव निर्वाचन अधिकारी हंसमुख कुमार के अनुसार भाजपा प्रत्याशी नीता चौहान को कमल का फूल चुनाव चिन्ह मिला है।

कांग्रेस प्रत्याशी चेलाराम देवासी को हाथ का पंजा और निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र मेवाडा उर्फ पिंटू मेवाडा को किसान ट्रैक्टर चलाते का चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। वहीं निर्वाचन आयोग ने सभी निर्वाचित पार्षदों को नोटिस देते हुए पालिका अध्यक्ष पद के चुनावी प्रक्रिया के लिए 10 नवंबर को नगर पालिका कार्यालय में सुबह 10 बजे उपस्थित होने का नोटिस जारी कर सूचित किया है कि सभी निर्वाचित पार्षदों को गुरुवार सुबह 10 बजे नगर पालिका सभा भवन में पहुंचकर दोपहर 2 बजे तक मतदान करना है। समय अवधि पूर्ण होने पर मतदान परिणाम की घोषणा कर नया नया पालिका अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। अब इस पालिका अध्यक्ष की लडाई में सिर्फ औपचारिकता रह गई है। क्योंकि निर्दलीय पार्षद 17 कांग्रेस भाजपा और निर्दलीय पशुओं के साथ भूमिगत हो गए हैं और बस अभी मतदान के समय ही पहुंचेंगे।

वहीं दूसरी ओर भाजपा अपनी शर्मसार हार का सामना करने को तैयार हैं। उनको अब अपनी साख पर बट्टा ना लगे इसकी उम्मीद उच्च न्यायालय में न्याय के लिए दाखिल किए गए याचना पत्र के फैसले का इंतजार में निगाहें टिकी हुई है। वहीं कांग्रेस पार्टी पालिका अध्यक्ष चुनाव की औपचारिकता का हिस्सा बनकर रह गई है। क्योंकि उनके पास मात्र पार्षद ही बचे हैं। जिसमें निर्दलीय पार्षद का पलडा भारी दिख रहा है।

हादसे में युवक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ थाने के गांव श्योपुरा के पास ट्रक टैंकर के चालक के द्वारा तेजगति से ट्रक को चलाकर टक्कर मारने से मोटसाईकिल चालक की मौत हो गई। जिसका राजगढ़ थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार बबलू पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम संडिला पोस्ट संडिला तंन्दियावान हरदोई गोपमउ उतरप्रदेश ने दर्ज मामले में बताया कि उसके मामा का पुत्र सवेन्द्र श्योपुरा गांव के पास एक झिंगा मछली फार्म पर काम करते हैं। एक नवंबर को वह तथा उसका मामा का पुत्र दोनों झिंगा फार्म पर मंदरूप सिंह की बाइक लेकर राईका होटल एनएच 52 पर गये थे तब उसके मामा का पुत्र फोन भूल गया जो लाने के लिए गया था तथा वह वहीं पर ही रूक गया तथा उसी मोटरसाईकिल से झिंगा मछली फार्म पर चला गया। जब वापिस एनएच 52 पर होटल की तरफ आ रहा था तो हादसा हो गया।

मोस्टवांटेड अपराधी राजू धनपाल गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिले की जावर माइंस थाना पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मोस्ट वांटेड हार्डकोर अपराधी राजू धनपाल को गिरफ्तार किया है। राजू धनपाल ने गत 19 सितंबर को अपने गुर्गों से जावर माइंस में यूनियन नेता लालू राम मीणा पर फायरिंग करवाई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जावर माइंस पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर परसाद के होटल मस्त हरियाणा में घेरा डालकर राजू उर्फ राजकुमार पिता धनपाल मीणा को गिरफ्तार किया। राजू गुजरात की तरफ भागने की फिराक में था। दोनों ही दर्ज मामलों को लेकर उससे पूछताछ हो रही है। उसके खिलाफ हत्याए रंगदारी, हत्या का प्रयासए लूट, डकैती, फायरिंग, चोरी, आबकारी और आर्म्स एक्ट में 32 से ज्यादा गंभीर प्रवृत्ति के मामले दर्ज हैं। राजू थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

- जावर माइंस में यूनियन लीडर पर करवाई थी फायरिंग
- 32 मामले दर्ज है बदमाश पर

जानकारी में आया है कि राजू पर उसके पिता ने भी मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। राजू के खिलाफ 32 से ज्यादा हत्याएं रंगदारी, लूट, डकैती, फायरिंग, आर्म्स एक्ट में गंभीर मामले दर्ज हैं। राजू धनपाल की गैंग को बलीचा, परसाद, टीडी, ऋषभदेव, खेरवाडा और सराडा इलाके में सक्रिय माना जाता हैं।

थानाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गत 19 सितंबर को हिंदुस्तान जिंक की जावर माइंस इकाई में अपने भतीजे को नौकरी से निकालने से नाराज होकर यूनियन नेता लालू राम मीणा पर अपने गुर्गों से फायरिंग करवाई थी। हालांकि उस फायरिंग में लालूराम बच गए थे। इस मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद राजू धनपाल के कहने पर फायरिंग की बात सामने आई थी। थाना अधिकारी ने बताया कि 29 जून को राजू के पिता धनपाल मीणा ने भी राजू पर शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। उस पर भी जांच की जा रही थी।

घर में घुसकर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

नागौर, (निसं)। सदर पुलिस ने नकबजनी के एक मामले में 10 घंटें में ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अब इनसे बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। मामला निकटवर्ती ग्राम गोगेलाव का है। यहां एक बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। मुकदमा दर्ज होने के दस घंटे में ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि नागौर निवासी सुरेन्द्र ललवानी ने सदर पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसकी मौसी कुसुम कांकरिया पत्नी सुरेन्द्र कांकरिया का मकान गोगेलाव गांव में स्थित है। मौसी परिवार सहित चैन्नई में रहती है। मौसी को सूचना मिली कि बंद मकान के ताले टूटे पडे हैं तथा चोरी हुई है। इस पर मौसी नागौर आई और उसके साथ मौका देखा तो ज्ञात हुआ मकान से 7 पंखें, दो गैस की टंकिया, एक एचपी कंपनी की टंकी, पानी की दो मोटरें, प्लास्टिक बॉडी का एक कूलर, हैडमिक्सर सहित अनेक घरेलू सामान चोरी हो गया। मामला दर्ज होते ही जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व सीओ विनोद कुमार सीपा के निर्देशन में सदर थानाधिकारी रूपाराम के नेतृत्व में एक टीम गठित की। इस टीम ने दो नामजद आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ की और जुर्म प्रमाणित होने पर तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व आसूचना के आधार पर गोगेलाव के अगूणा बास निवासी बाबू भारती पुत्र पांचू भारती तथा किशोर भारती पुत्र मदन भारती को गिरफ्तार कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

सदर पुलिस ने नकबजनी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

हत्या मामले में 16 दिन बाद भी कार्यवाई नहीं होने पर ग्रामीणों व परिजनों ने प्रदर्शन किया

डिप्टी को ज्ञापन देकर हत्या मामले का खुलासा करने की मांग

भीलवाडा, (निसं)। जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र के ढाणी भवसागर निवासी प्रभु पिता बालू रेबारी की संदिग्ध हालत में हत्या किए जाने के मामले में 16 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने को लेकर परिजनों व ग्राम वासियों ने सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया तथा पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन देकर हत्या मामले का खुलासा की मांग की है।

मृतक प्रभु रेबारी के पुत्र मुकेश रेबारी, पौत्र विनोद रेबारी की अगुवाई में ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में कहा है कि 21 अक्टूबर 22 को प्रभु रेबारी खेत पर जाने की कहकर घर से निकले थे। परंतु 2 दिन तक घर पर ना आने के कारण उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई। अचानक 23 अक्टूबर को उनके ही खेतों के पास एक पानी के नाले में प्रभु रेबारी का शव तैरता हुआ पाया गया। परिजन व ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा के जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया। इसी दौरान परिवार जनों की ओर से पुलिस थाने में प्रभु रेबारी की हत्या किए जाने के संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। इन आरोपियों में कमल पुत्र शंभू रेबारी, मुकेश पुत्र भोमा रेबारी, हीरा पुत्र भोमा, भीमराज पुत्र शंभू रेबारी, शंभु पुत्र सौदान रेबारी, दूधा पुत्र सौदान रेबारी, बन्ना पुत्र सौदान रेबारी, भेरु पुत्र दूदा रेबारी को नामजद किया गया है। आज ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि आरोपियों के साथ जमीन के मामले को लेकर पिछले दो-तीन सालों से रंजिश चल रही थी। पहले भी जानलेवा हमला हो चुका है। जिसकी भी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई परंतु शाहपुरा पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। आज पुलिस उपाधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में 5 बिंदुओं पर जांच की मांग करते हुए हत्या का खुलासा करने की मांग की गई है। पुलिस उप अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीण व परिजनों ने कहा है कि समय रहते पुलिस ने ईमानदारी से अगर हत्या के प्रकरण की जांच नहीं की तो ग्रामीण आंदोलन कार्यवाही करेंगे। मृतक प्रभु रेबारी के पौत्र विनोद रेबारी ने बताया कि आज दिए गए ज्ञापन पर पुलिस ने ज्ञापन में दिए गए पांचों बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है तथा पुलिस उपाधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने आश्वस्त किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा एफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर और मोबाइल लोकेशन ट्रेकिंग करवाकर शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

- 'पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा एफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर और मोबाइल लोकेशन ट्रेकिंग करवाकर शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा'

ज्ञापन देते समय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष जयंत जीनगर, एडवोकेट अक्षय रेबारी, जितेंद्र पाराशर, विनोद रायका, मुकेश रेबारी, भगवानलाल रेबारी, राकेश बंजारा, महावीर प्रसाद, शिवराज, चंद्रप्रकाश, रामकुमार, अनिल कुमार, शंकर गुर्जर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। पुलिस उपाधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा है कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। सुराग मिलते ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करने को भी कहा है ताकि कार्रवाई को आगे बढाया जाये।

संक्षिप्त

लालजी देसाई का स्वागत

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। कालाडेरा निवासी जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष लल्लूराम सैनी ने अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई लाल जी देसाई से राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल कार्यालय पर मिलकर राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया । जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल की कार्यप्रणाली को लेकर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के सामने जयपुर ग्रामीण सेवादल के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं सेवादल के आगामी कार्यक्रमों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई को अवगत कराया।

विद्यालय में फिर हुई तोड़फोड़

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में फिर एक बार शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की है। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका मेहता ने पुलिस थाने में एक बार फिर लिखित में शिकायत दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय रविवार का अवकाश होने के कारण शरारती तत्वों ने कमरा नंबर 13 का ताला तोड़ कर ग्रीन बोर्ड, बिजली फिटिंग्स व कुर्सी तोड़ दिये। थानाधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ ही आरोप लगाया कि 10 अक्टूबर को भी विद्यालय के अंदर तोड़फोड़ हुई थी।

प्रवेश के आवेदनों की लॉटरी कल

निवाई, (निसं)। महात्मा गांधी नवीन सरकारी स्कूल निवाई में प्रवेश के लिए जमा हुए आवेदनों की लॉटरी बुधवार को निकाली जाएगी। प्रधानाध्यापक मुकेश गुर्जर ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 9 में स्थित महात्मा गांधी स्कूल में कक्षा 1 से 5 वीं के लिए वर्ष 2022-23 में प्रवेश के लिए 5 नवंबर तक आवेदन जमा किए गए। प्रवेश प्रभारी सत्यनारायण गोयल ने बताया कि 7 नवंबर को आवेदन पत्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। प्रवेश के लिए आवेदनों की लॉटरी 9 नवंबर को निकाली जाएगी।

फरार वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध बजरी परिवहन के मामले के 1 साल 3 माह से फरार दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधकारी नरेश कंवर ने बताया कि 1 वर्ष में 3 माह से फरार आरोपी राजू लाल मीणा एवं ममता देवी दोनों निवासी महेशपुरा थाना कोटखावदा को गिरफ्तार किया है।

पेयजलापूर्ति 6:30 से 7:30 बजे तक

निवाई, (निसं)। मौसम परिवर्तन को लेकर जलदाय विभाग द्वारा शहर में पेयजल आपूर्ति का समय का बदलाव किया है। विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बुधवार से शहर में सुबह पेयजल आपूर्ति 6:30 से 7:30 बजे तक किया जाएगा।

जुआ खेलते तीन जने गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। सदर पुलिस ने ताश पत्ती पर जुआ खेलते हुए तीन जनों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 320 रुपए जब्त किए हैं। थानाधकारी नरेश कंवर ने बताया कि गांव चनानी के तालाब की पाल पर बहादुर सिंह मीणा, ग्यारसी लाल एवं गुलाब राजपूत तीनों निवासी चनानी तालाब की पाल पर ताश पत्ती लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिन को गिरफ्तार कर 320 रुपए की राशि जब्त की है।

विजय निर्विरोध अध्यक्ष बने

बहरोड़/ बानसूर, (निसं)। अलवर जिले के बानसूर में संचालित विभिन्न डिफेंस एकेडमी तथा कोचिंग संस्थानों के संचालकों की मीटिंग आरसीआई ऑफिस में आयोजित होने के दौरान कार्यकारिणी बनाने की घोषणा करते हुए डॉ. विजय कुमार को अध्यक्ष बनाते हुए सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि रविवार को बानसूर के निजी डिफेंस संस्थानों के संगठन की कार्यकारिणी बनाने के लिए कस्बे के हरसोरा चौराहे के पास आरसीआई ऑफिस में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए डॉ विजय कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष तथा उनके नेतृत्व में कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन करते हुए घोषणा कर सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर सम्मानित किया गया।

खेल प्रतियोगिताओं से सर्वांगीण विकास होता है: खैरिया

खैरथल, (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होने के साथ गूदड़ी के लाल उभर कर सामने आते हैं।

वे समीपवर्ती गांव वल्लभग्राम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

■ 66वीं जिला स्तरीय हैंडबाल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

में आयोजित 66वीं जिला स्तरीय हैंड बाल खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

प्रधानाचार्य साधना आहूजा ने बताया कि उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सरपंच अशरफी ने की जबकि पंचायत समिति किशनगढ़बास के प्रधान बीपी सुमन, सीबीईओ ओमशंकर वर्मा अति विशिष्ट अतिथि और पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बृजनंदन अवस्थी, घनश्याम चचलानी, पूर्व एडीडीओ जसवंत सिंह आर्य, मुखी वासदेव दासवानी, धीरज गुरनानी, फारुख ख़ान, नगरपालिका खैरथल पार्षद जाजन मूलानी, मास्टर शिवचरण लाल गुप्ता, वासुदेव गुरु जी विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर से तीस टीमों के चार सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर विधायक दीपचंद खैरिया ने मार्च पास्ट की सलामी ली।

ब्लैकमेल करने वाला पकड़ा

अलवर, (निसं)। सेक्सटॉर्शन में फंसाकर 51 सौ रुपए हड़पने वाले शातिर बदमाश को अरावली विहार थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी माजिद खान निवासी रायबका ने रूपबास के आशीष मीणा को वॉट्सऐप कॉलिंग कर एक न्यूड वीडियो बना लिया था। इसके बाद सेक्सटॉर्शन में बदनाम करने के नाम पर 51 सौ रुपए मांगे फिर रुपयों की मांग और बढ़ गई। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी थी।

अरावली विहार थाना पुलिस प्रभारी जहीर अब्बास ने बताया कि जून 2021 में आशीष ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आशीष से आरोपी माजिद ने सेक्सटॉर्शन के नाम पर 51 सौ रुपए ठग लिए थे। जब और ज्यादा रुपयों की मांग की गई तब शिकायत के बाद से आरोपी की तलाश थी। जिस बैंक खाते में रुपए गए। उसके आधार पर आरोपी तक पुलिस पहुंची हैं। थाना प्रभारी जहीर अब्बास ने बताया कि वॉट्सऐप नंबर पर वीडियो कॉलिंग करके सामने वाले की वीडियो को उसके साथ मर्ज कर दते हैं। इसके बाद ऐसा लगता है कि व्यक्ति मौके पर ही है। उस वीडियो के आधार पर सेक्सटॉर्शन करते हैं।

सार-समाचार

'छोड़ो लाज, खुलकर करो बात'

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। प्रयास फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे छोड़ो लाज, खुलकर करो बात अभियान के तहत फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शिखा मील बराला ने कालाडेरा बस स्टैंड पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगभग 300 छात्राओं से खुलकर बातें की। राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर छात्राओं को महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रति जागरूक किया। डॉ शिखा मील द्वारा हाइजीन माहवारी से संबंधित समस्याओ को सुनने खुलकर चर्चा कर इससे जुड़ी समस्याओ भ्रांतियों और शंका का समाधान करने और महिलाओ मे होने वाले कैंसर पर बातचीत की। कार्यक्रम में उपस्थित उपप्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा द्वारा डॉ. शिखा मील का राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत और सम्मान किया गया।

दो ट्रकों में हुई भिड़ंत

निवाई, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की देर रात मुंडिया के समीप दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात एक ट्रक का मुंडिया के समीप टायर पिंचर हो गया जिसको चालक ने ट्रक को सडक पर ही खडा करके पहिया गदलने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने खडे ट्रक के पीछे से टक्कर मार दी। इस दौरान टायर बदल रहा चालक मौका पाकर दूर हट गया जिससे उसकी जान बच गई। टक्कर से कंटेनर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

कालाडेरा का चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। संस्कृत शिक्षा विभागीय संभाग स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) प्रवेशिका - वरिष्ठ उपाध्याय 2022 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कालच्या (जयपुर) में 4 से 6 नवंबर तक हुआ। जिसमें स्थानीय विद्यालय राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कालाडेरा के छात्र अंशुल शर्मा, विकास यादव, विजय वर्मा एवं शशांक शर्मा ने बैडमिंटन मेजर गेम्स में उपविजेता व वाद-विवाद अंग्रेजी में विजेता के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र अंशुल शर्मा का बैडमिंटन में राज्य स्तर पर चयन हुआ व शशांक शर्मा का वाद विवाद पक्ष में चयन हुआ। उक्त दोनों छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिनांक 9 नवंबर 2022 को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, मूंडरू (सीकर) में भाग लेंगे ।

10 हजार से अधिक हित चिंतक बनाए

कोटपूतली, (निसं)। देश भर में 6 नवम्बर से 20 नवम्बर तक हित चिंतक अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर कोटपूतली से अभियान का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल ने किया। वहीं विहिप प्रान्त उपाध्यक्ष पूरणमल भरगड़ ने विहिप के सेवा कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा देश भर में 350 गौशाला, 300 गौविज्ञान केन्द्र, 6314 एकल विद्यालय, 33 विद्यालय, 154 छात्रावास, 44 अनाथालय, 369 सेवा बस्ती में संस्कार केन्द्र, 2 वेद विद्यालय, 653 चल चिकित्सालय, 868 मंदिरों का निर्माण, प्रतिवर्ष एक लाख यूनिट से अधिक रक्तदान तथा कोरोना काल एवं हर प्राकृतिक आपदा में सेवा कार्य हेतु अग्रणी भूमिका रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देशभर में हित चिंतक अभियान चल रहा है, उन्होंने विहिप कार्यकर्ताओं को कोटपूतली क्षेत्र में भी सक्रियता के साथ अधिक से अधिक लोगों से सम्पर्क कर हित चिंतक बनाने के लिए आह्वान किया। जिस पर कार्यकर्ताओं ने कोटपूतली क्षेत्र में घर घर संपर्क कर एक दिवस में 10 हजार से अधिक हित चिंतक बनाये।

लोक अदालत 12 को

कोटपूतली, (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन व ऑनलाईन माध्यम से किया जायेगा।

आयोजन को लेकर सोमवार को तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा की अध्यक्षता में बीमा कम्पनी अधिवक्ता एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कोटपूतली न्याय क्षेत्र स्थित न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य मोटर वाहन अधिकरण एमएसीटी के प्रकरणों में सुलह वार्ता के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण बाबत चर्चा की गई। इस दौरान बीमा कम्पनी नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड की ओर से प्रबंधक देवेन्द्र सिंह बैंसला, सहायक प्रबंधक चेतन्य मीना, उपप्रबंधक याज्ञवल्वय शर्मा, बीमा कम्पनी अधिवक्ता जयसिंह शेखावत, अरविन्द चुलेट, रामनिवास गुर्जर, अवधेश कुमार शर्मा, विमल गोयल आदि मौजूद रहें।

बस ने बाइक को टक्कर मारी

खाटूश्यामजी, (निसं)। पुलिस थाना परिसर के पास दांता रोड धूड ट्रेडिंग कंपनी के नजदीक बस ने बाइक के टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार विजेश गढ़वाल, पत्नी हेमलता व 2 वर्षीय मानू घायल हो गया। वहां से दांतारामगढ़ के पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश शर्मा ने संवेदना दिखाते हुए सभी घायलों को खाटूश्यामजी सीएचसी पहुंचाया गया। तीनों घायल सड़क किनारे गिरे हुए थे। पूर्व जिला परिषद सदस्य शर्मा ने अपने वाहन से सीएचसी ले जाकर भर्ती करवाया गया।

66 वीं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता शुरू

बोराज, (निसं)। कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरपुरा में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय 66वीं खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर ने ध्वज पहराकर किया।

अध्यक्षता सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल, गीता राजावत व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवजिराम खुरडिया रहे। प्रधानाध्यापक पूरणमल कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 टीमों के 153 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विधायक नागर ने विद्यालय मंच पर टीन शेड लगवाने व खेल मैदान के बाउंड्री वाल बनवाने की घोषणा की। इस अवसर पर गोपाल सांखला पूर्व सरपंच, प्रेमचंद टेलर, भेरूलाल चौधरी, शंकर सिंह शेखावत, देवीलाल कुमावत सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



प्रतियोगिता का दूदू विधायक बाबूलाल नागर ने ध्वज पहराकर उद्घाटन किया।

ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 को

कोटपूतली, (निसं)। गौड़ ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया, गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शर्मा, जिलाध्यक्ष विक्रम राज शर्मा, जिला महामंत्री नरेन्द्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नितिन भारद्वाज ने आगामी 13 नवम्बर को जयपुर के बिड़ला ऑडोटोरियम में आयोजित होने वाले गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में कोटपूतली के विप्र बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

पचलंगिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवाड़ी व घनश्याम तिवाड़ी, हरियाणा के मंत्री मूलचन्द शर्मा, यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा सहित राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ के कई मंत्री व विधायक शिरकत करेंगे। इस मौके पर पंकज पचलंगिया व अन्य अतिथियों ने नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा का भी स्वागत किया। इस दौरान पं. सूर्यकान्त शर्मा, किशोरी लाल शर्मा नेताजी, जनार्दन पटवारी, विरेन्द्र शर्मा, नवल, रामौतार गौड़, नरेश शर्मा, मिथलेश शर्मा, गोपाल शर्मा, नागेन्द्र वैध, नागरपाल कौशिक सहित अन्य विप्रबंधु मौजूद थे।

चिकित्सा मंत्री विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे

लालसोट/ रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी, (निसं)। स्थानीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा दो दिवसीय दौरे के तहत करीब आठ विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर उद्घाटन लोकार्पण कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे।

■ दो दिवसीय दौरे के तहत 8 कार्यक्रमों में भाग लेंगे

चिकित्सा मंत्री मीणा के निजी सहायक महेश कुमार गौतम ने बताया कि चिकित्सा मंत्री मीणा 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय लालसोट के छात्र संघ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे मेगा हाईवे स्टेट हाईवे 24 से जमात लालसोट तक सड़क सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे रीको एरिया से ज्योतिबा फूले सर्किल लालसोट तक सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। उसी दिन दोपहर बाद करीब 4 बजे बगड़ी महारिया खुर्रा मंडावरी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

10 नवंबर को दोपहर 12 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा में नवीन कक्षा कक्षों का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद एक बजे महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ पचवारा के भवन एवं चारदीवारी का लोकार्पण करेंगे।

तत्पश्चात दोपहर डेढ बजे बिजली विभाग के नवसृजित सहायक अभियंता कार्यालय रामगढ़ पचवारा का उद्घाटन करेंगे। वहीं उसी दिन दोपहर 2 बजे रामगढ़ पचवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत अस्पताल का उद्घाटन करेंगे।

अंतिम तिथि 10 नवम्बर

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में स्नातकोत्तर पूवार्द्ध के कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय की मुख्य तथा प्रतीक्षा प्रवेश सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने बताया कि मूल दस्तावेजों के सत्यापन की अंतिम तिथि 10 नवम्बर है। विद्यार्थी अपने साथ मूल दस्तावेजों की फोटो प्रति, बधाई पत्र, फॉर्म की हार्ड कॉपी, टी.सी. व सी.सी. आदि लेकर महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होवें।

शांतिभंग में 9 गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से आपस में झगड़ा करते 9 जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार ढ़ाणी श्यामावाली तन महरमपुर राजपूत में आपस में लड़ाई झगड़ा करते हुए संदीप व सुनील पुत्रान शेरसिंह यादव निवासी ढ़ाणी श्यामावाली, धर्मपाल पुत्र बिड़दीचंद यादव निवासी ढ़ाणी भांकरिया तन कुजोता, विजय सिंह पुत्र सुल्तान सिंह यादव निवासी ढ़ाणी श्यामावाली तन महरमपुर राजपूत, महेंद्र पुत्र बंशीधर यादव निवासी ढ़ाणी श्यामावाली तन महरमपुर राजपूत, सोनू पुत्र रामस्वरूप कंजर निवासी चुरी, बलबीर पुत्र पूरणमल कंजर निवासी चुरी, रवि पुत्र रामस्वरूप कंजर निवासी चुरी, मनोज पुत्र श्रीराम कंजर निवासी चुरी को गिरफ्तार किया है।

स्वास्थ केन्द्रों का निरीक्षण किया

कोटपूतली। स्थानीय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि यादव ने सोमवार को विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सीएचसी बनेठी पर कार्यरत डॉ. शिवनारायण यादव, डॉ. प्रियंका सैनी, डॉ. पूजा सिंघल, सीनियर नर्सिंग अधिकारी रामकुंवार यादव, नर्सिंग अधिकारी प्रदीप कुमार समेत कुल दस कार्मिक बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक

अलवर, (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अलवर (दक्षिण) की जिला कार्यसमिति की मीटिंग भाजपा जिला कार्यालय 1-अम्बेडकर नगर, अलवर में दोपहर 12 बजे मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंजि. आर.आर. इब्राहीम खान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अल्पसंख्यक मोर्चा अलवर के जिलाध्यक्ष इंजी. आर.आर. इब्राहीम खान ने बताया कि इस मीटिंग मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती व अल्पसंख्यक मोर्चा के जयपुर संभाग प्रभारी जावेद कुरेशी रहे तथा भाजपा अलवर (दक्षिण) महामंत्री पवन जैन, रामोतार चौधरी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सालिम हुसैन विशिष्ट अतिथि रहे।

मीटिंग में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती अपने सम्बोधन में केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने के लिये कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया।

दलित दंपत्ति ने की बिना दहेज जीवन की शुरूआत

मंडावरी, (निसं)। कस्बे के समीप पट्टी किशोरपुरा ग्राम पंचायत में दलित दंपत्ति ने बिना दहेज के शादी का संकल्प लेते हुए मंडप में सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की है।

दूल्हा भारतीय रेल विभाग में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत है। स्व. केसरा पटेल के पुत्र मुरारी लाल

■ दहेज के रूप में एक रुपया व नारियल लिया

बैरवा पट्टी किशोरपुरा तहसील लालसोट जिला दौसा ने अपने बेटे की शादी में दहेज लेने से इंकार कर दिया। बिना दहेज की इस शादी में रेलवे स्टेशन मास्टर के साथ सपना बैरवा पुत्री राजुलाल ठेकेदार बैरवा सिरसाली तहसील बामनवास जिला सवाई माधोपुर ने सात फेरों के साथ सात वचन तो लिए ही लेकिन साथ ही दहेज ना लेना का आठवां वचन लिया। वहीं सर्व समाज के लोगों द्वारा दूल्हे के पिता मुरारी लाल बैरवा और उन के पूरे परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पट्टी किशोरपुरा ग्राम पंचायत में दलित दंपत्ति ने बिना दहेज के विवाह रचाकर कर दहेज मुक्त समाज का संदेश दिया।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक-न.पा.फु./2022-23/2756 दिनांक-07.11.2022

आपत्ति सूचना

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत 90-क, 69-क, लीज फ्री होल्ड पट्टा खांचा भूमि आवंटन नामान्तरण पूर्व पट्टा समर्पण कर नया पट्टा चाहा गया है।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	स्थान	क्षेत्रफल वर्गगज	प्रयोजनार्थ
1	श्री पारख राम पुत्र श्री बिहारी दास	वाके प्रेम नगर रेशिम स्कूल के पास, फुलेरा	108.33	90-क पत्रावली
2	श्री श्याम सिंह पुत्र श्री इन्द्र सिंह	वाके बड की कोई के पास, फुलेरा	506.66	90-क पत्रावली
3	श्री रणवीर सिंह पुत्र श्री इन्द्र सिंह	वाके बड की कोई के पास, फुलेरा	506.66	90-क पत्रावली
4	श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री मदन सिंह	वाके बड की कोई के पास, फुलेरा	506.66	90-क पत्रावली
5	श्री रोहित वर्मा पुत्र श्री गोपाल लाल वर्मा	अम्बेडकर कॉलोनी, फुलेरा	266.66	फ्री होल्ड पत्रावली
6	श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह	जगदम्बा कॉलोनी, फुलेरा	195.55	फ्री होल्ड पत्रावली
7	श्री सज्जन सिंह पुत्र श्री मोहनदास	राजीव गांधी कॉलोनी, फुलेरा	138.88	69-क पत्रावली
8	श्री भैरूराम पुत्र श्री बालूराम	वाके प्लाट नं. 10 व 11 न्यू कॉलोनी, फुलेरा	80.00	69-क पत्रावली
9	श्री भैरूराम पुत्र श्री बालूराम	वाके प्लाट नं. 24 न्यू कालोनी, फुलेरा	253.33	69-क पत्रावली
10	श्री भैरूराम पुत्र श्री बालूराम	वाके प्लाट नं. 8 व 9 न्यू कालोनी, फुलेरा	80.00	69-क पत्रावली
11	श्री भैरूराम पुत्र श्री बालूराम	वाके प्लाट नं. 23 न्यू कालोनी, फुलेरा	100.00	69-क पत्रावली
12	श्री भैरूराम पुत्र श्री बालूराम	वाके प्लाट नं. 22 न्यू कालोनी, फुलेरा	200.00	69-क पत्रावली
13	श्रीमति स्नेहलता पत्नि श्री मुकेश कुमार	रामदेव जी के मंदिर के पास, फुलेरा	96.07	69-क पत्रावली

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(राकेश कुमार शर्मा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

संक्षिप्त

मरम्मत कार्यों के लिए स्वीकृति

टोंक, (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की अनुशंशा पर जल संसाधन अधिशाषी अभियंता, नहर खंड प्रथम विभाग बीसलपुर परियोजना टोंक तहसील टोंक के 35 कार्यों की मरम्मत के लिए 105.17 लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की। 35 कार्यों की मरम्मत के लिए 105. लाख की स्वीकृति जारी करवाने पर राजस्थान मदरसा बोर्ड के सदस्य सऊद सईदी, प्रधान पंचायत समिति टोंक सुनिता गुर्जर, राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा सहित समस्त कांग्रेसियों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार व्यक्त किया।

सांप के काटने से अधेड़ की मौत

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुण्डावरा में सांप के काटने से एक अधेड़ की मौत हो गई। हैड कांस्टेबल हेमराज गुर्जर ने बताया कि केशुराम (57) पुत्र भंवरे लाल जाति जाट निवासी मुण्डावरा को खेत पर सरसों की फसल में पानी देते समय जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने के बाद परिजन अधेड़ को नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये। जहां पर अधेड़ केशुराम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घायल राष्ट्रीय पक्षी का उपचार किया

पावटा, (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पावटा परिसर में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना सीबीईओ एमडी यादव एवं उमेश टोकस ने एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी। सूचना मिलते ही भारद्वाज ने मौके पर पहुंचकर घायल मोर का उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि मोर के पंखों से रक्त बह रहा था जिसकी ड्रेसिंग की गई उपचार के बाद भारद्वाज ने मोर को वन कार्यालय पावटा ले जाकर रेन्जर सीताराम यादव को सुपुर्द किया। इस दौरान उमेश टोकस, राजेन्द्र प्रसाद, चेतराम, अशोक जाट, दिनेश आदि ने उपचार में मदद की।

पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान

उनियारा/चौरु, (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरू में जनप्रतिनिधियों सहित उच्चाधिकारियों की अनदेखी के चलते पुलिया के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

चौरू कस्बे में जगराम मीणा के मकान के सामने पुलिया बनी हुई है। लेकिन पुलिया का स्तर नीचा होने व रोड ऊंचा उठने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। ग्रामवासियों ने तहसीलदार, गिरदावर सहित संबंधित विभागीय व

■ उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित अवगत करा रखा है, फिर भी उपखण्ड प्रशासन, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

रामनिवास माली वार्ड पंच, रामफुल मीणा ताजी, जगराम मीणा, चिरंजीलाल सैनी, मुरारी लाल सैनी, बहादुर सिंह मीणा सहित कई कस्बेवासियों ने बताया कि पुलिया के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करवाने से ग्रामीणों सहित राहगीर आएदिन परेशान हो रहे हैं, सड़क पर कीचड़ व गड्ढे दुर्घटना सहित मौत को निमंत्रण दे रहे हैं, बाईक सवार आयेदिन सड़क पर पानी भरे गड्ढों में गिरने से दुघर्टना बढ़ रही है।

उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौरू में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर कीचड़ बना हुआ है।

दूसरी तरफ़ मकानों से गन्दा पानी नालियों से होकर पुलिया की निकासी नहीं होने से अवरूद्ध होने के कारण नालीयां भी आगे से बंद है, इसलिए मकानों का पूरा पानी रोड पर आ जाता है। इस दौरान दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सुबह स्कूल जाते व स्कूल छुट्टी के बाद आने में या पैदल निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि पुलिया की निकासी शीघ्र नहीं की गई तो आने वाले समय में भयंकर जटिल समस्याओं से गुजरना पड़ सकता है।

दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप

टोंक, (निसं)। नाथ समाज युवा संगठन गौरक्ष सेना संस्थान ने बमोर निवासी मनीषा की दहेज को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पति सहित ससुराल वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

उपाध्यक्ष दामोदार नाथ योगी, रामबाबू, दिलखुश योगी, कालू फौजी, लक्ष्मण, प्रकाश माली, पारस सोनी, हरिराम गुर्जर, छोटूयोगी, नारायण, रतन, छोटू, रामराज योगी, राधेश्याम आदि समाज के लोगों ने डाक बंगले से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बताया कि बमोर के रहने वाले रामबाबू ने अपनी बेटी मनीषा की शादी छह माह पूर्व सवाईमाधोपुर के रवांजना डूंगर थानांतर्गत कुस्तला में जितेश योगी से की थी, जिसमें गरीब पिता ने अपनी क्षमतानुसार दहेज दिया, लेकिन कुछ समय ठीक रहने के बाद ही ससुराल वाले मनीषा को दहेज को लेकर प्रताडित करते हुए नित कई मांगें करने लगे, जिसे पूरी नहीं करने पर मनीषा के साथ कई बार मारपीट की गई।

मृतका के पिता ने बताया कि दीवाली के दूसरे दिन ससुराल से फोन आया कि मनीषा ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव वापस घर ले आ गए। उन्हें अंदेशा है कि उसके ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक

पावटा, (निसं)। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले एक बैठक का आयोजन हुआ। आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम साथिन प्रकोष्ठ बाली के तत्वावधान में कांग्रेस सरकार मानदेय एवं संविदा कर्मियों से चुनावों के समय किया गया नियमितीकरण वादों को लागू नहीं करने को लेकर पावटा स्थित एक गार्डन में अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ संस्थापक छोटेलाल बुनकर की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में जयपुर ग्रामीण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्राम साथिनों ने भाग लिया। बैठक को अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक छोटेलाल बुनकर ने आंगनबाडी मानदेय कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जन घोषणा पत्र (विधानसभा चुनाव 2018) में आंगनबाडी महिला मानदेय कार्मिक

■ मानदेय एवं संविदा कर्मियों को नियमितीकरण करने की मांग

आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, साथिन, आशा सहयोगिनी सहित सभी संविदा कर्मियों से जन घोषणा पत्र में मानदेय एवं संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा किया गया था, जो करीब 4 साल बाद खोखला एवं जुमला साबित हो रहा है। पिछली भाजपा सरकार ने भी वादा कर महिला मानदेय कार्मिकों व सभी संविदा कर्मियों के साथ कुठाराघात किया। इसी तरह कांग्रेस सरकार भी वादा खिलाफी कर रही है। समय रहते सरकार को कम से कम इन कार्मिकों को 18 हजार मासिक मानदेय एवं सभी के लिए नियमितीकरण का सुलभ रास्ता निकालना चाहिए। मांगों का आगामी बजट सत्र में हल नहीं निकलने पर जयपुर में रैली निकाली जायेगी।.

सिंचाई के लिये नहर से पानी छोड़ने की मांग

टोंक, (निसं)। जिले के दूनी ग्राम पंचायत सीतापुरा के लोगों ने सिंचाई के लिये पानी छोड़ने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामवासी देवलाल, बाबूलाल, घांसी, हरलाल, देवलाल, देवकरण, प्रहलाद, जगदीश, नेहनूराम, तेजमल, गणेश, भंवरलाल, प्रकाश एवं धन्ना आदि ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम सरदारपुरा पंचायत सीतापुरा तहसील दूनी में सरकारी तालाब है, जिसमें नहर भी है। उक्त तालाब पूर्व में सिंचाई विभाग में नहीं था, परन्तु गत सत्र 2010 में इसे ग्राम पंचायत सीतापुरा में निहित कर दिया गया है, इस तालाब के भराव क्षेत्र में ग्रामवासी की खातेदारी भूमियों स्थित है। पूर्व में भी इस तालाब से नहर में पानी छोडा जाता था। परन्तु

सीतापुरा के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

गत 5 वर्ष से हरीराम मीणा पुत्र दुर्गालाल मीणा ने माता के सरपंच होने के कारण दबंगाई से इस तालाब को मछली पालन के ठेके पर दे देते हैं और नहर में पानी नहीं छोडा जाता है। इस कारण खेती करने से वंचित हो गये है।

सार-समाचार

छप्पन भोग की झांकी सजाई

राजगढ़, (निसं)। अलवर कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सोमवार को वैकुंठ चतुर्दशी को जगन्नाथ जी महाराज की छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। मंदिर महन्त पूर्ण दास मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि एक माह से चल रहे कार्तिक मास का समापन श्री राधा दामोदर जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने राधा दामोदर महाराज की परिक्रमा कर के उनकी सवारी को घंटे घड़ियालों के साथ कस्बे के प्रमुख बाजारों से होती हुई विसर्जन इस्थान पर पहुंची जहां सभी महिलाओं ने पूजा अर्चना करके उनका विसर्जन किया। इस अवसर पर मुकुल बढ़ाया मनीष गुप्ता गायत्री देवी मीनू सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दांतिल में निर्माण कार्यों का उद्घाटन

पावटा, (निसं)। उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत दांतिल में करोडों रुपये के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव का विकास होगा तो देश तरक्की करेगा। यादव ने ग्राम पंचायत दांतिल में आयोजित कार्यक्रम में करोडों रुपये की लागत से पाल पथ का सौन्दर्यकरण कार्य, अंबेडकर भवन निर्माण कार्य (सामुदायिक भवन) एस सी एस टी मोहल्ला दांतिल का उद्घाटन किया। सडक एवं किसान सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी रामवतार शर्मा, पटवारी मुकेश कुमार वर्मा, कृषि पर्यवेक्षक राम किशोर नागर, फूलाराम यादव, पीसीसी सदस्य नरसी गुर्जर, कोटपुतली प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज गुर्जर, दांतिल सरपंच किरण सांखला, समाजसेवी राजेंद्र सांखला, पूर्व सरपंच महेश शाहपुरा, कोटपुतली उपप्रधान रामकिशोर सैनी, पवाना सरपंच पूरण बागोरिया, कर्मचारी नेता रामजीलाल यादव, सुदरपुराढाढा पूर्व सरपंच कैलाश शर्मा, सुजातनगर सरपंच प्रतिनिधि हरिराम, विराटनगर सरपंच संघ अध्यक्ष शिशराम दायमा, दांतिल पूर्व सरपंच गोदराज, दांतिल पंच जयसिंह दरबार, मदन वर्मा, सुरेश टांक, दांतिल उपसरपंच ओमप्रकाश सैनी, सुदरपुरा सरपंच उमेश, द्वारिकपुरा सरपंच रोहतास, पाथरेडी सरपंच रामस्वरूप कसाना, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन नरपत सिंह, पुरुषोत्तमपुरा विनोद कुमार योगी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाये

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा की ग्राम पंचायत मेड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख जयपुर रमा चौपडा के मुख्य आतिथ्य व जिला पार्षद शिवदान भागना की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक डॉ.फूलचंद भिंडा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने वाली कन्याओं का सम्मान किया गया। भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया के जन्मदिन 24 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की बेटियों के लिए महत्वाकांक्षी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 101 कन्याओं के खाते खुलवा कर क्षेत्र की कन्याओं का विराटनगर विधानसभा की ग्राम पंचायत मेड बालिकाओं के तिलक लगाकर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा करके, बैंक डायरी सुपुर्द करके, स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं पूर्व सरपंच जगन चौधरी, भाजपा नेता हरि प्रसाद बल्लीवाल, भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पूर्व सरपंच लाल सिंह शेखावत सहित सैकडों ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

सुरेन्द्र का जेईई मेंस में चयन

नारायणपुर, (निसं)। जेईई मेंस 2022 में छात्र सुरेन्द्र का चयन होने पर सैनी समाज अध्यक्ष सुल्तान राम के सानिध्य में कस्बा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान में छात्र को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार अजबपुरा निवासी सुरेन्द्र पुत्र बृजमोहन सैनी जयपुर में रहकर जेईई मेंस की तैयारी की थी। उन्होंने जेईई मेंस में 92.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित छात्र को रांची में स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मेसरा इंजीनियरिंग कॉलेज मिली है। छात्र की माता सुनीता देवी गृहणी व पिता बृजमोहन सैनी मिठाई की दुकान करते है। इस मौके पर राजू सैनी, बिल्लू पारीक, छीतरमल सैनी, रामकरण सैनी, महेश सैनी, उमाकांत सहित बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

हित चिंतक अभियान का शुभारंभ

सांभरझील, (निसं)। यहां गोवर्धननाथ जी के मन्दिर से अभियान का शुभारंभ मंदिर के महंत जुगल दास महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शिवजी राम जी द्वारा किया गया। लोगो को इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई एवं अधिक से अधिक लोगो को इस अभियान से जुड़ने की अपील की गयी। इस मौके पर बजरंग दल जिला सयोजक राकेश कुमावत, नोरतमल, अध्यक्ष हीरालाल तंवर, सचिव सुनील शर्मा, दिनेश शर्मा, बजरंग दल के संजय खाण्डेकर, गांधी प्रकाश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मनीष सुठवाल, मयंक, भगवानदास सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शब्द कीर्तन व लंगर आज़

खैरथल, (निसं)। सिख धर्म के गुरु नानक देव जी की जयंती पर मंगलवार को गुरद्वारों व पंजाबी समाज की ओर से लंगर आयोजित होंगे। इससे पहले सोमवार को गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया गया। इससे पहले प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर कीर्तन के साथ मंगली कालौनी स्थित गुरुद्वारा कलघीधर साहिब में पहुंची। जहां रागी जत्थों ने शबद कीर्तन किया।

अनैतिक गतिविधियों के मामले में 6 महिला-पुरुष पकड़े

बहरोड़/ नीमराना, (निसं)। बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 के मुख्य चौराहे पर बहरोड़ वृत्ताधिकारी आनंद राव ने लंबे समय से चल रही अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए दबिश देकर अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त तीन महिला और तीन पुरुषों को हिरासत में लेकर पुलिस थाना बहरोड़ को सौंपा।

गौरतलब है कि अनैतिक गतिविधियों के नाम से बदनाम बहरोड़ कस्बे में होटलों में ब्लैकमेल कर पैसे

■ डीएसपी आनंद राव ने लंबे समय से चल रही अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर दबिश दी

लूटने की वारदात हो चुकी हैं तथा यह अनैतिक गतिविधियों के सौदागर कस्बे का माहौल खराब कर रहे हैं जो क्षेत्र में

नेशनल हाईवे 48 के मुख्य चौराहे पर की कार्रवाई।

चोरी, डकैती, लूटपाट, ठगी तथा ब्लैकमेल का धंधा करने के दौरान विश्वास जमा कर क्षेत्र के लोगों को बदमाशों से धमकी दिला कर लूटपाट करने का धंधा करके फरार हो जाते हैं तथा कानूनी कार्यवाही में कस्बे के अवैध धंधों में संलिप्त लोगों की शरण में जाकर ठगी का कारोबार चलाते हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इन लोगों का पुलिस की सांठगांठ से धंधा चल रहा है।

वहीं बहरोड़ डीएसपी आनंद राव ने बताया कि लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थी जिन पर कार्यवाही करने के बाद मांढण क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने निकल गए।

सांसद ने उर्वरक मंत्री से की भेंट

टोंक, (निसं)। टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने सोमवार को रासायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली डॉ. मनसुख मांडविया से उनके कार्यालय में भेंट कर लिखित में पत्र देकर कहा कि आपके मंत्रालय द्वारा विपरीत परिस्थितियों में टोंक-सवाई माधोपुर जिले में गत वर्ष और इस वर्ष में सितम्बर और अक्टूबर माह में भी-डीएपी एवं यूरिया कृषकों को उपलब्ध कराया, जिसके लिए उनका धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक - सवाई माधोपुर में पहले से ही खरीफ की अधिकांश फसल अतिवृष्टि व असमय वृष्टि से नष्ट हो चुकी है और क्षेत्रीय किसान पूरी तरह से रबी की इस फसल पर ही निर्भर हैं।

सांसद जौनापुरिया ने आग्रह किया कि इस माह में टोंक व सवाई माधोपुर जिलें हेतु क्रमशः 15,000 व 10,000 मीट्रिक टन यूरिया की रैक जिस भी कम्पनी के पास उपलब्ध हो उसकी यथाशीघ्र व्यवस्था करवाने की कृपा करें। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने जल्द से जल्द यूरिया की रैक दोनों जिलों में भिजवाने का आश्वासन दिया।

आरक्षित वर्ग को होगा भारी नुकसानः बैरवा

अलवर, (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के प्रदेश सहसंयोजक एवं शिक्षाविद डॉ. रमेश बैरवा ने आक्रोश व्यक्त किया है कि विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने से आरक्षित वर्ग को भारी नुकसान होगा। राज्य सरकार को बिना आरक्षण की इस भर्ती पर रोक लगानी चाहिए। आरक्षण का प्रावधान कर शिक्षकों की स्थाई भर्ती की जाए। उल्लेख है कि विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी में 93000 एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में 10000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे इन वर्गों को भारी नुकसान होगा।

इन भर्तियों में आरक्षण की मांग के लिए आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए सूर्यनगर स्थित पंचशील बुद्ध विहार में 'विद्या संबल योजना' के तहत शिक्षकों की भर्ती में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने पर चर्चा के लिए विभिन्न

■ विद्या संबल योजना एवं अंग्रेजी माध्यम संविदा सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने पर आक्राश व्यक्त किया

शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्या संबल योजना में आरक्षण का प्रावधान नहीं किये जाने पर कड़ा विरोध जताया तथा यह तय किया गया 8 नवंबर को प्रातः 11 बजे अम्बेडकर सर्किल अलवर पर विशाल प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। मीटिंग में राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष रामचरण वर्मा, जिला अध्यक्ष अमरसिंह जाटव, जिला मंत्री हरिमन मीणा, अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) के जिला अध्यक्ष डॉ. छबील कुमार, आयुर्वेद एशोसिएशन से डॉ. रमन कुमार, सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी शामिल रहे।

सड़कों की समस्याओं का समाधान कर आवागमन सुगम कियाः इंद्राज

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार के बजट में 33 करोड़ की लागत से 33 किमी लंबा बनने वाले एमडीआर 251 का उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य व क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अध्यक्षता में शिलान्यास किया गया।

वहीं इससे पहले जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा गृह राज्यमंत्री एवं कोटपुतली विधायक राजेंद्र सिंह यादव व विधायक इंद्राज गुर्जर को भव्य स्वागत करते हुए एक जुलूस निकाला। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र सिंह यादव व इंद्राज गुर्जर का जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में सड़कें बदहाल थी। जरूरी सुविधाओं का अभाव बना हुआ था। सबसे बड़ी चुनौती जर्जर सड़कों के मरम्मत, सुदृढीकरण और उच्चीकरण

33 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का राज्य मंत्री व विधायक ने शिलान्यास किया।

की थी। चुनाव प्रचार के दौरान उनके सामने सड़क एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। जिसको दूर करने का पूरा प्रयास किया है। जिन पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने प्रयास, मांग व विधान सभा मैं आवाज उठाते हुए क्षेत्र में जो कहा वो किया। राज्य सरकार के बजट में एमडीआर 251 (33 किमी) लागत राशि 33 करोड के रोड का शिलान्यास किया गया है। यह रोड कुहाडा मोड से वाया पापडा, बडा कांकराणा, खाला की ढाणी,

■ आवागमन के साधन जितने सुलभ होंगे उतने ही विकास के अवसर बढ़ेंगेः यादव

तालुकाबास की छीड, तालुकाबास, पांछूडाला की छीड, सितोपसिंहपुरा, भोजावास, भांकरी, चौबाला, पाथरेडी, चौकी राजनोता रोड, भालोजी मोड तक बनेगी।

गृह राज्यमंत्री एवं कोटपुतली विधायक राजेंद्र सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी गांव व क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वह गांव सड़क, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था से परिपूर्ण हो। अच्छी सड़कें विकास के अवसर देती है। आवागमन के साधन जितने सुलभ होंगे उसी गति से विकास के अवसर भी बढ़ेंगे। इस दौरान बडी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

महात्मा गांधी विद्यालयों का निरीक्षण किया

मालपुरा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा खोले गये महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सहित अन्य गतिविधियों के संचालन की जांच को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री सेवाप्रदाय प्रकोष्ठ द्वारा गठित राज्य स्तरीय जांच दल ने मालपुरा व चांदसेन विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

जांच दल में शामिल सताक्षी हुदर, फरहान शालीबान, अरिहन्त लोखाण्डे ने विद्यालय के कक्षा कक्षों में पहुंच शिक्षण व्यवस्था व गुणवत्ता की जांच को लेकर विद्यार्थीयों से संवाद किया। मिड्डे मील सहित विद्यालय की गतिविधियों एवं भौतिक सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टॉफ कर्मियों से मिली जानकारी में जांच दल को अवगत करवाया कि मार्च 2022 के बाद से विद्यालय को पोषाहार राशि का भुगतान नहीं मिला है , विद्यालय की छत से बरसात का पानी रिसाव होने से शिक्षण व्यवस्थाएं बाधित हो रही है। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेन्द्र वर्मा, शिक्षिका संतोष शर्मा, लिपिक जगदीश माली चांदसेन, व मालपुरा प्रधानाचार्य अब्दुल वहाब, शिक्षक मशुद अख्तर आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल सीआरपीएफ जवान की मौत

बस्सी, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत टहटडा के दोपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मदन लाल जोगी ने अस्पताल में आखिरकार रविवार देर रात्रि को दम तोड़ ही दिया। जवान मदन लाल 24 अक्टूबर को चंडीगढ से छुट्टी पर अपने गांव दोपुर आ रहा था लेकिन अपने गांव आने से पहले ही बांसखोह के पास दादिया पट्टी गांव में सड़क पर बाइक फिसल गई जिससे मदन के सिर में गंभीर चोट आई।

इसके बाद उसे जयपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद गत देर रात्रि को मदन की सांसे हमेशा के लिए थम गई। जानकारी मुताबिक मदनलाल चंडीगढ में सीआरपीएफ के पद पर तैनात है। 24 अक्टूबर को अपने गांव दोपूर आ रहा था। अपने गांव आने से पहले बांसखोह फाटक पर आकर अपने छोटे भाई को मोबाइल से कॉल करके सूचना दी कि मैं यहां पर आ गया और मुझे घर पर आना है। इसके बाद छोटा भाई अपनी बाइक के साथ बांसखोह फाटक से बडे भाई सीआरपीएफ जवान मदनलाल

चंडीगढ़ से आए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों ने मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जोगी को अपने घर पर ले जा रहा था। इस दौरान दादिया पट्टी गांव के पास निर्माणाधीन सडक पर अचानक बाइक फिसल गई जिससे मदनलाल जोगी के सिर पर गंभीर चोट आई।

चंडीगढ से आए हुए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों के द्वारा सीआरपीएफ मदनलाल जोगी का पार्थिव शरीर जयपुर से उनके गांव दोपुर ले जाया गया। जहां पर बीच रास्ते में बांसखोह फाटक पर लोगों के द्वारा सीआरपीएफ जवान मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 'जब तक सूरज चांद रहेगा, मदन तेरा नाम रहेगा' जैसे नारे लगाए गए। इसके साथ ही जगह-जगह पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे थे। मदन के गाँव आये हुए सीआरपीएफ के उच्च अधिकारी व जवानों के द्वारा सीआरपीएफ जवान मदनलाल जोगी के पार्थिव शरीर पर सलामी देते हुए अंतिम संस्कार किया गया।

वह असल में ऐसा खिलाड़ी बन रहा है जो भारत को एक ऐसे स्कोर तक पहुंचा रहा है जिसका बचाव किया जा सके। अगर सूर्य विफल रहता है तो 140-150 रन बनाने के लिये भी जुझना पड़ेगा। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, सूर्य यादव के बारे में।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

लक्ष्य सेन

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गले में संक्रमण के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अल्मोड़ा के रहने वाला यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हाइलो ओपन से ठीक पहले बीमार हो गया था और उन्होंने हालांकि इस टूर्नामेंट में भाग लिया था लेकिन वह पहले दौर में ही हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस से हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 15 से 20 नवंबर के बीच सिडनी में खेला जाएगा। सेन ने कहा,'' हाइलो ओपन के लिए सारब्रकेन पहुंचने से पहले ही मुझे बुखार, गले में दर्द और कमजोरी थी।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

जाखड़ ने विश्व चैम्पियनशिप में भारत का खाता खोला

अल ऐन, 7 नवंबर। भारतीय पैरा-शूटर राहुल जाखड़ ने यहां पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में सोमवार को कांस्य पदक हासिल किया। जाखड़ ने टूर्नामेंट में भारत का खाता खोलने के लिये पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 प्रतियोगिता में 21 के स्कोर के साथ अपने हमवतन निहाल सिंह को शिकस्त दी। निहाल 20 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि दो बार के पैरा ओलंपिक मेडलिस्ट सिंहराज अधाना ने 13 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया। जाखड़ ने क्वालीफिकेशन राउंड में 582 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था जबकि सिंहराज और निहाल क्रमश: सातवें एवं आठवें स्थान पर रहे थे। पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छह से 17 नवंबर तक किया जाएगा।

आईओए ने चुनाव से पहले आठ दिग्गज खिलाड़ियों को आवेदन का न्यौता दिया

नयी दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने दस दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिये आठ दिग्गज खिलाड़ियों के आवेदन मंगवाये हैं। आईओए की दस नवंबर को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक से पहले आवेदन मंगवाने के लिये न्योता दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन आठ खिलाड़ियों में छह पुरूष और दो महिलायें होंगी जिन्हें कार्यकारी परिषद के चुनाव में मतदान का अधिकार होगा। ये खिलाड़ी 18 वर्ष से अधिक और 70 वर्ष से कम उम्र के होंगे और खेल को अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने आवेदन से कम से कम एक साल पहले कोई प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट नहीं खेला होना चाहिये। इसके अलावा ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल या एशियाई खेलों में एक पदक जीता होना चाहिये। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने संविधान के नये मसौदे को मंजूरी दे दी है जिसे आईओए की आमसभा की विशेष बैठक में स्वीकृति दी जायेगी। इसमें एक एथलीट आयोग बनाने का भी प्रावधान है जिसके दो प्रतिनिधि कार्यकारी परिषद में होंगे। उच्चतम न्यायालय ने आईओए के चुनाव के लिये दस दिसंबर की तारीख दी है।

सुमित एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय मुक्केबाज सुमित (75 किलो) ने थाईलैंड के बोरवोर्न कदमदुआन को 3.2 से हराकर जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप में भारत का एक और पदक पक्का कर दिया। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सुमित ने बंटे हुए फैसले के आधार पर क्वार्टर फाइनल जीता। अब उनका सामना गत चैम्पियन उजबेकिस्तान के जाफरोव सैदामशिद से होगा। भारत के अब 11 पदक पक्के हो गए हैं। भारत के सचिन (71 किलो) और लक्ष्य चाहर (80 किलो) अपने अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए। सचिन को एशियाई खेल 2018 के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के असलानबेक शिमबरजेनोव ने 4.1 से हराया। वहीं लक्ष्य को उजबेकिस्तान के असलोनोव ओदिलजान ने 5.0 से शिकस्त दी। भारत के नवीन कुमार (92 किलो) और नरेंदर (92 प्लस) आज अपने अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। इससे पहले अमित कुमार (67 किलो), मोनिका (48 किलो) और सिमरनजीत कौर (60 किलो) हारकर बाहर हो गए।

बार्टी का टेनिस में वापसी का कोई इरादा नहीं

मेलबर्न, 7 नवंबर। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी का टेनिस में वापसी करने या किसी अन्य खेल को अपनाने का कोई इरादा नहीं है। मेलबर्न पार्क में अपनी आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी उच्च स्तर के खेलों में वापसी करने की कोई इच्छा नहीं है और भविष्य में भी वह ऐसा नहीं करेंगी। इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली बार्टी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा,'' नहीं मेरा वापसी का कोई इरादा नहीं है। मैंने जो हासिल करना था कर लिया है।'' बार्टी ने तीन ठौंडस्लैम खिताब जीते हैं और वहां 121 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। उन्होंने ब्रिसबेन हीट की तरफ से पेशेवर क्रिकेट भी खेला है और वह गोल्फ में खेलती रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि टेनिस छोड़ने के बाद वह किसी अन्य खेल में हाथ आजमा सकती हैं।

चौरसियां, संधू और कोचर मोरक्को में संयुक्त 32वें स्थान पर

रबात (मोरक्को), 7 नवंबर। एशियाई टूर पर छह बार के विजेता एसएसपी चौरसिया सहित तीन भारतीय यहां 15 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 32वें स्थान पर रहे। चौरसिया (74) के अलावा अजितेष संधू (72) और करणदीप कोचर (71) का भी कुल स्कोर दो ओवर रहा। अन्य भारतीयों में गगजीत भुल्लर (74) और विराज मादप्पा (74) संयुक्त 40वें स्थान पर रहे जबकि अमन राज (76) ने संयुक्त 47वां स्थान हासिल किया।

देसवाल चमके, जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को हराया

पुणे, 7 नवंबर। रेडर अर्जुन देसवाल के शानदार प्रदर्शन से जयपुर पिंक पैंथर्स ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा को 42-39 से हरा दिया। देसवाल ने 15 रेड अंक बनाए। अंकुश ने पांच टैकल अंक जुटाकर उनका अच्छा साथ निभाया जिससे जयपुर की टीम कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही। पिंक पैंथर्स ने शानदार शुरुआत करते हुए जल्द ही यू मुंबा को ऑल आउट करके 9-1 की बढ़त बनाई। यू मुंबा की टीम वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर करने में सफल रही।

सेमीफाइनल के लिए अंतिम एकादश में बदलाव कर सकते है राहुल द्रविड़

'हम एडिलेड जाएंगे और वहां की पिच का मुआयना करेंगे। हमने वहां कुछ मैच देखें हैं और हम जानते हैं कि विकेट धीमा है। हमें एक अलग पिच मिल सकती है। बंगलादेश के खिलाफ जिस पिच पर हमने मैच खेले उस विकेट पर स्पिनर्स को ज्यादा फायदा नहीं मिला, इसके बावजूद हम वहां जाएंगे और विकेट देखने के बाद फैसला करेंगे कि इस विकेट के साथ हम टीम के लिए क्या कर सकते हैं।'

मेलबर्न, 7 नवंबर। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया है कि वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल के लिए अंतिम एकादश में बदलाव करने पर विचार करेंगे।

भारत ने रविवार को सुपर 12 चरण के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारत ने इस जीत के साथ यह सुनिश्चित किया कि वह अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे और एडिलेड में 10 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, द्रविड़ ने कहा कि वह सेमीफाइनल मैच के लिए अंतिम एकादश का चयन पिच देखे बिना नहीं करेंगे। आईसीसी ने द्रविड़ के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि हम अपने सभी 15 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं। हमें पता है कि जो कोई भी टीम में आता है, वह संभावित रूप से हमें कमजोर नहीं बनाएगा। द्रविड़ ने कहा, हम एडिलेड जाएंगे और वहां की पिच का मुआयना करेंगे। हमने वहां कुछ मैच देखें हैं और हम जानते हैं कि विकेट धीमा है। हमें एक अलग पिच मिल सकती है। बंगलादेश के खिलाफ जिस पिच पर हमने मैच खेले उस विकेट पर स्पिनर्स को ज्यादा फायदा नहीं मिला, इसके बावजूद हम वहां जाएंगे और विकेट देखने के बाद फैसला करेंगे कि इस विकेट के साथ हम टीम के लिए क्या कर सकते हैं। इस मैच से पहले अक्षर पटेल की फॉर्म द्रविड़ के लिये चिंता का विषय है। वामहस्त ऑलराउंडर ने इस टूर्नामेंट के चार मैचों में सिर्फ तीन विकेट लिये हैं, जबकि बल्ले से उनका सर्वाधिक स्कोर सात रन रहा है। एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ अक्षर ने एकमात्र ओवर में 21 रन दिए, जबकि रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ 3.2 ओवर में 40 रन देकर वह एक बार फिर महंगे साबित हुए हैं। ऐसे में अक्षर की जगह लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है।

द्रविड़ ने कहा कि अक्षर की फॉर्म उनकी टीम के लिए थोड़ी चिंता का विषय है, लेकिन उन्होंने टीम में लंबे समय तक अच्छा योगदान दिया है। द्रविड़ ने कहा, कुछ मैचों में (यह एक चिंता का विषय है), लेकिन उनके कई मैच अच्छे भी रहे हैं। यह इस टूर्नामेंट और इस प्रारूप की प्रकृति है। उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ मैच में बारिश से ठीक एक अच्छा ओवर फेंका। उन्होंने कहा, यह इस प्रारूप में हो सकता है। मैं चिंतित नहीं हूं। हां, आज (ज़िम्बाब्वे के खिलाफ) उनका दिन बेहतर हो सकता था, लेकिन वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिसने पिछले समय में हमारे लिए अच्छी गेंदबाजी की है। अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक भी सेमीफाइनल के लिये टीम में वापसी कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को मौका दिया गया था जो तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। द्रविड़ ने कहा कि वह एडिलेड की पिच देखने के बाद ही प्लेइंग इलेवन पर फैसला करेंगे।

ताशकंद रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के साथ पुरुषों की 2023 विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 7 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने सोमवार को घोषणा की कि मई में ताशकंद में होने वाली 2023 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को रिकॉर्ड पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। अगले साल एक से 14 मई तक उज्बेकिस्तान की राजधानी में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पिछले सत्र की तुलना में दोगुनी इनामी राशी दी जाएगी। क्रेमलेव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''इतिहास में पहली बार हमारे पास 52 लाख अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। पहले स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज को दो लाख अमेरीकी डॉलर, दूसरे स्थान के लिए एक लाख अमेरीकी डॉलर और प्रत्येक कांस्य पदक विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।'' खेल को हालांकि बड़ा झटका लगा है क्योंकि मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स में 2028 के ओलंपिक के लिए शुरुआती खेलों की सूची से बाहर कर दिया गया है। क्रेमलेव को लगता है कि अगर इस खेल को लॉस एंजिल्स खेलों से बाहर कर दिया जाता है तो मुक्केबाजी समुदाय चुप नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, ''हम अपनी संख्या बढ़ा रहे हैं। मुक्केबाजी को चाहने वालों की संख्या करोड़ों में है। एक अरब से अधिक लोग मुक्केबाजी को पसंद करते हैं। मेरी राय में अगर वे मुक्केबाजी को ओलंपिक से बाहर करने की कोशिश करेंगे तो कोई भी चुप नहीं रहेगा।'' प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद गत विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने कहा, ''आईबीए मेरा घर है। एक खिलाड़ी के रूप में, मैं यहां अपने मुक्केबाजी परिवार में सुरक्षित महसूस करती हूं। इस जीत के लिए मुझे मिली पुरस्कार राशि के लिए मैं आईबीए की आभारी हूं। मैं इसके साथ हैदराबाद में एक घर खरीदने जा रही हूं।''

श्रीलंका क्रिकेट ने गुणथिलाका को निलंबित किया

कोलंबो, 7 नवंबर। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तारी के बाद क्रिकेटर दनुष्का गुणथिलाका को खेल के सभी प्रारूपों से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएलसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने राष्ट्रीय खिलाड़ी दनुष्का गुणथिलाका को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया में एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में गुणथिलाका को गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिलने के बाद उन पर किसी भी चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया, इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट कथित अपराध की तुरंत जांच करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। ऑस्ट्रेलिया में उपरोक्त अदालती मामले के निष्कर्ष पर दोषी पाए जाने पर उक्त खिलाड़ी को दंडित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गुणथिलाका को सिडनी में कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

हर कोई भारत और पाक के बीच फाइनल देखना चाहेगा : वॉटसन

सिडनी, 7 नवंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान रोमांच अपनी पराकाष्ठा पर होता है और यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला देखना चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान ठ्ठुप चरण में मेलबर्न क्रिकेट ठ्ठाउंड (एमसीजी) पर एक दूसरे का सामना कर चुके हैं जिसमें विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक पारी खेली थी। अब यह दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं और ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबले के कयास लगाए जा रहे हैं।

भारत गुरुवार को एडिलेड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि पाकिस्तान का मुकाबला सिडनी में इससे एक दिन पहले न्यूजीलैंड से होगा। प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वॉटसन ने कहा,'' हर कोई पाकिस्तान और भारत को फाइनल में देखना पसंद करेगा। मैं दुर्भाग्य से एमसीजी में सुपर 12 के उस मैच को नहीं देख पाया था क्योंकि मैंने उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के मैच की कमेंट्री की थी।''

उन्होंने कहा,'' लेकिन मैंने जो रिपोर्ट पढ़ी और उस मैच को देखने वाले लोगों से सुना, उनके अनुसार यह मैच विशेष था और इसे टीवी पर देखने का भी अलग आनंद था। वे 2007 में टी-20 विश्वकप के फाइनल में खेले थे और हर कोई उन्हें फिर से फाइनल में खेलता हुआ देखना पसंद करेगा।''

कतर के कानूनों से घबरा रहे फुटबॉलर

पेरिस, 7 नवंबर। कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले फुटबॉल के महाकुंभ फीफा विश्व कप की तैयारियां जारी हैं। स्टेडियम पूरी तरीके से सजाए चुके हैं और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए होटल मैं पक्के इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बीच फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और महासचिव फातमा समौरा ने टीमों से अपील की है कि वे कतर में होने वाले विश्व कप 2022 के दौरान फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही हर तरह की वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई में न उलझें। फीफा ने विश्व कप 2022 की टीमों को एक पत्र लिखा है जिसके अनुसार फुटबॉल को वैचारिक या राजनीतिक लड़ाई में घसीटने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। हमें तमाम तरह की नैतिकता आदि की बहस में उलझने की बजाय प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित करने का आठाह किया है।

बता दें कि फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो और संगठन के महासचिव फातमा समौरा ने टूर्नामेंट के दौरान एथलीटों के लिए के सिक्योरिटी की बढ़ती मांग के जवाब में यह पत्र लिखा है। खाड़ी देश में बुनियादी ढांचे का निर्माण करने वाले कम वेतन वाले प्रवासी मजदूरों के दुख की बातें और सेम सेक्स संबंधी मामलों को क्राइम बताने वाले कानूनों की वजह से फीफा विश्वकप 2022 प्रभावित हुआ है। इन्फेंटिनो और समौरा ने लेटर लिखा कि कृपया अब फुटबॉल पर ध्यान दें। स्काई स्पोर्ट्स ने यह लेटर सार्वजनिक किया है। फीफा ने लेटर के माध्यम से कहा है कि हम जानते हैं कि दुनियभर में कई तरह का पॉलिटिकल चुनौतियां हैं और फुटबॉल भी उससे अछूता नहीं है। विश्व फुटबॉल संगठन ने टीमों से यह अपील की है कि फुटबॉल को इन वैचारिक और राजनैतिक लड़ाई में घसीटने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। कतर में कानून कितने कड़े हैं कि सभी खिलाड़ी वहां के कानूनों से डरे हुए हैं।

भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर रह सकते है चोटिल मलान

एडिलेड, 7 नवंबर। इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने कहा है कि उनके साथी और बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान भारत के खिलाफ यहां 10 नवंबर को होने वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं।

बीबीसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्व के पूर्व नंबर एक टी20 बल्लेबाज मलान को श्रीलंका के विरुद्ध इंग्लैंड के आखिरी सुपर-12 मैच के दौरान ग्रोइन की चोट आई थी। मलान ने चोट की वजह से बल्लेबाजी भी नहीं की थी। इस मैच में इंग्लैंड ने चार विकेट की जीत दर्ज की थी।

बीबीसी ने मोईन के हवाले से कहा, जाहिर तौर पर मलान एक बड़े खिलाड़ी हैं। कई वर्षों से वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। मुझे नहीं पता, लेकिन सच कहूं तो स्थिति बहुत अच्छी नहीं लग रही है। कल उनका स्कैन हुआ था। हम अभी बहुत कुछ नहीं जानते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि स्थिति बहुत अच्छी है।

मोईन ने कहा यदि मालन भारत के खिलाफ नहीं खेलते तो फिलिप साल्ट एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। बल्लेबाजी क्रम में हालांकि नंबर तीन की भूमिका निभाने के लिए बेन स्टोक्स पसंदीदा खिलाड़ी हैं।

आईसीसी ने कोहली को चुना अक्टूबर का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, 7 नवंबर। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अक्टूबर में शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आईसीसी की ओर से महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोहली ने अपने करियर में पहली बार यह खिताब जीतने के लिये ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को पछाड़ा। भारत के 33 वर्षीय बल्लेबाज ने इस माह के दौरान केवल चार मैच खेलकर क्रिकेट जगत को तीन यादगार पारियां दीं, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई 82 रन की पारी भी शामिल है।

कोहली ने 23 अक्टूबर को टी20 विश्व कप 2022 में भारत के पहले मुकाबले में 53 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की बदौलत नाबाद 82 रन की करिश्माई पारी खेलकर पाकिस्तान से जीत छीन ली थी। पाकिस्तान ने भारत को 160 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने आखिरी गेंद पर हासिल किया। एक समय भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 31 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे, लेकिन कोहली ने हार नहीं मानी और हार्दिक पांड्या (40) के साथ 113 रन की साझेदारी कर भारत को विजय की दहलीज तक पहुंचाया। कोहली ने मैच के बाद यह भी स्वीकार किया कि यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी।

कोहली ने आईसीसी की ओर से पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मेरे लिए अक्टूबर का आईसीसी सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना जाना बहुत सम्मान की बात है। दुनियाभर के प्रशंसकों और पैनल द्वारा चुने जाना इस पुरस्कार को और भी खास बना देता है। कोहली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से पहले गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टी20 मैच में 28 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाये थे। इसके बाद उन्होंने टी20 विश्व कप में नीदरलैंड पर भारत की जीत में भी 44 गेंदों पर 64 रन का योगदान दिया था।

कोहली ने कहा, मैं अन्य नामांकित व्यक्तियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने महीने के दौरान इतना अच्छा प्रदर्शन किया और मेरे साथियों को भी, जो मेरी क्षमता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेरा समर्थन करना जारी रखते हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर और पुरस्कार देने वाले पैनल के सदस्य डेरेन गंगा ने कहा, कोहली सर्वोत्कृष्ट बल्लेबाज हैं। उन्होंने बल्ले से एक खराब दौर से उबरने के लिए अपार क्षमता दिखाई। अक्टूबर में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 49 रन बनाने के बाद टी20 विश्व कप में दो अर्धशतक जड़े। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ उस शानदार पारी को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। मैंने इसे मेलबर्न में लाइव देखा और इस तरह की स्थिति में ऐसा प्रदर्शन करने की क्षमता महान खिलाड़ियों में ही होती है।

अदालत ने बलात्कार के आरोपी गुणथिलका को जमानत देने से इंकार किया

सिडनी, 7 नवंबर। टी20 विश्व कप के दौरान एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए गए श्रीलंकाई क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका को सोमवार को एक स्थानीय अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया।

गुणथिलका ने स्थानीय अदालत के सरी हिल्स विभाग में एक वीडियो लिंक के जरिए सुनवाई में भाग लिया। इकतीस वर्ष के गुणतिलका को रविवार को तड़के गिरफ्तार किया गया था। दो नवंबर को एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के मामले की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई में वर्चुअल उपस्थिति के दौरान गुणतिलका को हथकड़ी पहनाई गई थी। उसने सफेद रंग की टीशर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके वकील आनंद अमरनाथ ने सुनवाई के दौरान जमानत की अर्जी दी थी लेकिन मजिस्ट्रेट रॉबर्ट विलियम्स ने जमानत देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में अमरनाथ के हवाले से कहा गया है,'' निश्चित तौर पर हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालने पर विचार कर रहे हैं और यह जितना संभव हो उतनी जल्दी किया जाएगा। निश्चित तौर पर वह निराश होगा।''

अमरनाथ ने कहा की वह जानते हैं कि उनकी टीम के कुछ अधिकारी अभी ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि गुणतिलका का ऑस्ट्रेलिया में परिवार नहीं है। गुणतिलका पहले दौर में नामीबिया के खिलाफ खेला था और वह खाता खोले बिना आउट हो गया था। इसके बाद वह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। श्रीलंकाई टीम ने सुपर 12 चरण के लिये क्वालीफाई किया लेकिन गुप एक में चौथे स्थान पर रही। स्थानीय मीडिया के अनुसार गुणतिलका और महिला ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए पिछले कई दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे। इस खिलाड़ी को स्थानीय समयानुसार तड़के एक बजे सिडनी के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। उस समय श्रीलंका की टीम स्वदेश जाने के लिए छह बजे की उड़ान पकड़ने के लिए हवाई अड्डा रवाना होने की तैयारी कर रही थी।

श्रीलंका सरकार ने श्रीलंका क्रिकेट को तत्काल जांच करने के आदेश दिए हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने भी स्पष्ट किया कि यदि इस खिलाड़ी को दोषी पाया जाता है तो वह उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। गुणतिलका का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले 2021 में इंग्लैंड दौरे में अपने साथी कुसाल मेंडिस और निरोशन डिकवेला के साथ टीम के जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन करने के कारण श्रीलंका बोर्ड ने उसे एक साल के लिए निलंबित कर दिया था।

रबर बॉल से विकेट के पीछे खेलना सीखा : सूर्यकुमार

एडिलेड, 7 नवंबर। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को बताया कि उन्होंने बचपन में रबर बॉल से खेलते हुए विकेट के पीछे शॉट लगाना सीखा है। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई की ओर से जारी एक वीडियो में अश्विन के साथ बातचीत में कहा, मैं अपने शुरुआती दिनों में दोस्तों के साथ घर के पास रबर की गेंद से क्रिकेट खेलता था। वह 17-18 गज की पिच पर दौड़कर रबर की गीली गेंद फेंका करते थे। यह शॉट वहीं से आए हैं, मैं नेट में इनका अभ्यास नहीं करता।

सूर्यकुमार ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर-12 मुकाबले में भी अपनी चौतरफा बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों पर 61 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे।

सूर्यकुमार ने कहा, सामने की बाउंड्री 80-85 मीटर की होती हैं। यहां (ऑस्ट्रेलिया में) दाएं-बाएं की बाउंड्री भी करीब 70 मीटर की हैं। सिर्फ विकेट के पीछे ही 60-65 मीटर की छोटी बाउंड्री है। मैं इसके साथ प्रयोग करने का प्रयास करता हूं।

उन्होंने कहा, मैं प्रारूप के अनुसार खेलने का प्रयास करता हूं। यह आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैं कोशिश करता हूं कि हर गेंद पर रन बना सकूं। अगर मुझे पहली ही गेंद पर अवसर मिले तो मैं रन बनाने की कोशिश करूंगा। यह सूर्यकुमार का पहला ऑस्ट्रेलियाई दौरा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी इस सत्य को नकारती है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों और उछाल भरी पिचों पर जहां कई बल्लेबाज रन बनाना भूल जाते हैं, वहीं सूर्यकुमार पांच मैचों में 75 की औसत से 225 रन बना चुके हैं, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया में खेलने के बारे में कहा, घर पर (भारत में) मैंने बड़े मैदानों पर खेलना पसंद किया है। हम जब वानखेड़े में प्रयास करते हैं तो वहां की पिचों पर भी अच्छा उछाल होता है। पिच क्यूरेटर अभ्यास के लिये तेज पिचे बनाते हैं। हां, वहां के मैदान इतने बड़े नहीं हैं, लेकिन मैं उछाल भरी पिचों पर खेलना पसंद करता हूं। यह मेरे लिये परेशानी का कारण नहीं रहा है।

सूर्यकुमार ने जहां तेजी से रन बनाकर मध्य ओवरों में भारतीय पारी को गति प्रदान की है, वहीं उन्होंने टूर्नामेंट में कुछ अच्छे कैच भी लपके हैं। उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ भारत की पांच रन की जीत में अफ़ीफ़ हुसैन का कैच लपका था, जबकि ज़िम्बाब्वे के विरुद्ध मुकाबले में सूर्यकुमार ने सिकंदर रज़ा को कैच आउट किया।

सूर्यकुमार ने अश्विन के एक सवाल के जवाब में कहा, जब हम अभ्यास सत्र के लिये जाते हैं तो फ्लडलाइट्स के नीचे कैच पकड़ने की कोशिश करते हैं। हम फील्डिंग कोच के साथ काफी समय बिताते हैं जो मैच के दौरान फायदेमंद साबित होता है।

विराट कोहली (246) के बाद टी20 विश्व कप 2022 में भारत के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले सूर्यकुमार ने सेमीफाइनल तक के सफर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का सामना गुरुवार को एडिलेड ओवल में इंग्लैंड से होगा।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहित पहली अनुसूची संख्यांक 4

न्यायालय अपर सिविल जज क्र.स.17 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर, जयपुर

श्रीमति परमजीत कौर विरूद्ध श्री कुलदीप सिंह उर्फ राजू वगै.

वाद/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा

प्रार्थना-पत्र संख्या 377 सन् 22

नाम (1) श्री कुलदीप सिंह उर्फ राजू पुत्र स्व.श्री सतनाम सिंह आयु 47 वर्ष, निवासी सरदार कॉलोनी गुरूद्वारे के पीछे गोनेर रोड, जयपुर-29, (2) श्रीमती रणजीत कौर पत्नी श्री नानक प्रकाश सिंह पुत्री स्व.सतनाम सिंह आयु 46 वर्ष निवासीनी एफ-70 विष्णु गॉर्डन नई दिल्ली-110013

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि.09 माह 11 सन् 2022 को 10.00AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता.09 माह 11 सन् 22 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञा से रीडर-अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश, क्रम सं.-17 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय अपर सिविल जज क्र.सं. 17 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर, जयपुर

श्रीमती परमजीत कौर विरूद्ध श्री कुलदीप सिंह उर्फ राजू वगै.

वाद बाबत-स्थायी निषेधाज्ञा

वाद सं. 346/सन् 2022

(1) श्री कुलदीप सिंह उर्फ राजू पुत्र स्व. श्री सतनाम सिंह आयु 47 वर्ष निवासी-सरदार कालोनी, गुरूदारे के पीछे गोनेर रोड, जयपुर-29 (2) श्रीमती रणजीत कौर पत्नि श्री नानक प्रकाश सिंह पुत्री स्व. श्री सतनाम सिंह आयु 46 वर्ष निवासिनी- एफ-70 विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110013

वादी ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 09 माह 11 सन् 2022 को दिन में 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 02 माह 11 सन् 22 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत

अपर सिविल न्यायाधीश क्र.सं. 17 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर, जयपुर

वर्ष 2018 में जब लॉस एंजलिस के पश्चिम में वूलसी वाइल्डलाइफ फायर का आतंक फैला तो वहाँ रहने वाली कई नाम चीन हस्तियों को बचाकर निकाला गया। इनमें से माइली सायरस, जैरार्ड बटलर और नील यंग जैसी हॉलीवुड हस्तियों के घर तो पूरी तरह जल गए थे। चार साल बाद इनमें से अधिकांश हस्तियाँ फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो गई हैं, पर यहां के कई निवासी अब भी उस आग का दुष्परिणाम झेल रहे हैं, इनमें प्रमुख हैं कूगर। लॉस एंजलिस (एल.ए.) के आस-पास माउन्टेन लायन (कूगर) को ट्रैक कर रहे वैज्ञानिकों ने पाया कि, पहले से ही जगह की कमी झेल रहे और परिणामस्वरुप सड़कों पर आवागमन के लिए बाध्य इन बड़े जानवरों ने वूलसी फायर के बाद और अधिक खतरे उठाने शुरु कर दिए हैं। वैज्ञानिकों ने जी.पी.एस. कॉलर्स की मदद से सैंटा मोनिका पहाड़ियों में लगी आग से पहले और बाद की, कूगर की गतिविधियों की तुलना की तो पता चला कि इन जानवरों ने आधे से ज्यादा अपने वो पूर्व आवास त्याग दिए हैं जहां आग लगी थी। इस घटना के बाद से ये अब और ज्यादा खतरा उठाने लगे हैं, जैसे हाइवे क्रॉस करना, दिन दहाड़े खुले आम घूमना आदि। इससे, इन जानवरों के दुर्घटना ग्रस्त होने और मरने का खतरा बढ़ गया है। विश्व के बड़े शहरों में सिर्फ एल.ए. और मुम्बई ही हैं, जहां बिगकैट्स शहर की सीमा के भीतर रहते हैं। नैशनल पार्क सर्विस व इसके सहयोगी दो दशकों से कैलिफोर्निया की सैंटा मोनिका पहाड़ियों के आस-पास तथा सैंटा सुज़ैनास व सैंटा एना में रहने वाले कूगर का अध्ययन कर रहे हैं। लगभग 1.8 करोड़ लोगों के समीप रहना वैसे भी कूगर के लिए गंभीर खतरा है। सैंटा मोनिका पहाड़ियों का एक क्षेत्र, जो यू.एस. हाइवे 101 के दक्षिण में है, वहां 8 नर कूगर रहते हैं, जबकि यह क्षेत्र एक या दो कूगर के रहने योग्य ही है। ऐसी छोटी जगहों में कूगर का आपसी टकराव बहुत बड़ा खतरा है और अल्प वयस्क कूगर की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। यहाँ पर पूर्ण वयस्क कूगर द्वारा वयस्क मादा व उसके शावकों को मार डालने की कई घटनाएं हुई हैं। भारी यातायात वाली सड़कों की वजह से इनके प्राकृतिक आवास विखंडित हैं। अगर यही स्थिति जारी रही तो स्थानीय आबादी लुप्त हो जाएगी। एक शोध में सैंटा मोनिका व सैंटा एना पहाड़ियों के कूगर में अन्तः प्रजनन के चिंताजनक संकेत भी मिले, जिसकी वजह से कुछ कूगर में विकृयिां पाई गई हैं। नई रिसर्च के अनुसार वूलसी फायर ने पहले से संकट ग्रस्त कूगर आबादी के लिए संकट और बढ़ा दिया है।

'कोटपूतली नगर परिषद के अफसरों के खिलाफ कार्यवाही क्यों ना की जाये?'

राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद द्वारा बिना नोटिस दिये मकान और दुकान को ध्वस्त करने से जुड़ी एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा से जवाब तलब किया

- **जैसा कि विदित है कि हाईकोर्ट ने 25 फरवरी को याचिकाकर्ता को राहत देते हुए नगर परिषद को आदेश दिये थे कि वह एक माह में संबंधित पार्टियों को नोटिस दे और उनकी आपत्तियों की सुनवाई करे तथा उसके बाद ही कोई कार्यवाही करे।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि, नगर परिषद ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार कोई भी नोटिस नहीं दिये और अगस्त माह में उनका घर 25 फीट तक तोड़ दिया।**

जयपुर, 7 नवम्बर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में कोटपूतली नगर परिषद द्वारा सरदार स्कूल रोड के पास शनि मंदिर के समीप की दुकानों और मकानों में तोड़फोड़ करने से संबंधित एक मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश एम.एन. श्रीवास्तव तथा मनोज भारवानी की खंडपीठ ने कोटपूतली नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा को नोटिस जारी किये हैं और उनसे जवाब मांगा है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों ना की जाये?

इस मामले में याचिकाकर्ता हरि प्रसाद शर्मा की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोहरा पेश हुए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि दिसम्बर माह में तत्कालीन नगर पालिका ने उसे व कई अन्य को नोटिस दिया था कि सड़क पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को हटा लिया जाये, जबकि याचिकाकर्ता ने कभी भी किसी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया और अपने ही स्वामित्व की जमीन पर काबिज था।

फिर भी याचिकाकर्ता का मकान नगर पालिका ने अगस्त में बिना नोटिस दिए 25 फीट तक तोड़ दिया और इसमें कानूनी प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया।

याचिकाकर्ता ने जनवरी माह में नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था क्योंकि प्रशासन ने ऐसा माहौल बनाया हुआ था कि उक्त क्षेत्र में कई मकानों का ध्वस्त किया जाएगा। इसी मामले में याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष भी अपील दायर की थी ताकि उन्हें नगर परिषद द्वारा किसी भी कार्यवाही के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा के रुप में स्टे मिल सके।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 25 फरवरी 2022 को याचिकाकर्ता को राहत देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता तथा अन्य संबंधित मामलों में नगर परिषद नये नोटिस जारी करे और एक माह में उनकी आपत्तियां सुनकर उनका निस्तारण करके ही आगे कोई कार्यवाही करे।

अदालत ने कहा था कि सभी संबंधित मामलों में दुकानदारों व मकान मालिकों को नगर परिषद के किसी भी फैसले को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती देने के लिये 15 दिन का समय भी दिया जाता है।

याचिकाकर्ता हरिप्रसाद शर्मा का कहना है कि नगर परिषद ने हाईकोर्ट के 25 फरवरी को दिये गये फैसले की अवहेलना करते हुए उन्हें कभी कोई नोटिस नहीं दिया और ना ही सुनवाई की और उनके मकान को 25 फीट अंदर तक तोड़ दिया। जिसकी अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किये।

जालोर में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विभिन्न भागों से प्रवासी पक्षियों का भारत की और आना प्रारंभ होता है। हजारों किलोमीटर की लंबी दुर्गम सुदूर यात्रा कर यह पक्षी भारत आते हैं।

तालाब पानी के आस-पास रहने वाली कई पक्षी-प्रजातियाँ केवल छिछले पानी में पाई जाती हैं। इस दृष्टि से सुन्देलाव तालाब अत्यंत अनुकूल है। तालाब के कई हिस्सों में आधा फुट से कम पानी है। ऐसे हिस्सों को वैटलैंड भी कह सकते हैं। इसलिए, इसके आस-पास पर्याप्त जैव-विविधता है। अमूर फाल्कन का अपनी यात्रा के दौरान यहाँ रूकना एक शुभ संकेत है। तालाब का प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखने के लिए इसे कचरे और मानवीय हस्तक्षेप से बचाने की आवश्यकता है।

तेलंगाना के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रवृत्ति भी दिखाई दी है कि भाजपा ऐसा कोई उपचुनाव नहीं जीत पाई है, जो उसने राज्य पर जबरदस्ती थोपा है। इस विधानसभा सीट के कांग्रेस विधायक से भाजपा ने पार्टी तथा इस सीट से इस्तीफा दिलाकर, यह सीट खाली कराई थी। इस प्रकार, यह चुनाव वस्तुतः राज्य पर भाजपा द्वारा थोपा गया चुनाव था तथा टी.आर.एस. ने भाजपा के इस षडयंत्र को जनता के सामने खोलकर रख दिया था। लेकिन भाजपा इस रूप में जरूर अपनी योजना में कामयाब रही कि उसने कांग्रेस के इस ताकतवर विधायक को उससे दूर करके, पहले ही कमजोर हो चुकी कांग्रेस को और भी कमजोर कर दिया।

भाजपा की चालाकी और चालबाजी का उसी की भाषा में जवाब देने के लिये, टी.आर.एस. ने भी एक खेल खेला। उसने अपने विधायकों को कथित रूप से खरीदे जाने का आरोप भाजपा पर लगा डाला तथा इस प्रकार इस उपचुनाव में, अवधारणा निर्मित करने की युक्ति और लड़ाई भी अस्तित्व में आई।

टी.आर.एस. और तेलंगाना सरकार ने अपनी पूरी ताकत प्रचार-प्रसार एवं दुष्प्रचार में लगाते हुये, भाजपा पर सीधे प्रहार किये तथा चुनाव से एक दिन पूर्व राजनैतिक स्टंट और धन बल के खुले खेल के सहारे इस उपचुनाव में, मामूली अंतर से ही सही, कामयाबी हासिल कर ली।

10,000 वोटों के मामूली अंतर से मिली इस जीत में, कांग्रेस का बड़ा योगदान रहा। कांग्रेस को महसूस हो गया गया था कि वह इस सीट को जीतने की स्थिति में नहीं है तथा इसलिये अपना ध्यान भाजपा को हराने पर अपने दलबदलू नेता, भाजपा प्रत्याशी राजगोपाल रेड्डी को सबक सिखाने पर ध्यान केन्द्रित किया।

जहाँ तक सत्तारूढ़ टी.आर.एस. का प्रश्न है, मुनुगोड उपचुनाव का परिणाम उसे झकझोर कर जगाने का काम करेगा।

यह परिणाम साफ इशारा कर रहा है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा आम चुनावों में होने वाली लड़ाई किस किस्म की तथा किस रूप में होगी। उन चुनावों में, टी.आर.एस. को एक कृत संकल्प भाजपा से लड़ना होगा, जो राज्य में दिन-पर-दिन आगे बढ़ती जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"भेदभाव के संवैधानिक रूप से निषिद्ध स्वरूपों" के समान है।

कापू, जाट, मराठा या पाटीदार सहित विभिन्न समुदायों की आरक्षण की माँगे अब तक इसी आधार पर खारिज की जाती रही है कि 50 प्रतिशत कोटा की सीमा का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। आने वाले दिनों में, इन माँगों के पुर्नजीवित संभावना है।

- **पर, जैसा कि, माना जाता है, असल में ओ.बी.सी. समुदाय की जनसंख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा है, अतः अगर जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देना तय किया जायेगा, तो ओ.बी.सी. को ही शिक्षा व रोजगार में दिया जा रहा 27 प्रतिशत का आरक्षण बढ़ाने की मांग जोरों से उठेगी।**

ब्रिटिश शासनकाल में भी एस.सी./एस.टी. को उनकी जनसंख्या के अनुपात के अनुरूप आरक्षण दिया जाता था। लेकिन मंडल आयोग की सिफारिशों के अनुसार, ओ.बी.सी. को केवल 27 प्रतिशत आरक्षण ही दिया गया, जबकि अनधिकृत अनुमानों के अनुसार, ओ.बी.सी. भारत की कुल जनसंख्या के 50 प्रतिशत से ज्यादा है। स्वतंत्र भारत में, जातिगत जनगणना जैसी कोई चीज नहीं हुई। अंतिम जातिगत गणना बहुत पहले 1931 में हुई थी।

सर्वोच्च न्यायालय के आज के फैसले के साथ ही, इस बात की पूरी संभावना है कि ओ.बी.सी. नेता एवं समुदाय, अपनी जनसंख्या के हिसाब से शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिये जाने की माँग के आंदोलन पुनः शुरु एवं तेज कर देंगे। सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपनी अर्ज़ी में, केन्द्र सरकार ने ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी की संख्या का अनुमान तथा ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी के आरक्षण के पात्र लोगों के बारे में तय की गई अपनी रणनीति के बारे में जानकारी नहीं दी है। इसलिये, ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी की आरक्षण-व्यवस्था के क्रियान्वयन में समस्या होने की संभावना है।

50 पाक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पचास लोगों का एक जत्था कल रात जम्मू तवी एक्सप्रेस के जरिये बड़ी संख्या में पाक विस्थापितों के पहुंचने की सूचना मिलते ही सीआईडी की एक टीम रेलवे स्टेशन पहुंच गई। इस टीम ने सभी को एक तरफ बैठा दो घंटे तक पूछताछ की। इस पूछताछ में सामने आया कि ये लोग पाकिस्तान से धार्मिक वीजा के आधार पर वाघा बॉर्डर से अटारी पहुंचे। अटारी से हरिद्वार जाने के बजाय ये लोग सीधे जोधपुर आ गए। जोधपुर पहुंचने के पीछे इनका तर्क है कि ये लोग यहां पर रहने के लिए आए है। सिर्फ धार्मिक वीजा के नाम पर ही आने की अनुमति मिलती है। ऐसे में इस अनुमति के आधार पर भारत में प्रवेश कर ये लोग जोधपुर आ गए। पाक विस्थापित एक वाहन में सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां चले गए।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में बरसों से धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होने वाले पाक हिन्दू भारत आना चाहते है, लेकिन वीजा मिलना इतना आसान नहीं होता।

भारत में प्रवेश करने के बाद हरिद्वार के अलावा अन्य किसी भी शहर में जाने के लिए एडिशनल वीजा लेना पड़ता है। एडिशनल वीजा मिलने के बाद ही ये लोग उसमें दी गई अनुमति के आधार पर अन्य स्थान पर जा सकते है। इसके बाद ही इन लोगों को लॉग टर्म भारत में रहने का वीजा मिलता है, जिसके आधार पर बाद में तय शर्तें पूरी कर ये लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते है।

बताया जा रहा है कि 36 पासपोर्ट धारकों का एक रिश्तेदार देचू के समीप एक खेत में काम करता है।

ये सभी लोग उसके पास गए है। अन्य 14 पासपोर्ट धारक जोधपुर में अपने एक रिश्तेदार के पास ठहरे है।

आयकर छापे में तीन व्यापारियों के पास 70 करोड़ रू. की अघोषित संपत्ति मिली

- **सबसे ज्यादा, 52 करोड़ रूपये नोखा के झंवर ग्रुप के पास मिले।**
- **बीकानेर के व्यापारी जुगल राठी के यहां दस करोड़ और धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित रकम मिली।**

बीकानेर, 7 नवम्बर (कासं)। बीकानेर जिले के तीन व्यापारियों के चालीस ठिकानों पर हुई छापेमारी की कार्रवाई में आयकर विभाग को करीब 70 करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है।

इसमें सर्वाधिक 52 करोड़ रूपये की अघोषित आय नोखा के श्रीनिवास झंवर के यहां मिली है। जबकि बीकानेर के व्यापारी जुगल राठी के यहां दस करोड़ और धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है। छानबीन पूरी होने के साथ ही अधिकारी वापस लौट गए हैं लेकिन जांच में ये अघोषित आय घट भी सकती है और बढ़ भी सकती है।

आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार दिन तक लगातार छापेमारी करते हुए रिकॉर्ड्स एकत्रित किए। इस दौरान बैंकों में लॉकर भी व घरों में यहां-वहां एक-एक कागज को खंगाला गया। तीनों व्यापारियों के करीब चालीस ठिकानों पर हुई कार्रवाई में अघोषित संपत्ति का पता लगाया गया। सबसे ज्यादा नोखा के व्यापारी श्रीनिवास झंवर के आवास व ऑफिस में मिला।

इस दौरान कई जमीनों के कागजात भी आयकर विभाग ने कब्जे में लिए हैं। वहीं नकद राशि, जेवरात भी रिकॉर्ड पर लिए गए हैं। श्रीनिवास झंवर और उनसे जुड़े दस लोगों के यहां रिकॉर्ड की छानबीन की गई। नोखा में इनकम टैक्स की कार्रवाई में ये सबसे बड़ी अघोषित आय मानी जा रही है।

बीकानेर के दो व्यापारियों जुगल राठी और धनपत चायल के यहां भी कार्रवाई पूरी हो गई है। दोनों व्यापारियों के घर और ऑफिस के अलावा उनसे जुड़े करीब तीस ठिकानों पर एक साथ सर्च शुरू की गई।

इस दौरान जुगल राठी के यहां दस करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है, जबकि धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित आय मिलने की सूचना है। आयकर विभाग ने दोनों व्यापारियों के यहां से जो कागजात लिए हैं, अब उनकी छानबीन की जायेगी।

मु.मंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली, 7 नवंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग और खनन पट्टा हासिल करने के आरोपों पर सोमवार को राहत का फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मुख्यमंत्री सोरेन को उनकी और राज्य सरकार की अपील पर राहत दी। पीठ ने मुख्यमंत्री सोरेन पर मुखौटा (शेल) कंपनियों के सहारे मनी लॉन्ड्रिंग और खुद के लिए एक खनन पट्टा हासिल करने के आरोपों के संबंध में दायरा जनहित याचिकाओं को सुनवाई योग्य करार देने के झारखंड उच्च न्यायालय के एक फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ की ओर न्यायमूर्ति धूलिया ने यह फैसला सुनाया। मुख्यमंत्री सोरेन ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने के उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

कांग्रेस पार्टी और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैण्डल पर प्रतिबंध लगा

- **फिल्म के.जी.एफ. चैप्टर-2 फेम म्यूजिक कंपनी ने कांग्रेस के खिलाफ बैंगलुरु की एक कर्मशियल कोर्ट में बिना इजाज़त के फिल्म का म्यूजिक एवं गाने इस्तेमाल करने की शिकायत की थी।**

बैंगलुरु, 7 नवम्बर। बैंगलुरु की एक अदालत ने कांग्रेस पार्टी और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैण्डल को अस्थाई रुप से ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर केजीएफ चैप्टर 2 फेम एमआरटी म्यूजिक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया। दरअसल कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित एक वीडियो तैयार किया था। म्यूजिक लेबल का दावा है कि, उनकी फिल्म के गानों का इस वीडियो के लिए इस्तेमाल किया गया है, जबकि इसके सभी म्यूजिक राइट्स उनके पास हैं।

बैंगुलुरु की एक कमर्शियल कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके आंदोलन भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल को अस्थाई रूप से ब्लॉक किया जाए। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अगर साउंड रिकॉर्ड्स के अवैध इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया गया तो इससे म्यूजिक लेबल को नुकसान होगा और बड़े पैमाने पर पाइरेसी को बढ़ावा मिलेगा।

कोर्ट ने आगे कहा, 'शिकायतकर्ता ने विशेष रूप से सीडी पेश की और अवैध रूप से इस्तेमाल किए गए गानों के संस्करण के साथ मूल गाने को दिखाया।

कोर्ट के समक्ष प्रथम दृष्टया यह स्थापित होता है कि अगर इसे बढ़ावा दिया जाता है तो वादी को सिनेमैटोग्राफी, फिल्मों, गीतों, संगीत एल्बम को प्राप्त करने के लिए बिजनेस में नुकसान होगा। साथ ही आगे भी पाइरेसी को प्रोत्साहन मिलेगा।'

दक्षिण भारत जायेंगे मोदी

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अपने दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण दौरे के लिए रवाना होने वाले हैं। वे गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के बीच ही चार दक्षिण भारतीय राज्यों की यात्रा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी जिन राज्यों में जाएंगे, वह कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हैं। जानकारी के मुताबिक, वे 11 नवंबर को कर्नाटक और तमिलनाडु जाएंगे।

इसके बाद 12 नवंबर को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री शुक्रवार 11 नवंबर को सुबह 09:45 बजे केएसआर रेलवे स्टेशन बैंगलुरू पर वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन करेंगे।

हमलावर की गोली से घायल इमरान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर दी हैं।

इमरान के प्रचार-अभियान के दो प्रमुख आधार या मुद्दे हैं। पहला मुद्दा यह है कि अमेरिका उन्हें पाकिस्तान की सत्ता से बाहर रखना चाहता है तथा यही कारण है कि उन छोटे-मोटे दलों के अलावा सभी बड़े राजनैतिक दल, जैसे- पाकिस्तान पीपुल पार्टी तथा मुस्लिम लीग-उनका विरोध कर रही हैं।

पी.टी.आई. तथा अमेरिका के बीच विरोध उस समय शुरू हुआ, जब इमरान खान ने अफगान-युद्ध में अमेरिका तथा नाटो ताकतों को पारगमन सुविधाएं (ट्रांज़िट फैसिलिटीज) देते रहने से इनकार कर दिया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद, इमरान ने यह बयान दिया था कि अफगान-युद्ध 'एक अन्य देश का युद्ध" है। इसलिये, पाकिस्तान इसमें क्यों उलझे।

इसलिये अमेरिका के सामने गम्भीर समस्या खड़ी हो गई थी तथा एक प्रकार से, यह समस्या ही अफगानिस्तान से अमेरिका की अपमानजनक वापसी का एक कारण बन गई थी।

इस सन्दर्भ में, इमरान द्वारा युक्रेन-युद्ध के दौरान भारत की विदेश नीति की मुक्त कंठ से की गई प्रशंसा भी उल्लेखनीय है।

(ज्ञातव्य है कि दोनों ही) पक्ष भारत का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे। इमरान ने भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदते रहने तथा हमले के लिये रूस की निन्दा करने के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के विपक्ष में वोट दिये जाने का विशेष रूप से उल्लेख किया था। इमरान ने उस समय कहा था भारत "एक स्वतन्त्र देश के लिये उपयुक्त स्वतन्त्र विदेश नीति" पर चल रहा है।

पाकिस्तान के सामान्य लोगों ने अफगान युद्ध पर इमरान खान के रूख तथा अपनी "स्वतन्त्र" विदेश नीति पर जमे रहने की कोशिश को सिर-आँखों पर लिया था। इस नीति का सार तत्व यह था कि अमेरिकन सेना द्वारा अमेरिका के रूख का समर्थन किया जाना स्वाभाविक था तथा इसलिये अमेरिकन सेना इमरान का विरोध करती रही, जिसका अन्त इमरान सरकार के गिर जाने के रूप में हुआ।

पाकिस्तानी सेना का एक मात्र उद्देश्य एवं लक्ष्य भारत का विरोध करना रहा है तथा इन्ही प्रयासों के अन्तर्गत, पाकिस्तानी सेना अमेरिका से अत्याधुनिक एवं उन्नत किस्म के हथियारों की माँग करती रहती हैं तथा उनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ करती रहती है। इसका एक उदाहरण, पाकिस्तानी सेना द्वारा एफ-16 जैसा आक्रामक एयरक्राफ्ट प्राप्त करना था।

यहाँ यह भी याद रखा जाना चाहिये कि अमेरिका अभी हाल ही में पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े के महत्वपूर्ण कल-पुर्जो तथा पूरे एयरक्राफ्ट तन्त्र की सप्लाई की मंजूरी दी है क्योंकि डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद तथा उनके कार्यकाल में इससे इनकार कर दिया गया था। ट्रम्प ने पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता तथा पाकिस्तान को दिये जाने वाले अत्यावश्यक उपकरणों बन्द कर दी थी। इमरान की वाशिंगटन जाकर ट्रम्प से भेंट करने की तमाम कोशिशों के बाद भी, ट्रम्प ने उनसे मिलने से इकार कर दिया था।

इमरान को हटाए जाने और शाहबाज शरीफ के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद ही अमेरिका ने एक बार फिर 450 मिलियन डॉलर एफ-16 सपोर्ट प्रोग्राम शुरू किया।

बाइडन सरकार द्वारा इस डील को मंजूरी देने से भारत बहुत नाराज हुआ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस डील की कड़ी निंदा की और वॉशिंगटन में ही इस डील के खिलाफ बयान भी दिया।

इमरान खान की अमेरिका विरोधी नीति ने उन्हें सत्ता से बाहर किया था और इस नीति को जनता का भारी समर्थन मिला है।

सबसे पहले तो अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ अमेरिका के युद्ध को इस्लाम के खिलाफ माना गया और इस बात ने यहां की जनता को बहुत प्रभावित किया।

यही नही दुनिया के अन्य भागों में बसे पाकिस्तानियों ने भी इमरान खान के प्रति भारी समर्थन दर्शाया और इमरान जब सत्ता में थे तो उन्होंने भारी धनराशि भेजी। इमरान के कार्यकाल में ही पाकिस्तान को दुनिया भर के पाकिस्तानियों से सर्वाधिक मदद मिली।

हालांकि इस समय पाकिस्तान में जो गंभीर आर्थिक संकट है उसमें ही इमरान का हित है। पाकिस्तान के पास कर्ज चुकाने का पैसा भी नही है और वह आई.एम.एल. से मदद की आस लगाए है।

अखिलेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के सबसे सीनियर पूर्व छात्रों ने किया। उसके बाद वर्तमान छात्रों ने ही स्कूल बैंड बजाया।

मुख्य आतिथि व सभी मेहमानों ने वर्तमान छात्रों की जम के तारीफ़ की। पूर्व छात्रों ने स्कूल के एक गार्ड रूम का उद्घाटन किया। पूर्व छात्रों ने अपने पुराने दिनों की याद में छोटे-छोटे कार्यक्रम भी आयोजित किए। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने छात्रों को पुरुस्कार दिए। प्राचार्य लैफ्टिनेंट कर्नल श्याम कृष्णा टी. पी. ने भी मुख्य अतिथि अखिलेश यादव को उनके इस क्षण को यादगार बनाने के लिए स्मृति चिन्ह के साथ एक पोस्टर दिया। इस पोस्टर में उनके द्वारा विद्यालय में बिताये गए दिनों के कुछ फोटोज का कोलाज बना हुआ था और उनका आभार व्यक्त किया गया।

अंत में मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और जीवन में अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और एक छात्र के रूप में स्कूल में बिताए अपने दिनों को भी साझा किया।

यूक्रेन व रूस के बीच...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार विविध कार्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग से संबंधित मुद्दो पर चर्चा की जाएगी।

वॉशिंगटन स्थित एक रिसर्च इंस्टीट्यूट-एशियन स्टडीज़ सैन्टर एट द हैरिटेज फाउण्डेशन के निदेशक जैफ एम. स्मिथ ने कहा कि "चूंकि भारत की दोनों पक्षों तक पहुंच है, इसलिए उसे एक संभावित शांति स्थापक के रूप में उत्तरोत्तर देखा जा रहा है। यदि रूस और यूक्रेन एक तटस्थ थर्ड पार्टी मध्यस्थ में अपनी रूचि दर्शाते हैं तो भारत इसके लिए एक मजबूत प्रत्याशी होगा क्योंकि उसे दोनों पक्षों से विश्वसनीयता प्राप्त है।"

एन. वॉय. टी. की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रपति पुतिन से अच्छे संबंध हैं और वह रूस से सीधे बात कर सकते हैं। हालांकि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है और उसके खिलाफ लाए जाने वाले प्रस्तावों का समर्थन करने से इनकार कर रहा है, जिससे यूक्रेन और अमेरिका आक्रोशित हैं, लेकिन भारत का मानना है कि रूस को कोसने से कुछ भी हासिल नहीं होगा, जबकि सार्वजनिक रूप से तटस्थ रहना युद्ध समाप्ति के प्रयासों के लिए उपयोगी हो सकता है।

खबर में बताया गया कि गत सितम्बर माह में उज़बेकिस्तान में आयोजित एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। उन्होने पुतिन से कहा था कि "आज का युग यूद्ध का नहीं है" वह चाहते हैं कि इस पर चर्चा की जाए कि हम शांति के मार्ग पर किस प्रकार से आगे बढ़ सकते हैं। खबर में मोदी को पिछले कई दशकों में भारत के सर्वाधिक सशक्त प्रधानमंत्री की संज्ञा देते हुए कहा गया कि वह भारत की गुटनिरपेक्ष परम्परा को नए सिरे से गढ़ कर सभी के साथ वाली अधिक प्रभावशाली रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और वह दुनिया के सबसे बड़े संकट को हल करने की कोशिश कर रहे हैं जो लगता है कि इतिहास में भारत के महानतन नेताओं में से एक बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के उपयुक्त है।

कूटनीतिज्ञ कहते हैं कि वर्तमान घटनाक्रम का एक अन्य आयाम यह है कि भारत, इज़रायल और यू.ए.ई. द्वारा संयुक्त मध्यस्थता के प्रयास हो सकते हैं। अखबार ने भारत में पूर्व राजदूत रहे कैनथ जस्टर को उद्धृत करते हुए कहा कि इसे एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि "ये तीनों देश एक साथ मिलकर काम कर रहे होंगे और यूक्रेन के साथ विवाद को लेकर संभवतया रूस का रूख करेंगे। यह अन्तर्राष्ट्रीय सिस्टम के लचीलेपन और उसमें आए बदलावों को स्पष्ट करता है।"

कैनथ जस्टर ने आगे कहा कि भारतीय विदेश सेवा में काफी दक्ष राजनयिक हैं, और यदि वे रूस व यूक्रेन के राजी होने पर वार्ताओं में सहयोग का ऑफर देते हैं तो अच्छा होगा।

खबर में बताया गया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारतीयों की प्रशंसा किए जाने के बाद जयशंकर रूस के दौरे पर हैं। गत 4 नवम्बर को रूस के एकता दिवस के मौके पर पुतिन ने कहा था कि "भारत में निः सन्देह इनती क्षमता है कि वह विकास के सन्दर्भ में उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकता है। रूसी भाषा में मूल रूप से दिए गए इस भाषण रॉयटर एजेंसी द्वारा किए गए अंग्रेजी रूपांतरण के अनुसार रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि "भारत विकास के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा, इसमें कोई संदेह नहीं और डेढ़ अरब लोग ही उसकी वह क्षमता हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908